


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 276 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) पौष कृ.12 2079 मंगलवार, 20 दिसंबर 2022

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## चीन लौटने का सवाल ही नहीं : दलाई लामा

तवांग, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश के तवांग में चीन और भारत के सैनिकों के बीच हुई झड़प को लेकर दोनों देशों में तनातनी की स्थिति है। इस बीच तिब्बती बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा और तवांग मठ के संतों की प्रतिक्रिया सामने आई है। दलाई लामा कहना है कि चीन लौटने का तो कोई मतलब ही नहीं है। उन्हें भारत पसंद है। वहीं, तवांग मठ के संतों ने चेतवानी देते हुए कहा कि चीन ध्यान रखे, ये 1962 नहीं, 2022 है। हिमाचल प्रदेश में सोमवार को जब दलाई लामा से तवांग झड़प को लेकर चीन के लिए उनके संदेश के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि चीजें सुधर रही हैं। यूरोप, अफ्रीका और एशिया में चीन ज्यादा फ्लेक्सिबल है, लेकिन चीन लौटने का कोई मतलब नहीं है।

# सावरकर की तस्वीर लगाने पर बवाल

## धरने पर बैठे कांग्रेस नेता



बेंगलुरू, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक विधानसभा के हॉल में वीर सावरकर की तस्वीर लगाने पर बवाल पैदा हो गया है। इसके खिलाफ विपक्ष के नेता सिद्धारमैया व अन्य नेताओं ने विधानसभा के बाहर धरना देकर विरोध प्रकट किया।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष 'भाजपा' चाहता है कि सदन की कार्यवाही नहीं चले, इसलिए वह खुद व्यवधान डालना चाहता है। कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक डीके शिवकुमार ने कहा कि हम सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के कई मामले उठाना चाहते थे, इसलिए वे ये तस्वीर लेकर आ गए और विवाद खड़ा कर दिया। उनका विकास का कोई एजेंडा नहीं है।

**वाल्मीकि, आंबेडकर व पटेल की भी तस्वीरें लगाएं :**

कांग्रेस नेता सिद्धारमैया ने स्पीकर को पत्र लिखकर मांग की कि सदन में वाल्मीकि, बासवन्ना, कनक दास, बी.आर. आंबेडकर, सरदार वल्लभ भाई पटेल व अन्य नेताओं की भी तस्वीरें लगाई जाएं। सिद्धारमैया ने यह भी कहा कि वे यह हमारा विरोध नहीं, बल्कि मांग है कि अन्य समाज सुधारकों की तस्वीरें भी विधानसभा हॉल में लगाई जाएं। स्पीकर ने मनमाने ढंग से सिर्फ सावरकर की तस्वीर लगाई है। उन्होंने कहा, मैं किसी की तस्वीर लगाने के खिलाफ नहीं हूं। राज्य सरकार लोगों का कानून व्यवस्था समेत तमाम असल मुद्दों की ओर से ध्यान हटाने के लिए ऐसे कदम उठाती है।

**सावरकर विवादित शख्सियत :**

इसके पहले कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सावरकर को विवादित शख्सियत बताया था। उनका कहना था कि इस तस्वीर के अनावरण को लेकर मुझे कोई न्योता नहीं दिया गया। ये बीजेपी का एजेंडा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सावरकर महात्मा गांधी की हत्या में शामिल थे। वे एक विवादित शख्सियत हैं। यह कोई पहला मौका नहीं है, जब देश में वीर सावरकर को लेकर विवाद खड़ा हुआ हो। इससे पहले भी कई बार उन्हें लेकर देश में विवाद खड़े हो चुके हैं। हाल ही में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि देश में एक ओर वीर सावरकर हैं और दूसरी ओर महात्मा गांधी के विचारों की लड़ाई है।

**सीमा विवाद को लेकर विरोध प्रदर्शन, धारा 144 लागू :**

इस बीच, महाराष्ट्र एकीकरण समिति और राकांपा के सदस्यों ने अंतर्राज्यीय सीमा विवाद को लेकर आज कर्नाटक-महाराष्ट्र सीमा के पास कोग्नोली टोल प्लाजा पर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद इलाके में धारा 144 लगा दी गई है। पुलिस का कहना है कि सीमा मुद्दे को लेकर पहले से ही वह अलर्ट है।

## छात्र को टीचर ने पीटा, फिर बालकनी से फेंक दिया-मौत

बेंगलुरू, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के एक स्कूल में चौथी क्लास में पढ़ने वाले छात्र की टीचर की पिटाई से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक घटना गडक जिले के हगली गांव के आदर्श प्राथमिक विद्यालय की है। स्कूल में कॉन्ट्रैक्ट टीचर मुथप्पा ने चौथी क्लास के छात्र भरत की फावड़े से पिटाई की, फिर उसे स्कूल की पहली मंजिल की बालकनी से धक्का दे दिया। गंभीर हालत में बच्चे को अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आरोपी टीचर फरार है।

# क्या चीनी अधिकारियों के साथ थे राहुल?

## केंद्रीय मंत्री बोले, राजीव गांधी फाउंडेशन पर दें जवाब



नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर करारा पलटवार किया। उन्होंने कहा, तवांग मसले पर हमसे सवाल करने से पहले राहुल गांधी को राजीव गांधी फाउंडेशन के बारे में जवाब देना चाहिए। ठाकुर ने सवाल किया कि क्या राजीव गांधी फाउंडेशन को चीन से फंडिंग मिलती है। ठाकुर यहीं नहीं रुके उन्होंने कहा, जब भारतीय सेना डोकलाम में चीनी सैनिकों के साथ लड़ रही थी, तब वह क्या राहुल गांधी चीनी अधिकारियों के साथ थे।

**दुनिया को एकजुट कर रही मोदी सरकार :**

अनुराग ठाकुर ने कहा, जब से मोदी सरकार सत्ता में आई है, वह आतंकवाद के खिलाफ दुनिया को एकजुट करने का प्रयास कर रही है। हालांकि, हमारे कुछ पड़ोसी देश आतंकवाद का समर्थन कर रहे हैं और जोर-शोर से इसके पक्ष में बोल रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उनका असली चेहरा सामने आ गया है। ठाकुर ने कहा, मोदी सरकार ने कट्टरपंथ को बढ़ावा देने वाले एक संगठन (पीएफआई) पर प्रतिबंध लगाने में संकोच नहीं किया। उन्होंने कहा, हमने संगठन के खिलाफ गहन जांच की और उसके सदस्यों को गिरफ्तार किया। कट्टरपंथी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

# चीन से फंडिंग पर कांग्रेस ने विदेश मंत्री जयशंकर के बेटे को घेरा

## *पवन खेड़ा ने लगाए गंभीर आरोप*



नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने भारत में चीन की घुसपैठ की कोशिश के मुद्दे पर चुप्पी साधने के लिए और राजीव गांधी फाउंडेशन पर गंभीर आरोप लगाने के लिए भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला बोला।

कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने कहा कि यह सार्वजनिक डोमेन में है कि पैसा राजीव गांधी फाउंडेशन द्वारा लिया गया था। संगठनों को इस तरीके से हर जगह से अनुदान प्राप्त होता है। जिस संगठन के लिए विदेश मंत्री के बेटे काम करते हैं उन्हें चीनी दूतावास से तीन बार अनुदान मिला है। हमने कोई आरोप नहीं लगाया क्योंकि इस तरह धन जुटाया जाता है।

**इस वजह से पवन खेड़ा ने विदेश मंत्री जयशंकर के बेटे को घेरा :**

दरअसल, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन ओआरएफ (जहां जयशंकर के बेटे ध्रुव जयशंकर काम करते हैं) को भारत में चीनी दूतावास से फंडिंग मिली है। खेड़ा ने कहा कि फाउंडेशन की अमेरिका स्थित जिस यूनिट का नेतृत्व विदेश मंत्री के बेटे करते हैं उसे चीनी दूतावास से एक बार, दो बार नहीं, बल्कि तीन बार फंडिंग मिली है। यह हाल ही में हुआ है। सवाल उठता है यह फंडिंग क्यों मिली? इसका क्या कारण है? क्या कारण है कि चीन के मसले पर भारत सरकार बार-बार चुप्पी साधे रखती है? खेड़ा ने कहा कि इंडिया फाउंडेशन के साथ संघ के तमाम लोग जुड़े हैं। फाउंडेशन चीन का इतनी बार दौरा क्यों करता है? चीन के साथ इसका क्या संबंध है?

## अर्जेंटीना की जीत पर पीएम मोदी ने कुछ यूं की तारीफ

नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। फुटबॉल विश्व कप का कल समापन हो गया। कतर में फीफा वर्ल्ड कप के खिताबी मुकाबले ने अर्जेंटीना ने फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर 36 साल का सूखा खत्म किया। अर्जेंटीना ने पिछली बार 1986 में फीफा विश्व कप जीता था, उसके पहले 1978 में। डिएगो माराडोना 1986 फीफा विश्व कप के नायक बनकर उभरे थे। उनकी गिनती इस खेल के महानतम खिलाड़ियों में होती है। अर्जेंटीना को तीसरी बार विश्व विजेता बनाने में लियोनेल मेस्सी का योगदान अहम रहा। इस जीत के साथ ही मेस्सी फुटबॉल के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में शामिल हो गए।

# तवांग क्लैश पर विपक्ष का हंगामा, सरकार से चीन पर चर्चा की मांग

नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू हो गई है। वहीं कार्यवाही शुरू होते ही लोकसभा में विपक्ष ने सरकार से तवांग क्लैश पर चर्चा की मांग कर डाली और हंगामा भी किया। कांग्रेस ने राज्यसभा में तवांग क्लैश पर सदन में चर्चा के लिए नोटिस दिया है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सरकार चीन पर चर्चा ही नहीं करना चाहती।

**चीन हमारी जमीन पर कब्जा कर रहा :**

मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में कहा, वे (चीन) हमारी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। इस मुद्दे पर हम चर्चा नहीं करेंगे तो और क्या चर्चा करेंगे? हम सदन में इस मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हैं। वहीं भारत-चीन सीमा संघर्ष पर चर्चा करने के उनके नोटिस को अस्वीकार किए जाने के कारण संयुक्त विपक्ष ने राज्यसभा से वॉकआउट किया। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी और रंजीत रंजन ने चीन के साथ सीमा की स्थिति पर चर्चा के लिए राज्यसभा में नियम 267 के तहत सस्पेंशन ऑफ बिजनेस नोटिस दिया है। वहीं लोकसभा में कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने चीन के साथ सीमा की स्थिति पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया।

**कश्मीरी पंडितों पर चर्चा करे सरकार :**

वहीं लोकसभा में कांग्रेस ने कश्मीरी पंडितों का भी मुद्दा उठाया। विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा, आज कश्मीरी पंडित कश्मीर छोड़ रहे हैं। आतंकी कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाने के लिए उनके नामों की लिस्ट तैयार कर रहे हैं।

ऐसे में सदन में जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर विस्तृत चर्चा होनी चाहिए। बता दें कि अरुणाचल प्रदेश में 9 दिसंबर 2022 की सुबह लगभग 3 बजे पूर्वी तवांग में यांग्त्से में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प हुई थी। सैन्य सूत्रों के अनुसार उस रात लगभग 300 चीनी सैनिक भारतीय सीमा में आ गए। जिसके बाद भारतीय सैनिकों ने उन्हें पीछे खदेड़ दिया।

# राहुल के सवालों पर विदेश मंत्री ने तोड़ी चुप्पी



नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश के तवांग में चीनी सैनिकों और भारतीय सेना के बीच हुई झड़प के बाद से सियासत गर्म है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार इस मुद्दे को लेकर सरकार पर निशाना साध रहे हैं। अब केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उनके आरोपों पर पलटवार करते हुए चुप्पी तोड़ी है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, चीनी आक्रामकता का जवाब देने के लिए एलएसी पर भारतीय सेना की ओर से अब तक की सबसे बड़ी तैनाती की गई है।

**एकतरफा बदलाव की कोशिश का जवाब देगी सेना :**

एक मीडिया कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा, 2020 के बाद से एलएसी पर चीनी सैनिकों की संख्या बढ़ी है। इसलिए भारतीय सेना ने भी सैनिकों की बड़े स्तर पर तैनाती की है। उन्होंने कहा, चीन द्वारा किसी भी एकतरफा बदलाव की कोशिश का मुकाबला करने के लिए हमारी सेना तैनात है। यह भारतीय सेना का कर्तव्य भी है।

**राहुल का दावा विश्वसनीय नहीं**

विदेश मंत्री ने कहा, चीन मुद्द को लेकर भारत सरकार गंभीर है और राहुल गांधी का दावा विश्वसनीय नहीं है। दरअसल, हाल ही में राहुल गांधी ने कहा था कि भारत-चीन सीमा पर मौजूदा हालात बहुत गंभीर हैं। हाल में जो हुआ, वह एक सिर्फ झड़प नहीं थी, बल्कि चीन पूर्ण युद्ध की तैयारी कर रहा है।

**हर चीज भगवा : कपिल सिब्बल**

नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। जाने माने वकील और राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल मानते हैं कि मौजूदा दौर में सारा सिस्टम भगवा रंग में रंग चुका है। वो नहीं चाहते कि अदालतों का रंग भी ऐसी ही दिखे। सिब्बल ने ये बात कॉलेजियम सिस्टम को लेकर कही। उनका कहना था कि सरकार न्यायपालिका पर कब्जा करना चाहती है। उधर पूर्व जज अरविंद पी दतार ने भी कुछ ऐसी ही बातें कहीं। सिब्बल ने कहा कि आज बात चाहे इनकम टैक्स की हो या फिर ईडी और सीबीआई की। यूनिवर्सिटीज की बात हो या फिर दूसरे सरकारी तंत्रों की। सभी पर सरकार के अपने लोग काबिज हैं। सरकार ने सारे सिस्टम को भगवा रंग में रंग दिया है। अब वो न्यायपालिका को भी अपने हिसाब से चलाना चाहते हैं।

# अरुणाचल में फ्रंटियर हाईवे बनेगा

## आर्मी मूवमेंट में होगी आसानी, तवांग झड़प के बाद प्रोजेक्ट में तेजी

नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश में केंद्र सरकार फ्रंटियर हाईवे बनाएगी। ये अगले पांच साल में तैयार होगा। तिब्बत-चीन-म्यांमार से सटी भारतीय सीमा के काफी करीब इस हाईवे के निर्माण से सेना के मूवमेंट में आसानी होगी। कई मीडिया रिपोर्ट्स में सरकार के अफसरों के हवाले से बताया जा रहा है कि हाईवे का नाम एनएच-913 होगा और इसकी लंबाई 1748 किमी. होगी। रोड ट्रांसपोर्ट मिनिस्ट्री इसे बनाएगी और इसका फोकस बॉर्डर एरिया से लोगों का पलायन रोकना है।

ये हाईवे बोमडिला से शुरू होगा। जो नाफ्रा, हुरी और मोनीगॉन्ग पास से गुजरेगा। ये 3 पॉइंट्स इंडिया-तिब्बत बॉर्डर के काफी करीब हैं। चीन सीमा के करीब जिडो और चेनक्वेंटी स्थित पॉइंट्स से भी जाएगा। यह इंडिया-म्यांमार बॉर्डर के पास विजयनगर में खत्म होगा। इस पूरे हाईवे को 9 पैकेज में बांटा जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर नितिन गडकरी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट की कीमत 27 हजार करोड़ होगी। सरकार इसकी लागत को कम करने के विकल्पों पर भी विचार कर रही है।

**निगरानी रखने पलायन रोकने में भी मिलेगी मदद :**

एक सरकारी अफसर ने बताया कि पूरे हाईवे में 800 किमी. सड़क हरियाली वाली जगहों पर बनेगी, क्योंकि इन इलाकों में अभी कोई सड़क मौजूद नहीं है। इस पर पुल और सुरंगें भी होंगी। 2024-25 तक इस प्रोजेक्ट का पूरा प्लान तैयार हो जाएगा और अगले 2 साल में इसका निर्माण भी पूरा कर लिया जाएगा। उम्मीद है कि 2026-27 तक ये काम हो जाएगा। इस हाईवे के चलते डेवलपमेंट में बूस्ट आएगा। खासतौर से उन इलाकों में जो सीमा के करीब हैं। इससे हमें वहां हो रहे पलायन को रोकने में भी मदद मिलेगी। >14

# 28 दिनों के भीतर इंग्लैंड से भारत लाया जा सकता है पीएनबी घोटाले का आरोपी नीरव मोदी



नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय बैंकों के हजारों करोड़ रुपये लेकर इंग्लैंड फरार होने वाले नीरव मोदी को अगले 28 दिन के भीतर वापस भारत लाया जा सकता है। नीरव मोदी, इंग्लैंड में अपनी कानूनी लड़ाई हार चुका है।

नीरव मोदी के बचने का कोई रास्ता शेष नहीं रह गया है। यदि कोई और राहत नहीं मिलती है तो नीरव मोदी को अगले 28 दिन के अंदर भारत लाया जाएगा। सोमवार को सरकार की ओर से यह बात राज्यसभा में कही गई। फरवरी 2017 में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नीरव मोदी की जांच शुरू की थी। सीबीआई ने यह जांच पंजाब नेशनल बैंक की शिकायत पर शुरू की, जिसने आरोप लगाया कि नीरव मोदी और उसके सहयोगियों ने षडयंत्र कर विदेशी आपूर्तिकर्ताओं के लिए फर्जी भुगतान पत्र बनवाये, और 270 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की। पंजाब नेशनल बैंक के नुकसान की संभावित राशि 11 हजार करोड़ रुपये तक हो सकती है। पंजाब नेशनल बैंक के आग्रह पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी धोखाधड़ी के इस मामले में नजर रख रहा है। सोमवार को भाजपा सांसद सुशील मोदी ने राज्यसभा को जानकारी देते हुए बताया, जो लोग नीरव मोदी की बात करते थे कि नीरव मोदी भाग गया, कब लौट कर वापस आएंगा।

# तलाक के लिए प्रेग्नेंट पत्नी को चढ़ा दिया एचआईवी संक्रमित खून

## आंध्र प्रदेश की घटना : झोलाछाप डॉक्टर की मदद से पति ने दिया घटना को अंजाम

ताडेपल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश के गुंटूर में एक शख्स ने पत्नी से तलाक पाने के लिए उसे एचआईवी संक्रमित खून चढ़वा दिया। पत्नी प्रेग्नेंट थी, जब वह रेग्युलर चेकअप के लिए डॉक्टर के पास पहुंची तब ब्लड टेस्ट के जरिए उसे पता चला। पत्नी ने ताडेपल्ली पुलिस में पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है।

महिला का आरोप है कि पति उससे दहेज के लिए मारपीट करता था। दोनों की एक बेटी है, लेकिन वह बेटा चाहता था। उसके विशाखापट्टनम की एक महिला से अवैध संबंध हैं। पत्नी से तलाक आसानी से मिल सके, इसलिए उसने पत्नी को एड्स की बीमारी दे दी। ताडेपल्ली में रहने वाला 40 साल का शख्स एम चरण अपनी पत्नी से तलाक लेना चाहता था। उसने प्लान बनाया। वह प्रेग्नेंट वाइफ को झोलाछाप डॉक्टर के पास ले गया। डॉक्टर ने महिला से कहा कि प्रेग्नेंसी में उसे जरूरत पड़ेगी, इसलिए खून चढ़ाना पड़ेगा। यह खून एचआईवी इन्फेक्टेड था।

महिला को कुछ दिन बाद पता चला कि वह एचआईवी पॉजीटिव है, इसके बाद उसने पति से पूछा कि उसने क्या करवाया था। इस पर चरण ने कहा कि आंगनवाड़ी में टीका लगवाने से उसे इंफेक्शन हुआ है। ताडेपल्ली पुलिस ने चरण को अरेस्ट कर लिया है। वह उससे पत्नी के आरोपों के बारे में पूछताछ कर रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पीड़ित का यह भी आरोप है कि चरण उससे छुटकारा पाना चाहता था, इसलिए एचआईवी के साथ-साथ चरण उसे धीमा जहर भी दे रहा था।

## रैली से खाली हाथ वापस लौट गए लोग

अगरतला, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की त्रिपुरा रैली के बाद विपक्षी दल कांग्रेस व माकपा ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। सोमवार को दोनों पार्टियों ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी राज्य के लिए किसी नई परियोजना की घोषणा करने में विफल रहे। यहां तक कि वह 10,323 बर्खास्त शिक्षकों और राज्य के अन्य ज्वलंत मुद्दों के बारे में भी कुछ नहीं बोले।

दरअसल, रविवार को पीएम मोदी ने यहां विवेकानंद मैदान में एक बड़ी रैली को संबोधित किया था, जिसके बाद भाजपा नेताओं का कहना है कि पीएम की रैली से विपक्षी पार्टियों के लिए खतरे की घंटी बज गई है। बता दें, त्रिपुरा में अगले वर्ष विधानसभा चुनाव होने हैं। माकपा के राज्य सचिव जितेंद्र चौधरी ने कहा, हमनें सोचा था कि रैली के दौरान प्रधानमंत्री मोदी राज्य के लोगों के लिए नई परियोजनाओं की घोषणा करेंगे और 2018 के वादों को पूरा न कर पाने का कारण बताएंगे, लेकिन उन्होंने ऐसा कुछ नहीं किया।

# दिल्ली में किसका बनेगा मेयर?

नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली में छह जनवरी को मेयर, डिप्टी मेयर और सदन की स्थायी समिति के छह सदस्यों का चुनाव होना है। उप-राज्यपाल वीके सक्सेना ने एमसीडी की पहली बैठक के लिए छह जनवरी की तारीख तय की है। इस दौरान सबसे पहले नवनिर्वाचित सभी पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह होगा और इसके बाद मेयर, डिप्टी मेयर का चुनाव।

एमसीडी चुनाव में इस बार आम आदमी पार्टी ने सबसे ज्यादा 134 सीटों पर जीत हासिल की है, जबकि भाजपा के 104 पार्षद ही चुने गए हैं। नगर निगम में बहुमत का आंकड़ा 126 है। मतलब आम आदमी पार्टी के पास अभी बहुमत के आंकड़े से आठ पार्षद अधिक हैं। इसके बावजूद बड़ा सवाल उठ रहा है कि आखिर मेयर के चुनाव में क्या होगा? क्या आंकड़ों के खेल में भाजपा फिर से आम आदमी पार्टी को मात देने की तैयारी में है या केजरीवाल एमसीडी में भी अपनी सरकार बनवा लेंगे?

**कैसे होगा चुनाव :**

सबसे पहले उप-राज्यपाल सदन के सबसे वरिष्ठ पार्षद को पीठासीन अधिकारी नियुक्त करेंगे। इसके बाद मध्य दिल्ली के जिला जज पार्षदों को एक-एक करके शपथ दिलाएंगे। पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह के बाद मेयर का चुनाव होगा। मेयर जब कार्यभार संभाल लेंगे तो डिप्टी मेयर का चुनाव होगा। इसके बाद स्थायी समिति के छह सदस्य भी चुने जाएंगे।

**चुनाव में कितने वोटर्स डालेंगे वोट :**

दिल्ली एमसीडी एक्ट के अनुसार, मेयर, डिप्टी मेयर के चुनाव में निगम के सभी निर्वाचित पार्षद वोट डाल सकेंगे। इसके अलावा दिल्ली के सभी सात लोकसभा और तीन राज्यसभा सांसद वोटिंग के लिए अर्ह होंगे। विधानसभा के 13 सदस्यों के पास भी वोटिंग के राइट्स हैं। मतलब कुल 273 वोटर्स वोट करेंगे। अभी नगर निगम में आम आदमी पार्टी के पास 134 सदस्य हैं। राज्यसभा के तीनों सदस्य भी आप के हैं। वहीं, लोकसभा के सभी सात सदस्य भाजपा से हैं।

**किसका होगा मेयर?**

दिल्ली एमसीडी के नतीजों के तुरंत बाद तत्कालीन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता का बयान आया था। तब उन्होंने कहा था कि नतीजे कुछ भी हों, लेकिन मेयर भाजपा का ही होगा। हालांकि, बाद में उन्होंने कहा था कि हम विपक्ष में रहकर जनता की आवाज उठाएंगे। हालांकि, इसके बावजूद सवाल उठने लगा कि आखिर मेयर किस पार्टी का होगा? ये सवाल इसलिए भी उठ रहा है क्योंकि नगर निगम में दल-बदल कानून लागू नहीं होता है।

इसे समझने के लिए हमने वरिष्ठ पत्रकार से बात की। उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी को भले ही पूर्ण बहुमत मिला हुआ है, लेकिन भाजपा भी ज्यादा पीछे नहीं है। ऐसे में अगर आम आदमी पार्टी के कुछ सदस्य इधर-उधर हो गए तो खेल बिगड़ भी सकता है। ये भी देखना होगा कि कांग्रेस के नौ और तीन निर्दलीय पार्षद किस ओर जाएंगे। प्रमोद आगे कहते हैं, अभी के हिसाब से आम आदमी पार्टी काफी मजबूत स्थिति में है। कांग्रेस के कुछ पार्षद भी आप के साथ जा सकते हैं। ऐसे में संभव है कि आम आदमी पार्टी अपना मेयर बनवाने में सफल रहे। >14



# बदलेगा मौसम का मिजाज! अगले 4 दिन बरसेंगे बादल

नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। देश के उत्तरी हिस्सों में ठंड और कोहरे का असर दिख रहा है. दक्षिण भारत के कुछ राज्यों में बारिश का दौर अभी भी जारी है. अगले 24 घंटों के दौरान दक्षिण आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में हल्की बारिश हो सकती है. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के दक्षिणी हिस्सों में एक या दो बार तेज बारिश के साथ हल्की से मध्यम स्तर की बारिश की संभावना जताई गई है. अगले चार दिनों तक इन इलाकों में बारिश का मौसम बने रहने की संभावना है. मौसम विभाग ने तमिलनाडु में बारिश की संभावना जताई है. 20 और 21 दिसंबर को दक्षिण तमिलनाडु में तेज बारिश हो सकती है.



**दक्षिण भारत में बारिश का दौर**

**तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल क्षेत्र में छिटपुट स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है. मौसम विभाग ने 20 और 21 दिसंबर को दक्षिण तमिलनाडु में तेज बारिश होने की भी भविष्यवाणी की. आईएमडी तमिलनाडु के मुताबिक कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है. इसके अलावा तमिलनाडु में कुछ जगहों पर गरज और बिजली भी चमक सकती है.**

### 21 और 22 दिसंबर को बारिश?

मौसम विभाग ने 21 दिसंबर को तमिलनाडु और कराईकल के थूथुकुडी, रामनाथपुरम, पुदुक्कोट्टई, शिवगंगा, तंजावुर, तिरुवरुर, नागापट्टिनम, माइलादुथुराई और कुड्डालोर जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की भविष्यवाणी की है. क्षेत्रीय मौसम कार्यालय ने 22 दिसंबर को भी तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल के रामनाथपुरम, तिरुवरुर, नागपट्टिनम, शिवगंगा, पुदुक्कोट्टई, तंजावुर, माइलादुथुराई, कुड्डालोर, विल्लुपुरम और चेंगलपट्टू जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है.

### चक्रवाती तूफान से हुई थी भारी बारिश

तमिलनाडु के कई हिस्सों में आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है. पिछले हफ्ते भी राज्य में चक्रवाती तूफान मांडूस की वजह से तेज बारिश हुई थी. 13 दिसंबर को भारी बारिश की वजह से नीलगिरी जिले में जनजीवन काफी अस्त-व्यस्त हो गया था. रेलवे ट्रैक पर बोल्डर और पेड़ गिरने से सेवाएं प्रभावित हुईं थीं. उस दौरान भारी बारिश को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी की घोषणा की थी.

## हलाल मांस पर बैन के लिए विधानसभा में बिल ला सकती है कर्नाटक सरकार, कांग्रेस ने जताई आपत्ति



बेंगलुरु, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो गया है. राज्य में हलाल मांस पर रोक लगाए जाने को लेकर सरकार इस बार सदन में एक विधेयक पेश कर सकती है. राज्य में हलाल मांस पर रोक लगाए जाने को लेकर सदन में भाजपा और कांग्रेस के बीच तीखी तकरार होने की भी संभावना है बीजेपी एमएलसी एन रविकुमार ने एफएसएसएआई के अलावा किसी अन्य निकाय द्वारा खाद्य प्रमाणन पर प्रतिबंध लगाने की मांग करने वाले विधेयक को लाने की पहल की है. हलाल मुद्दे ने इस साल मार्च में उस समय बवाल खड़ा कर दिया, जब हिंदुत्ववादी संगठनों ने उगादी उत्सव के दौरान हलाल मांस का बहिष्कार करने का आह्वान किया था. भाजपा का एक गुट विधेयक पारित कर इसे कानूनी मान्यता देना चाहता है. बीजेपी नेता रविकुमार ने इसे एक निजी बिल के रूप में पेश करने की योजना बनाई है. इस संबंध में उन्होंने राज्यपाल थावरचंद गहलोत को एक पत्र भी लिखा था.

## दिल्ली में फाइव स्टार होटल रेडिसन ब्लू के पास एक संदिग्ध वस्तु मिलने से हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस



नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। राजधानी दिल्ली के पश्चिम विहार इलाके में एक फाइव स्टार होटल रेडिसन ब्लू के पास एक संदिग्ध वस्तु को देखने के बाद खलबली मच गई। स्थानीय लोगों ने बम संबंधित सामान होने की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम लोगों को मौके से हटाने की कोशिश कर रही है। संदिग्ध सामान बम/विस्फोटक है या कुछ और इस मामले की पड़ताल की जा रही है।

# शीतकालीन सत्र में नवजात के साथ

## विधानसभा पहुंचीं एनसीपी विधायक सरोज बाबूलाल

मुंबई, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के नागपुर शहर में विधानसभा का शीतकाली सत्र शुरू हो गया है. सत्र में शिवाजी महाराज पर महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की टिप्पणी समेत कर्नाटक के साथ सीमा विवाद का मुद्दा गरमा सकता है. वहीं आज सत्र में शामिल होने के लिए राकांपा विधायक सरोज बाबूलाल अहिरे अपने नवजात



शिशु के साथ महाराष्ट्र विधानसभा पहुंचीं. सरोज बाबूलाल नवजात बच्चे को गोद में लेकर लेकर पहुंचीं जिसकी तस्वीर सामने आयी है. समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक सरोज 30 सितंबर को मां बनीं और आज शीतकालीन सत्र में भाग लेने के लिए पहुंचीं हैं. मिडिया से बात करते हुए सरोज ने कहा कि पिछले 2.5 सालों से कोरोना वायरस के चलते नागपुर में कोई सत्र आयोजित नहीं किया गया था. आज ये हो रहा है और मैं हाल ही में मां बनी हूं. आज अपने मतदाताओं के लिए जवाब लेने के लिए आई हूं.

## कठुनांगल में पंजाब नेशनल बैंक से 18 लाख रुपये लेकर फरार हुए लुटेरे



अमृतसर, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। अमृतसर के कठुनांगल थानाक्षेत्र स्थित पंजाब नेशनल बैंक में लूट हो गई है। लुटेरा गिरोह ने सोमवार सुबह बैंक को अपना निशाना बनाया। जानकारी के मुताबिक लुटेरा गिरोह ने बैंक से काफी बड़ी राशि लूटी और फरार हो गए। हालांकि लूट की राशि कितनी है, इस बारे में बैंक प्रबंधन अभी कुछ बताने को तैयार नहीं है। सूत्रों के अनुसार, लूटी गई राशि 18 लाख रुपये है। एसपी ने बताया कि लूट के पैसों और वारदात को लेकर सारी जांच करवाई जा रही है।

## गायक कंवर ग्रेवाल और रणजीत बावा के घर आईटी की रेड




चंडीगढ़, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। प्रसिद्ध पंजाबी गायक कंवर ग्रेवाल और रणजीत बावा के आवास पर सोमवार सुबह आयकर विभाग की टीम ने दबिश दी। कंवर ग्रेवाल के मोहाली स्थित घर पर सुबह आयकर विभाग की टीम पहुंची। कंवर ग्रेवाल पिछले साल दिल्ली में किसान आंदोलन में लगातार शामिल होते रहे हैं। किसानी संघर्ष को मजबूत करने के लिए उन्होंने गाने भी गाए। इसके अलावा गायक रणजीत बावा के बटाला स्थित आवास पर भी आयकर की टीम पहुंची है। सोमवार सुबह कड़ी सुरक्षा में आयकर की टीम गायक कंवर ग्रेवाल के घर पहुंची।

इस दौरान सीआरपीएफ के जवान टीम के साथ थे। पूरी सोसाइटी को उन्होंने अपने कब्जे में ले लिया। किसी को भी ग्रेवाल के घर की साइड से गुजरने की अनुमति नहीं थी। इस दौरान दिल्ली नंबर की एक गाड़ी भी आई हुई थी जिस पर भारत सरकार लिखा हुआ था। दोनों जगह हुई रेड में करीब 30 मुलाजिम शामिल थे। टीम में शामिल लोग किसी से बात कर रहे थे। अभी रेड चल रही है। इससे पहले आयकर विभाग की टीम ने वार्ड स्थित एक नामी बिल्डर और अकाली घर पर दबिश दी थी। यह प्रक्रिया करीब 3 दिन चली थी। इस दौरान काफी कैश कब्जे में लिया गया था।

## बारामुला में आतंकी मददगार गिरफ्तार, हथियार और आईईडी बरामद

बारामुला, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले में पुलिस और सुरक्षाबलों को आतंक के खिलाफ एक और कामयाबी मिली है। पुलिस ने बारामुला में हथियार समेत आतंकी मददगार को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दें, अभी कुछ दिन पहले ही जिले में आईईडी को बरामद कर आतंकवादियों को नापाक मंसूबों को विफल किया गया है। जानकारी के अनुसार, बारामुला पुलिस और सेना की 32 आरआर की संयुक्त टीम ने एक विशेष इनपुट पर जिले के चकलू गांव से लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी सहयोगी मोहम्मद इशाक लोन को गिरफ्तार किया है। आरोपी गांव नदिहाल का रहना वाला है। उसके पास से एक कनस्तर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), एक पिस्टल, एक पिस्टल मैगजीन, 18 पिस्टल राउंड और आठ मीटर लंबा बिजली की तार बरामद की गई है। बारामुला पुलिस ने बारामूला पुलिस स्टेशन में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए), विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह को हुआ कोरोना, खुद को किया आइसोलेट



शिमला, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कोरोना पॉजिटिव हो गए हैं। उन्होंने खुद को आइसोलेट कर लिया है। हाल ही में उन्होंने हिमाचल प्रदेश के सीएम पद की शपथ ली है। ये हिमाचल प्रदेश के 15वां मुख्यमंत्री बने हैं। वहीं मौजूदा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे मुकेश अग्निहोत्री उप मुख्यमंत्री बने हैं। 11 दिसंबर को शिमला के रिज मैदान पर दोपहर 1:30 बजे शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ था, इसमें कांग्रेस आलाकमान के सभी बड़े नेता शामिल हुए थे।

## मेघालय में पूर्व मंत्री डॉ. अंपारीन लिंगदोह ने छोड़ी कांग्रेस

# कहा- दिशाहीन हो गई पार्टी

नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस की भले भारत जोड़ो यात्रा निकाल रही है, लेकिन वह अपने ही नेताओं को जोड़ कर नहीं रख पा रही है। आज मेघालय की पूर्व मंत्री व पार्टी की वरिष्ठ नेता डॉ. अंपारीन लिंगदोह ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। वह राज्य में सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पार्टी में शामिल होंगी। मेघालय में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में यह कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। अंपारीन ने आरोप लगाया कि कांग्रेस दिशाहीन हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को टैग करते हुए डॉ. लिंगदोह ने सोमवार सुबह ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा 'मैंने @आईएनसीइंडिया से अपना औपचारिक इस्तीफा दे दिया है।' बता दें, एनपीपी भाजपा की सहयोगी



पार्टी है। लिंगदोह के साथ एक अन्य कांग्रेस विधायक के भी एनपीपी में शामिल होने की संभावना है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को भेजे पत्र में डॉ. लिंगदोह ने कहा, 'मेरे जीवन के अधिकांश समय में कांग्रेस की सिपाही रही हूं, हालांकि, पार्टी के हाल के घटनाक्रमों से मुझे विश्वास हो गया है कि इसने अपनी दिशा खो दी है। पार्टी और नेतृत्व को इस पर विचार करने की तत्काल आवश्यकता है। मुझे लगता है कि पार्टी नेतृत्व गंभीर आत्म निरीक्षण में विफल हो गया है।' मेघालय में अगले साल चुनाव होने वाले हैं। वहीं, मार्च तक त्रिपुरा में भी चुनाव की संभावना है। कल ही भाजपा ने पीएम मोदी की उत्तर पूर्व की यात्रा के साथ चुनावी बिगुल बजा दिया है। गत माह मेघालय के तीन विधायकों- सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के दो और विपक्षी अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) के एक विधायक ने भाजपा में शामिल होने के लिए इस्तीफा दे दिया था। एनपीपी के बेनेडिक्ट मारक (रक्समग्रे) और फैरलीन संगमा (सेल्सेला) और तृणमूल कांग्रेस के विधायक हिमालय मुक्तन शांगप्लियांग (मावसिनराम) ने अपनी पार्टियों को छोड़ दिया था। शांगप्लियांग ने उस समय ट्वीट कर कहा था कि हम तीनों बहुत जल्द राज्य में विकास लाने के इरादे से भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं।

# भाजपा नेता बोले-सीता का जीवन तलाकशुदा जैसा

## एमपी में शिक्षा मंत्री ने कहा- धरती फटी और माता समा गईं, ये आत्महत्या जैसा



उज्जैन, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव ने माता सीता के जीवन की तुलना तलाकशुदा की जिंदगी से कर दी। मोहन यादव रविवार को उज्जैन के नागदा में कारसेवक सम्मान समारोह में बोल रहे थे। मंत्री ने कहा कि मर्यादा के कारण राम को सीता को छोड़ना पड़ा।

उन्होंने वन में बच्चों को जन्म दिया। कष्ट झेलकर भी राम की मंगलकामना करती रहीं। आज के दौर में ये जीवन तलाक के बाद की जिंदगी जैसा है।

**किसी को घर से निकाल दो तो ये क्या है**

मंत्री मोहन यादव ने कहा, जिस सीता माता को राम इतना बड़ा युद्ध करके लाए, उन्हें गर्भवती होने पर भी राज्य की मर्यादा के कारण छोड़ना पड़ा। उस सीता माता के बच्चों को जंगल में जन्म लेना पड़े, वह माता इतने कष्ट के बावजूद भी पति के प्रति कितनी श्रद्धा करती है कि वह कष्टों को भूल कर भगवान राम के जीवन की मंगल कामना करती है। भगवान राम के गुणों को बताने के लिए उन्होंने बच्चों को भी संस्कार दिए। आमतौर पर आज का समय हो, तो यह तलाक के बाद का जीवन समझ लो आप।

किसी को घर से निकाला दे दो, तो ये और क्या है। ऐसे कष्ट के बाद भी संस्कार कितने अच्छे कि लव-कुश ने राम को दोबारा रामायण याद दिलाई।

**शरीर छोड़ने को आत्महत्या के रूप में माना जाता है**

अच्छी भाषा में कहा जाए, तो पृथ्वी फट गई, तो माता उसमें समा गई। सरल और सरकारी भाषा में कहा जाए, तो उनकी पत्नी ने उनके सामने शरीर छोड़ा। शरीर छोड़ने को आत्महत्या के रूप में माना जाता है, लेकिन इतने कष्ट के बावजूद भगवान राम ने जीवन कैसे बिताया होगा, जिस सीता के बिना एक क्षण भी कल्पना करना मुश्किल है, लेकिन उसके बावजूद भी भगवान राम ने राम राज्य के बारे में अपना जीवन दिया। आगे बढ़ेंगे तो उनके सामने ही भगवान लक्ष्मण ने भी प्राण त्यागे, फिर भी रामराज्य चलता रहा।

**कारसेवक सम्मान समारोह में गए थे मंत्री**

मोहन यादव नागदा-खाचरौद क्षेत्र के कारसेवकों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि शामिल थे। उन्होंने वंदे मातरम् ग्रुप की ओर से 94 कारसेवकों का सम्मान किया। इनमें कई दिवंगत हो चुके हैं। उनके परिजनों को नागरिक अभिनंदन व प्रमाणपत्र भेंट किया गया।

**एमपी में राम के बारे में पढ़ेंगे कॉलेज स्टूडेंट्स**

मध्यप्रदेश में अब बीए फर्स्ट ईयर के छात्र भगवान श्री राम के बारे में पढ़ेंगे। उच्च शिक्षा विभाग ने 'रामचरितमानस का व्यावहारिक दर्शन' नाम से सिलेबस तैयार किया है। इसका 100 नंबर का पेपर रहेगा। इसे दर्शन शास्त्र विषय में रखा गया है। यह सभी के लिए अनिवार्य न होकर वैकल्पिक रहेगा।

# '1984 के सिख विरोधी दंगों में मेरे खिलाफ कोई एफआईआर नहीं

## भारत जोड़ो यात्रा में होंगे शामिल', बोले जगदीश टाइटलर



नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' की तैयारियों को लेकर दिल्ली स्थित कार्यालय में सोमवार (19 दिसंबर) को पार्टी की बैठक बुलाई गई. कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री जगदीश टाइटलर ने भी बैठक में हिस्सा लिया. 'भारत जोड़ो यात्रा' को लेकर टाइटलर ने मीडिया से कहा, "हम हिस्सा लेंगे क्योंकि वो (राहुल गांधी) जो कर रहे हैं, हम उसके पक्ष में हैं. इसलिए हम बड़े पैमाने पर शामिल हो रहे हैं." दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के गुजरात में 2027 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाने के दावे पर टाइटलर ने कहा, "केजरीवाल को बोलने दीजिए. हम जानते हैं कि राहुल गांधी के कार्यक्रम पर पूरा देश काम कर रहा है. हमने देखा है कि इंदिरा गांधी के वक्त क्या हुआ था और अब हम फिर से ऐसा होता देख रहे हैं. लोग उससे (राहुल) जुड़ रहे हैं."

**दंगों में नाम आने के सवाल पर टाइटलर ने कहा**

1984 के सिख विरोधी दंगों में नाम आने का सवाल पूछे जाने पर टाइटलर ने कहा, "क्या मेरे खिलाफ कोई एफआईआर है? सीबीआई ने मुझे क्लीयरेंस भी दे दिया है. कुछ लोग केवल राजनीति कर रहे हैं. हां, भारत जोड़ो यात्रा ज्वाइन करेंगे और मैं आखिरी सांस तक पार्टी के साथ रहूंगा."

**कांग्रेस में सक्रिय भूमिका में नजर आ रहे टाइटलर**

बता दें कि 1984 के सिख विरोध दंगों में शामिल होने के आरोपों के चलते जगदीश टाइटलर लंबे वक्त से कांग्रेस में कथित तौर पर हाशिये पर थे. हाल में संपन्न हुए दिल्ली नगर निगम चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें अहम जिम्मेदारी दी थी. एमसीडी के लिए दिल्ली कांग्रेस चुनाव समिति के 20 सदस्यों में उन्हें भी जगह दी गई थी. टाइटर एमसीडी चुनाव अभियान के दौरान प्रचार करते हुए भी नजर आए थे. कांग्रेस में टाइटलर के सक्रिय भूमिका में आने पर बीजेपी ने उन्हें और पार्टी को घेरा था.

**दिल्ली में भारत जोड़ो यात्रा का कार्यक्रम**

दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार के मुताबिक, पार्टी की 'भारत जोड़ो यात्रा' हरियाणा होते हुए 24 दिसंबर को दिल्ली पहुंचेगी. पार्टी नेता बदरपुर बॉर्डर इलाके में यात्रा का स्वागत करेंगे. उन्होंने जानकारी दी कि दिल्ली में राहुल गांधी सुबह छह बजे पदयात्रा शुरू कर देंगे और पार्टी कार्यकर्ताओं में इसे लेकर खासा जोश है. दिल्ली के बाद भारत जोड़ो यात्रा में एक हफ्ते का ब्रेक आएगा. दिल्ली के बाद यात्रा उत्तर प्रदेश पहुंचेगी. 3 जनवरी को राहुल पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ उत्तर प्रदेश के लिए कूच कर सकते हैं. कांग्रेस नेता के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी में भारत जोड़ो यात्रा को 45 किलोमीटर की दूरी तय करनी है. यात्रा को सफल बनाने के लिए दिल्ली कांग्रेस में लगातार बैठकों का दौर जारी है और पार्टी बड़े पैमाने पर तैयारियां कर रही है.

## ससुरालियों ने दामाद को घर बुलाया और फिर जिंदा जलाकर मार डाला

कैथल, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के कैथल जिले में दिल दहलाने वाली वारदात सामने आई है. यहां पर कलायत इलाके के सिमला गांव में ससुराल पक्ष ने दरिंदगी की सभी हदें पार करते हुए दामाद को जिंदा जला कर मार दिया. सूचना के बाद कलायत पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा. मृतक के परिजनों की शिकायत पर 5 आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है. बताया जा रहा है कि आरोपियों ने फोन कर राजीव को बुलाया था. परिजनों के अनुसार, मृतक राजीव का ससुराल पक्ष के साथ पहले भी वाद-विवाद था. रविवार को फोन कर बुलाया था. बाद में परिजनों को सूचना दी गई कि उसने आग लगा ली है, लेकिन उन्हें मौके पर जाने के बाद पता चला कि राजीव पर तेल छिड़ककर आग लगाई गई है. पुलिस जांच अधिकारी के अनुसार, उन्हें सूचना मिली थी कि सिमला गांव में एक व्यक्ति ने तेल छिड़ककर आग लगा ली है, लेकिन भाई ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसके भाई को तेल छिड़ककर आग लगाया गई है.

## 30 साल की महिला को आठ लोगों ने रस्सी से बांधकर बेरहमी से पीटा, हालत गंभीर

भोपाल, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के रतलाम जिले के तारागढ़ गांव में 30 साल की महिला को कथित तौर पर आठ लोगों ने रस्सी से बांधकर बेहरमी से पीटा और हंसिये ल लाठी से हमला किया. तारागढ़ की रहने वाली 30 साल की विष्णु बाई अपने पति थानू लाल को छोड़कर किसी और के साथ रहने लगी थी. कुछ वक्त बाद दोनों ने गांव भी छोड़ दिया. घरवालों ने उन्हें मनाने की कोशिश की, लेकिन दोनों वापस नहीं लौटे. बाद में थानू लाल और उसके परिजनों ने भी गांव छोड़ दिया गया, लेकिन जैसे ही वो गांव से गए पीड़ित वापस लौट आई और कथित तौर पर ताला तोड़कर अपने पति के खाली मकान में रहने लगी. गांववालों ने इस बात की जानकारी थानू लाल को दे दी, जिसके बाद शनिवार को वो वापस लौटा और 7 लोगों के साथ मिलकर पीड़ित को बंधक बनाया और पिटाई शुरू कर दी. घटना की जानकारी मिलते ही एसडीओपी सहित पुलिस दल बल के साथ गांव में पहुंचा महिला को छुड़ाया. गंभीर हालात में पहले उसे सिविल हॉस्पिटल लाया गया जहां से उसे रतलाम जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया.

## पत्नी के सांवले रंग को लेकर पति ने मारा ताना, नाराज महिला ने किया सुसाइड

छिंदवाड़ा, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। एक महिला की आत्महत्या के मामले की जांच में एक अजीब बात सामने आई। महिला के सांवले रंग को लेकर अक्सर पति उसे ताने मारा करता था। पति को समझाने की बजाए उसके सास, ससुर और देवर भी उसका साथ देते थे। रोज-रोज के तानों से तंग महिला का सब्र का बांध टूट ही गया। उसने प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी पति समेत चार लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। एसआई आरपी चौधरी ने बताया कि 26 नवम्बर को ग्राम भजिया निवासी 30 वर्षीय राधा पति मुकेश चंद्रवंशी ने जहर का सेवन कर लिया था। प्राथमिक इलाज के बाद उसे नागपुर रेफर किया गया था। नागपुर में इलाज के दौरान 28 नवम्बर को राधा की मौत हो गई थी। मर्ग जांच और मृतका के मायके पक्ष के लोगों के बयान में सामने आया कि राधा और मुकेश की शादी को लगभग 13 साल का वक्त बीत गया है। उनकी एक दस वर्षीय बेटी और आठ साल का बेटा है। राधा के सांवले रंग को लेकर मुकेश अक्सर उसे ताने मारता था ।

## नगांव में 980 बीघा सरकारी जमीन पर चला बुलडोजर

गुवाहाटी, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। असम के नवांग जिले में स्थानीय प्रशासन ने करीब 980 बीघा सरकारी जमीन कब्जा मुक्त करा ली। इस जमीन पर लोगों ने अवैध रूप से कब्जा जमा रखा था। सोमवार सुबह-सुबह प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए इस जमीन पर बुलडोजर की मदद से अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। अधिकारियों ने बताया, भुमुरगुरी ग्राजिंग रिजर्व, जमाई बस्ती, रामपुर, कदमोनी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बेदखली अभियान चलाया गया। यहां अतिक्रमणकारियों ने 980 बीघा से अधिक भूमि पर कब्जा कर लिया था। वहीं, लोगों के विरोध को देखते हुए बताद्राबा में 800 से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। नगांव जिले की पुलिस अधीक्षक लीना डोले ने बताया, जिला प्रशासन की ओर से अतिक्रमणकारियों को पहले ही नोटिस जारी किया गया था। 13 दिसंबर से यहां सुरक्षाकर्मी डेरा डाले हुए हैं और फ्लैग मार्च कर रहे हैं।

# आरजेडी विधायक और पूर्व एमएलए ने जहरीली शराब कांड की खोली पोल

## 150 लोगों की मौत का दावा

छपरा, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। बिहार के छपरा में जहरीली शराब से हुई मौत के आंकड़े छुपाने के आरोप लग रहे हैं। सरकारी रेकॉर्ड के मुताबिक 38 लोगों के मरने की बात कही गई है, लेकिन दावा किया जा रहा है कि यह नंबर कहीं ज्यादा है। नीतीश सरकार में सहयोगी आरजेडी के पूर्व विधायक रणधीर सिंह ने जहरीली शराब कांड में 150 से अधिक लोगों की मौत का दावा किया है। आरजेडी के पूर्व विधायक के दावे के बाद सरकारी गैर सरकारी आंकड़ों पर भी सवाल उठ रहे हैं। रणधीर सिंह ने यह भी कहा कि मौत के बाद सरकारी अफसरों ने लोगों को धमकाया, जिसके कारण सही आंकड़े सामने नहीं आए। महराजगंज लोकसभा क्षेत्र में हुई जहरीली शराब कांड से आहत महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के पूर्व आरजेडी विधायक रणधीर सिंह ने मृतकों के घर जा जा कर उनके परिजनों को सांत्वना दे रहे



हैं और हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दे रहे हैं।

इस बीच रणधीर सिंह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया और वर्तमान हालात से काफी आक्रोशित दिखे। उन्होंने कहा कि सरकार को बदनाम करने के लिए जो षड्यंत्र रचा है उसे कभी सफल नहीं होने दिया जाएगा। यह जो शराब माफिया हैं इन्हें ढूंढ कर सजा दी जाएगी और इनकी संपत्ति को जब्त किया जाएगा। इनके साथ चन्देश्वर राय, देवेंद्र सिंह मुखिया गोबराही, गोलू सिंह, कुरान मास्टर, माही सिंह,अजय साह,चन्दन सिंह, राजेश राय, सूरज श्रीवास्तव, महेश सिंह, बाला पठान ,भोला सिंह, नन्हकी बाबा, सुशील सिंह, रोहित सिंह, चन्दन लाल सहित दर्जनों लोग थे। बिहार के छपरा में जहरीली शराब से हुई मौत के आंकड़े छुपाने के आरोप लग रहे हैं। सरकारी रेकॉर्ड के मुताबिक 38 लोगों के मरने की बात कही गई है, लेकिन दावा किया जा रहा है कि यह नंबर कहीं ज्यादा है। नीतीश सरकार में सहयोगी आरजेडी के ही विधायक ने दावा किया है कि वास्तव में मौत का आंकड़ा काफी ज्यादा है। छपरा के बनियापुर विधानसभा सीट से चौथी बार विधायक बने केदारनाथ सिंह ने बताया कि सरकारी न्यूज में 38 लोगों के मौत की बात कही गई है, लेकिन हमारे पास न्यूज है कि केवल मशरख में जहीरीली शराब पीने से 60 से ज्यादा लोगों की जान गई है। जहां तक कुल मरने वालों की बात है कि छपरा जिले के मकेर, मरोड़ा, बनियापुर, बगल के जिले सिवान के भगवानपुर को मिलाकर 100 से ज्यादा लोगों की जान गई है। एक निजी न्यूज चैनल से बातचीत में आरजेडी विधायक केदानाथ सिंह ने बताया कि सरकार और प्रशासन की ओर से शराब की बिक्री रोकने का पूरा प्रयास रहा है। लेकिन छोटे-छोटे पदाधिकारियों से मिलकर शराब बेचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब सब लोग मिलकर प्रयास करेंगे तब शराबबंदी हो ही जाएगा। जब नीतीश कुमार ने शराबबंदी का फैसला लिया तब सभी दल के लोगों ने उनका समर्थन किया। समर्थन मिलने के बाद उन्होंने शराबबंदी लागू किया। ऐसा नहीं है कि शराबबंदी का फायदा नहीं हुआ है। पहले हम लोग जब देहात में जाते थे, तो लोग शराब पीकर काफी हल्ला गुल्ला करते थे। अब हम लोग कमजोर लोगों की बस्ती में जाते हैं तो वहां हमें शराब पीकर गिरे हुए लोग नहीं मिलते हैं। सब सही सलामत दिखते हैं।

आरजेडी विधायक ने कहा कि हमको ऐसी कोई जानकारी नहीं थी कि उनके इलाके में कहां शराब मिल रहा है। लेकिन यह जरूर कहूंगा कि स्थानीय थाना और प्रशासन के लोगों को यह जरूर मालूम रहता है कि शराब कहां से आता है, कैसे बिकता है।

# वो तो अमेठी में लटके-झटके दिखाकर चली जाती हैं

## स्मृति ईरानी पर कांग्रेस नेता अजय राय का विवादित बयान



वाराणसी, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। पूर्व विधायक और पूर्वांचल के कद्दावर नेताओं में शुमार अजय राय ने कहा है कि वह 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देंगे। इसके साथ ही कांग्रेस नेता ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को लेकर भी विवादित बयान दिया है। राय ने कहा कि स्मृति तो लटके-झटके लगाकर चली जाती हैं। कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने कहा, 'स्मृति ईरानी अमेठी में लटके-झटके दिखाने के लिए आती हैं। यह राजनीति बदला लेने के लिए प्रयोजित करेगा।' उन्होंने संकेत दिया कि राहुल गांधी 2024 में अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 2024 में वाराणसी से वह पीएम नरेंद्र मोदी को चैलेंज देंगे।

पिछले करीब 3 दशक से राजनीति में सक्रिय अजय राय ने कोलअसला विधानसभा में जीत के साथ राजनीति शुरू की थी, जो बाद में परिसीमन के बाद पिंडरा के नाम से हो गई। बीजेपी के संग लंबे साथ के बाद उन्होंने सपा के टिकट पर 2009 में वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़ा। फिर कांग्रेस पार्टी के साथ आ गए और 2014 में पीएम नरेंद्र मोदी को चुनौती दी। कांग्रेस ने उन्हें यूपी का प्रांतीय अध्यक्ष बना दिया है।

# यूपी में बढ़ेगा जेनेरिक दवाओं का बाजार

## सरकारी अस्पतालों में भी खुलेंगे जेनेरिक आधार के स्टोर



लखनऊ, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। प्रदेश में जेनेरिक दवाओं का बाजार बढ़ेगा। कई कंपनियां यहां निवेश के लिए आगे आई हैं। जेनेरिक आधार के मेडिकल स्टोर सरकारी अस्पतालों में भी खोले जाएंगे। ग्रामीण इलाकों तक जेनेरिक दवाएं पहुंचाने के लिए जल्द ही उत्तर प्रदेश सरकार और जेनेरिक आधार के बीच एमओयू होगा। इसे लेकर रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जेनेरिक आधार के संचालक अर्जुन देशपांडे ने मुलाकात की। अर्जुन देशपांडे ने बताया कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में जेनेरिक आधार के जरिए मरीजों को सस्ती दर पर दवाएं दी जा सकेंगी। जेनेरिक आधार के करीब 1800 स्टोर चल रहे हैं, उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में 150 स्टोर हैं। मुख्यमंत्री से वार्ता के बाद इसे बढ़ाकर अब 700 तक करने का लक्ष्य रखा गया है। जहां यह जेनेरिक स्टोर होगा, उससे करीब पांच सौ मीटर दूर ही दूसरा स्टोर खोला जाएगा। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में जेनेरिक आधार के मेडिकल स्टोर चल रहे हैं। मरीजों को सस्ती दर पर दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# सुरक्षा गार्डों से विवाद के बाद विश्वविद्यालय में फायरिंग, पथराव में कई छात्र घायल

प्रयागराज, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। इलाहाबाद विश्वविद्याल में छात्रों और सुरक्षा गार्डों के बीच विवाद के बाद कई राउंड फायरिंग की गई, जिसमें कई छात्र घायल हो गए। छात्रनेता विवेकानंद पाठक का सिर फट गया है। छात्रों का आरोप है कि सुरक्षा गार्डों ने कई राउंड फायरिंग की है।

छात्रों का आरोप है कि छात्र नेता विवेकानंद पाठक यूनिवर्सिटी परिसर स्थित बैंक में जाने के लिए पहुंचे थे तभी गार्डों ने गेट खोलने से मना कर दिया। इसी को लेकर उनके बीच नोकझोंक हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत करा दिया। आरोप है कि कुछ देर बाद यूनिवर्सिटी के 200 से अधिक गार्डों ने गेट बंद करके छात्रों को लाठियों से पीटना शुरू कर दिया। इसमें विवेकानंद पाठक अमित कुमार एलएलबी का छात्र



समेत आधा दर्जन छात्र चोटिल हुए हैं। जिसके बाद आक्रोशित होकर छात्रों ने यूनिवर्सिटी परिसर में तोड़फोड़ शुरू कर दी।

बड़ी संख्या में छात्र परिसर में उपद्रव कर रहे हैं जिन्हें पुलिस फोर्स काबू करने का प्रयास कर रही है। आक्रोशित छात्र वाहनों में तोड़फोड़ कर रहे हैं। कई थानों की पुलिस परिसर में पहुंच गई है। इलाहाबाद विवि परिसर और पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है।

### अलाव ताप रहे पूर्व प्रधान दंपती पर सरिया से हमला

आजमगढ़, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। आजमगढ़ के बेलवाना गांव में सोमवार सुबह एक विक्षिप्त ने अलाव ताप रहे पूर्व प्रधान और उनकी पत्नी पर हमला कर दिया। इस घटना में जहां पूर्व प्रधान की पत्नी मौत हो गई वहीं पूर्व प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलावा दो अन्य लोगों को भी सरिया से वार कर घायल कर दिया। सभी घायलों का उपचार चल रहा है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। बरदह थाना क्षेत्र बेलवाना गांव निवासी अशोक उर्फ टेल्हू कई दिन से मानसिक रूप से बीमार चल रहा है। सोमवार सुबह वह घर से सरिया का टुकड़ा लेकर निकला। सबसे पहले वह खेत में पहुंचा जहां उसने करन (35) को सरिया मारकर घायल कर दिया।

# इरफान सोलंकी आगजनी केस: सपा नेता के पिता समेत दो हिस्ट्रीशीटर अरेस्ट

कानपुर, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। यूपी के कानपुर से सपा विधायक इरफान सोलंकी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। विवादित प्लाट पर बनी झोपड़ी में आग लगाने के मामले में पुलिस ने रविवार को सपा नेता नूरी शौकत के पिता समेत दो हिस्ट्रीशीटर को अरेस्ट किया है। पुलिस ने तीनों को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है। सपा नेता नूरी शौकत के पिता शौकत अली, हिस्ट्रीशीटर इजराइल आटा वाला, हिस्ट्रीशीटर शरीफ पर विधायक और उनके भाई रिजवान के साथ मिलकर आगजनी करने का आरोप है।

जाजमऊ थाना क्षेत्र स्थित डिफेंस कॉलोनी में रहने वाली बेबी नाज का प्लाट है। यह प्लाट बेबी नाज के पिता का था। पिता के निधन के बाद इस प्लाट पर बेबी नाज का कब्जा है। बेबी का परिवार प्लाट में टूर और छप्पर डालकर रहता है। बेबी नाज ने आरोप लगाया



था कि सपा विधायक और उनके भाई प्लाट पर कब्जा करना चाहते थे। बीते 7 नवंबर (सोमवार) को परिवार के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। इसी बीच विधायक और उनके भाई ने अपने सहयोगियों की मदद से झोपड़ी में आग लगा दी। पुलिस ने पुलिस ने जाजमऊ थाने में आईपीसी की धारा 147, 327, 427, 386, 504, 436, 506 और 120 के तहत मुकदमा किया था। बेबीनाज के भाई को पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शी गवाह बनाया है। बेबीनाज के भाई ने पुलिस को बताया था कि आगजनी के दौरान सपा विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई के साथ लगभग 55 लोग मौजूद थे। वहीं पुलिस का कहना है कि चश्मदीदों बयान के आधार पर सपा नेता नूरी शौकत के पिता शौकत अली, बजरिया थाने से हिस्ट्रीशीटर इजराइ आटा वाला, ग्वालटोली थाने से हिस्ट्रशीटर और जिलाबदर शरीफ को अरेस्ट किया गया है। पुलिस का दावा है कि आगजनी में तीनों शामिल थे। आरोप है कि रविवार को अरेस्ट किए गए तीनों अपराधियों को सपा विधायक का संरक्षण प्राप्त था। पुलिस ने 2021 में हिस्ट्रशीटर शरीफ पर गुंडाएक्ट की कार्रवाई की थी, जिसके बाद उसे 6 महीने के लिए जिलाबदर कर दिया गया था। पुलिस को जानकारी मिली थी कि शरीफ घर में मौजूद है, तो फौरन हिरासत में ले लिया गया था। पुलिस जैसे ही उसे लेकर थाने की तरफ बढ़ी थी। सपा विधायक पहुंच गए, उन्होंने पुलिस से बदसलूकी करते हुए, उसे छुड़ा लिया था।

**अखिलेश यादव जेल में करेंगे मुलाकात**

सपा विधायक इरफान सोलंकी आगजनी और फर्जी आधार कार्ड से हवाई यात्रा करने के मामले कानपुर कारागार में बंद हैं। सोमवार को अखिलेश यादव अपनी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी से मुलाकात करने के लिए आ रहे हैं। जेल प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मिलने की व्यवस्था अलग कराई गई है।

### मॉर्निंग वॉक पर निकले अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या

#### इलाके में तनाव, पुलिस फोर्स तैनात

फिरोजाबाद, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। फिरोजाबाद के थाना दक्षिण के गांव लालऊ में अधिवक्ता की सुबह के समय गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। अधिवक्ता शिव शंकर दुबे मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। जहां एक सूनसान स्थान पर पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने उन पर गोलियां चलाना शुरू कर दिया।

थाना दक्षिण क्षेत्र के गांव लालऊ में सोमवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले अधिवक्ता एवं बार एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष शिवशंकर दुबे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया गया है कि अधिवक्ता सुबह करीब 8:20 पर अपने बेटे ललित की बेटी अन्या को स्कूल छोड़कर 8:30 बजे करीब लालऊ से बैदी को जाने वाले रोड पर टहलने के लिए निकले थे, तभी शक्ति ग्लास के समीप अज्ञात लोगों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। गोली सिर में लगी बताई जा रही है। वहीं मृतक के बेटे तन्मय का कहना है उसके पिता का झगड़ा मोहल्ला भीम नगर निवासी एक व्यक्ति से जिला मुख्यालय पर हुआ था, जिसमें दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी, लेकिन बाद में साथी अधिवक्ताओं द्वारा मामले को शांत कराने के साथ ही दोनों को समझा दिया गया था।

घटना के बाद इलाके में तनाव बना हुआ है। सूचना पर पुलिस के आलाधिकारी और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। घटना को लेकर अभी पुलिस अधिकारी कुछ भी स्पष्ट नहीं बता पा रहे हैं। जिस जगह अधिवक्ता को गोली मारी गई, उसके पास गैस एजेंसी है, जिसमें सीसीटीवी लगे हुए हैं। पुलिस इन सीसीटीवी को भी खंगाल रही है, जिससे घटना के बारे में कोई सुराग हाथ लग सके।

# निकाय चुनाव को लेकर मायावती ने खुद संभाला मोर्चा

## मेयर से लेकर नगर पालिका के दावेदारों के चयन में जुटीं



लखनऊ, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती अब स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारी में जुट गई है। एक तरफ जहां भाजपा, सपा, कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों ने प्रत्याशियों के चयन की जिम्मेदारी प्रदेश और जिला स्तर की स्क्रीनिंग समितियों को दे दी है। उधर, मायावती ने मेयर से लेकर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष तक के दावेदारों विजय चयन का जिम्मा खुद उठा लिया है। यूपी के अलग-अलग जिलों के नगर पालिका परिषद नगर पंचायत पार्षद से लेकर तक के प्रत्याशियों से मायावती खुद मुलाकात कर रही हैं। नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत पद के प्रत्याशियों की जिम्मेदारी मायावती ने बसपा की जिला इकाई और कोऑर्डिनेटर को सौंप दी है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 762 शहरी स्थानीय इकाइयां हैं, जिनमें 17 नगर निगम 200 नगर पालिका परिषद और 545 नगर पंचायतें शामिल हैं। इन सभी निकायों के तहत करीब 4 करोड़ 85 लाख की आबादी निवास करती है। अभी इसी महीने उत्तर प्रदेश सरकार ने मेयर और अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण की सूची जारी की थी। नोटिफिकेशन जारी होने के बाद उत्तर प्रदेश राज्य चुनाव आयोग स्थानीय निकाय में चुनाव कार्यक्रम का प्रस्ताव मुहैया कराएगा। सरकार की तरफ से मंजूरी मिलने के बाद चुनाव कार्यक्रम की नोटिफिकेशन जारी कर दी जाएगी।

सूत्रों के अनुसार मायावती पिछले एक महीने से लखनऊ में ही कैंप कर रही हैं और अपने आवास पर प्रतिदिन टिकट के दावेदारों के साथ मुलाकात कर रही है। बीएसपी से जुड़े एक नेता ने जानकारी देते हुए बताया की टिकट के दावेदार अपने संबंधित जिले की इकाई और कोऑर्डिनेटर्स को ऐप्लिकेशन देते हैं, जहां से उन्हें शॉर्टलिस्ट किया जाता है। इसका आधार स्थानीय और सामाजिक समीकरणों के साथ ही स्वच्छ छवि भी है। कैंडिडेट्स को शॉर्टलिस्ट करने के बाद लखनऊ में मायावती के साथ उनकी मुलाकात होती है।

# कोहरे की चादर से ढंका यूपी

## योगी आदित्यनाथ का आदेश- दुरुस्त करें रैन बसेरे, कंबल-अलाव का हो इंतजाम

लखनऊ, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश समेत देश के कई राज्यों में ठंड बढ़ गई है। वहीं कोहरे के साथ ही तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। सोमवार सुबह लखनऊ में घना कोहरा छाए रहने के कारण विजिबिलिटी न के बराबर रही। बढ़ती ठंड के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को रैन बसेरों को लेकर दिशानिर्देश जारी किए हैं। सीएम ने कहा कि रैन बसेरों में साफ-सफाई, सैनीटाइजेशन की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही जिलाधिकारी निरीक्षण कर अलाव की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गरीबों और निराश्रितों को ठंड



से राहत पहुंचाने के लिए उन्हें कंबल बांटने तथा सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने कहा है कि शीतलहर के दौरान गरीबों और निराश्रितों को राहत पहुंचाने का कार्य पूरी तत्परता से किया जाए। निराश्रित, जरूरतमंद लोगों को वितरित किए जाने के लिए सभी जिलाधिकारी कंबलों की खरीद समय से पूर्ण कर लें। वहीं कंबल गुणवत्तापरक हों, उनकी मूल्य में एकरूपता सुनिश्चित की जानी चाहिए।

बता दें कि पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के कारण मैदानी इलाकों में सर्दी बढ़ती जा रही है। मौसम विभाग का कहना है कि 25 दिसंबर के बाद तापमान 5 डिग्री से भी कम हो सकता है। जिससे आने वाले समय में ठंड और बढ़ेगी। उत्तर भारत के राज्यों में न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। मैदानी इलाकों में शीतलहर चलते ने कारण कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश के साथ-सात बिहार और झारखंड में भी ठंड में इजाफा हुआ है।

### थानेदार के सामने मां की शिकायत लेकर पहुंचीं बच्चियां

#### बोलीं- हमें रोज पीटती और गर्म चाकू से दागती है

गोरखपुर, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। गोरखपुर जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां मासूम बच्चियों ने अपनी मां के खिलाफ थाने में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि मां रोज हमें मारती पीटती है और चाकू गर्मकर दागती भी है। यह सुनकर थाने में मौजूद पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। पुलिस भी केस दर्जकर मामले की जांच में जुट गई है। मामला गोरखपुर जिले के सिकरीगंज थाना के कुई बाजार का है, जहां तीन मासूम बहनें अपनी सौतेली मां की प्रताड़ना से परेशान हैं। पीड़ित बच्चियों ने बताया कि उनकी सौतेली मां उन्हें हमेशा मारती है।

### बेतिया में फिर मिली अजीबो-गरीब मछली

#### देखने के लिए लोगो की जुटी भीड़, अफ्रीका और साउथ अमेरिका में पाई जाती है यह प्रजाति



बेतिया, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। बेतिया जिला के सिकटा प्रखंड के बलथर गांव के समीप एक पोखरा में मछली मारने के दौरान मैंनाटाड़ थाना क्षेत्र के रामनगरी गांव निवासी अंकुर साह नामक मछुआरे के जाल में दो अजीबो-गरीब मछली फंस गई, जिसको देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई, जिसको देखकर मछुआरा भी हैरत में पड़ गया। एक मछली का वजन 500 ग्राम और दूसरे मछली का वजन 200 ग्राम था। अब यह मछली लोगों मे कौतूहल का विषय बन चुकी है, क्योंकि इस मछली के चार आंख है और इसका रंग व बनावट दोनों सामान्य मछली से भिन्न है। इस मछली के विषय में पूछे जाने पर डब्ल्यूटीआई व डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरीय अधिकारी डॉ समीर के सिन्हा व वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में पदस्थापित बांकेलाल प्रजापति ने बताया कि यह मछली माउथ कैटफीश है। यह मछली अमेरिका के दक्षिणी अमेजॉन नदी में पाई जाती है।

इसको अमेजॉन स्मेल एक्जॉटिक कैट फीस के नाम से जाना जाता है, जो कि आरमोरेड कैटफिश फैमिली से है। इसका हमारे क्षेत्रों में मिलना चिंता की बात है।

# बलवंत हत्याकांड: कानपुर देहात में परिवार से मिले अखिलेश

## बोले- पत्नी को सरकारी नौकरी व 1 करोड़ मुआवजा दे सरकार

कानपुर, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सोमवार को कानपुर देहात पहुंचे। पुलिस की बर्बरता का शिकार हुए व्यापारी बलवंत सिंह के परिजनों से अखिलेश मुलाकात करने उनके घर पहुंचे। अखिलेश के स्वागत के लिए भारी संख्या में सपाई कानपुर देहात पहुंचे।

मौके पर भीड़ इतनी बढ़ गई कि पुलिस और पब्लिक के बीच धक्का मुक्की हो गई। पूर्व मुख्यमंत्री ने बलवंत सिंह के परिजनों को पांच लाख रुपये समाजवादी पार्टी की ओर से देने की बात कही। भाजपा से रिटायर जज से मामले की जांच की मांग की। साथ ही सरकार से बलवंत की पत्नी को सरकारी नौकरी व एक करोड़ मुआवजा देने की बात कही।



पत्नी शालिनी ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मदद की गुहार लगाई थी। इसके लिए शालिनी ने उन्हें पत्र भेज बड़ा भाई बताते हुए बहन की मदद की बात लिखी थी। शिवली के लालपुर सरैंया निवासी बलवंत सिंह की पुलिस की पिटाई से मौत हो गई थी। बलवंत की पत्नी शालिनी ने अखिलेश यादव के नाम एक पत्र लिखा था। पत्र में शालिनी ने लिखा था कि मैं बलवंत की पत्नी शालिनी आपसे हाथ जोड़कर निवेदन करती हूं कि मेरे पति को पुलिस हिरासत में मार दिया गया। अब आप को मुझे इंसाफ दिलाने के मेरे घर आना होगा। मेरे पति की मौत के मामले में मुझे न्याय दिलाने के लिए मेरे साथ खड़े हों। शिवली के मैथा क्षेत्र में सराफा व खाद व्यापारी चंद्रभान सिंह को बाइक सवार बदमाशों ने छह दिसंबर को लूट लिया था। इस वारदात का खुलासा करने के लिए एसओजी व शिवली थाना पुलिस ने संदेह के आधार पर पांच लोगों को हिरासत में लिया था। इसमें चंद्रभान का भतीजा व व्यापारी बलवंत सिंह भी शामिल था। रनियां थाने में पूछताछ के दौरान पुलिस वालों ने बेरहमी से बलवंत को पीटा था।

इससे उसकी जान चली गई थी। मामले में एसपी सुनीति ने 11 पुलिसकर्मियों को निलंबित था। बलवंत हत्याकांड में तत्कालीन एसओजी प्रभारी निलंबित दरोगा प्रशांत गौतम, हेड कांस्टेबल दुर्वेश कुमार और कांस्टेबल सोनू यादव को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी। अभी इस मामले में चार पुलिस कर्मी फरार हैं।

# 'बिहार में खत्म हो गया है नीतीश का इकबाल'

## गिरिराज बोले- शराब नीति पर पुनर्विचार की जरूरत

पटना, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार में जहरीली शराब से हुई मौत को लेकर नीतीश कुमार को घेरा है। उन्होंने मुख्यमंत्री के दिए गए बयान की आलोचना करते हुए कहा कि राज्य में नीतीश कुमार का इकबाल खत्म हो गया है। अब उन्हें असफल हो चुकी शराब नीति पर पुनर्विचार करना चाहिए। नीतीश कुमार के बयानों की आलोचना करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ऐसी परिस्थिति में फिर बिहार में पुलिस की जरूरत ही क्या है? राज्य में सभी पुलिस थानों को बंद कर देना चाहिए।

सीएम नीतीश पर हल्के स्तर का बयान देने का आरोप लगाते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि बिहार की जनता गुस्से में है। नीतीश कुमार को इसका



खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

संसद भवन परिसर में मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि बिहार में शराब भगवान की तरह हो गई है, जो नीतीश कुमार को भले ही दिखाई नहीं दे लेकिन यह राज्य में हर जगह है।

बीजेपी सांसद ने शराब नीति पर पुनर्विचार करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार की कोई नीति सफल नहीं होती है तो उस पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता होती है। हालांकि, ऐसा लगता है कि नीतीश कुमार में या तो अहंकार आ गया है या वो निराश हो गए हैं। राज्य की महागठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए गिरिराज ने आगे कहा कि आज बिहार में हर जगह शराब बन रही है और बिक रही है।

गिरिराज सिंह ने भी जहरीली शराब से मरने वाले लोगों के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कानून व्यवस्था को बनाए रखने और शराबबंदी को लागू करने में पूरी तरह से फेल हो रही है इसलिए उन्हें मुआवजा देना ही चाहिए।

# भारत जोड़ो यात्रा में एक होगी हरियाणा कांग्रेस

## राहुल गांधी के सामने दिखाएंगे एकजुटता; पार्टी में हुड्डा-सैलजा समेत 4 गुट



पूर्व CM भूपेंद्र सिंह हुड्डा | रणदीप सुरजेवाला | कुमारी शैलजा | किरण चौधरी

चंडीगढ़, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। हरियाणा में 21 दिसंबर को एंट्री करने वाली भारत जोड़ो यात्रा के दौरान प्रदेश कांग्रेस एक दिखाई देगी। राज्य के दिग्गज कांग्रेसी नेता राहुल गांधी के सामने एकजुटता दिखाएंगे। वैसे हरियाणा कांग्रेस में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा सहित 4 गुट हैं। इनमें पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुमारी सैलजा और कांग्रेस विधायक किरण चौधरी शामिल है। इन नेताओं की आपसी खींचतान के कारण कांग्रेस पिछले 8 सालों में अपना संगठन तक खड़ा नहीं कर पाई है।

**कड़ाके की ठंड में बोलेंगे राहुल**

21 दिसंबर को हरियाणा में एंट्री के वक्त ही प्रदेश कांग्रेस ने राजस्थान बॉर्डर पर ही 30 मिनट की पब्लिक मीटिंग रखी है। सुबह 6 बजे के वक्त 10 डिग्री तापमान से भी कम में राहुल गांधी लोगों को संबोधित करेंगे। इस सभा में राहुल गांधी के बोलने के लिए 10 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। अन्य कांग्रेसी नेताओं को अपने संबोधन के लिए सिर्फ 4 मिनट ही मिलेंगे।

**पहले चरण में 6 लोकसभा सीटों पर फोकस**

भारत जोड़ो यात्रा के पहले चरण में हरियाणा कांग्रेस राज्य की 6 लोकसभा सीटों पर फोकस करेगी। इनमें फरीदाबाद, गुड़गांव, सोनीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र और अंबाला की लोकसभा सीटें शामिल हैं, इनके अंतर्गत राज्य की 90 विधानसभा सीटों में से 54 विधानसभाएं भी हरियाणा कांग्रेस कवर करेगी।

**हरियाणा में 105 वें दिन में यात्रा करेगी प्रवेश**

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा हरियाणा में प्रवेश करते ही 105 दिन पूरे हो जाएंगे। यात्रा सुबह 6 बजे राजस्थान से नूंह जिले में प्रवेश करेगी। 10 सुबह फिरोजपुर झिरका अनाज मंडी में यात्रा के लिए नाश्ते का प्रबंध किया गया है। शाम 4 बजे नासिर बस यात्रा पहुंचेगी। शाम 5 बजे यात्रा भडास नगीना में ब्रेक लेगी फिर अकेड़ा में रात्रि विश्राम होगा।

**22 को राहुल जाएंगे गांधी ग्राम**

दूसरे दिन 22 दिसंबर को यात्रा मलाब गांव से सुबह 6 बजे शुरू होगी। 10 बजे फिरोजपुर नमक में नाश्ता होगा। 4 बजे मेवात के गांधी ग्राम घासेड़ा में राहुल पहुंचेंगे। रात्रि विश्राम वल्लभगढ़ के नजदीक लखवास सोहना गांव में होगा। 23 दिसंबर को हरचंद पुर से यात्रा शुरू होगी। पाखल गांव में सुबह 10 बजे ब्रेकफास्ट और 5 बजे शाम का ब्रेक होगा। फरीदाबाद में यात्रा का रात्रि विश्राम होगा।

**दिन रात चल रही तैयारियां**

हरियाणा में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी की पब्लिक मीटिंग के लिए भव्य पंडाल बनाए जा रहे हैं। इसके लिए रात दिन काम चल रहा है। पहली पब्लिक मीटिंग राजस्थान एंट्री के दौरान होगी। इसके लिए तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। सुबह कड़ाके की ठंड को देखते हुए तंबू वाटर प्रूफ बनाया जा रहा है। दूसरे राज्यों से प्रशिक्षित कारीगर बुलाए गए हैं।

# सो रही नाबालिग अदिवासी लड़की को अगवा कर ले गए बदमाश

## दुष्कर्म की आशंका, पीड़िता बोली- जहर पिलाया था

खंडवा, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के खंडवा में रातभर से गायब 16 वर्षीय लड़की कपास के खेत में बेहोशी की हालत में पड़ी मिलने से सनसनी फैल गई। पीड़िता ने कहा कि उसे चार नकाबपोश लड़के उठा कर ले गए थे और फिर जहर पिला दिया है। परिजन ये सुनकर घबरा गए। वे उसे तत्काल जावर के प्राथमिक चिकित्सालय लेकर पहुंचे। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया, जिसके बाद पुलिस अधिकारी, महिला तहसीलदार नाबालिग के बयान लेने पहुंची। फिलहाल, प्राथमिक जांच में स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है। पुलिस की पड़ताल जारी है। दरअसल रविवार को जावर में रहने वाला आदिवासी परिवार 16 वर्षीय बेटी की गुमशुदगी दर्ज करवाने पहुंचा। उन्होंने पुलिस से कहा कि बेटी रात को घर में सोई थी। देर रात 12-1 बजे जागे तो बेटी पलंग पर नहीं थी। तब से हम उसे तलाश रहे हैं। थाना प्रभारी शिवराम जाट ने जब लड़की की उम्र पूछी तो परिजन ने कहा कि वह 17-18 साल की है। इस पर टीआई ने उन्हें आधार कार्ड लाने के लिए कहा। परिजन जब उम्र से जुड़े कागज लेने घर पहुंचे तो कुछ देर बाद लापता बेटी घर के पास प्रताप के खेत में अचेत हालत में पड़ी मिली । पीड़िता के आसपास उल्टी पड़ी थी और उसकी सांसें भी कम चल रही थी। माता-पिता तत्काल अन्य लोगों की मदद से लड़की को जावर के अस्पताल लेकर पहुंचे। बीएमओ डॉ. योगेश सोनी व स्टाफ ने जब पीड़िता से बात की तो उसने बताया कि रात को चार लड़के उसे जबरदस्ती उठाकर खेत में ले गए थे। उन्होंने मुंह पर कपड़ा बांधा था। उन्होंने मुझे जहर पिला दिया। जब चैकअप किया तो प्राइवेट पार्ट से खून बहता देख डॉक्टर व स्टाफ ने अंदेशा जताया कि लड़की के साथ दुष्कर्म हुआ है। डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## शिव मंदिर में बैठकर गलत हरकत करता था युवक, महिलाओं ने बनाया वीडियो, पुलिस ने किया गिरफ्तार

इंदौर, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। इंदौर के प्रकाश नगर स्थित शिव मंदिर में गलत हरकतें करने वाले युवक को शनिवार दोपहर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. उस पर जिला कलेक्टर ने रासुका की कार्रवाई की है. आरोपी के पकड़ने की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में लोग थाने पर जमा हो गए, जिसके बाद थाने पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया. शनिवार के दिन इस मामले को लेकर संयोगितागंज थाने पर सैकड़ों हिंदूवादियों ने जमकर प्रदर्शन किया. प्रदर्शन वरिष्ठ अधिकारियों के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ. दरअसल, प्रकाश नगर स्थित शिव मंदिर में एक युवक अश्लील हरकतें करता था. यह युवक महिलाओं पर भद्दे कमेंट्स करता था, जिससे परेशान महिलाओं ने उसका वीडियो बना लिया और क्षेत्रीय पार्षद के पास पहुंच गईं. पार्षद मनीष मामा वीडियो लेकर संयोगितागंज थाने पहुंचे और पुलिस में शिकायत की. उन्होंने पुलिस को ये वीडियो दिखाया, जिसमें लाल टीशर्ट में एक युवक मंदिर के अंदर बैठकर गलत हरकत करते हुए दिख रहा था. इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग को लेकर पार्षद भूख हड़ताल पर थाने में बैठ गए. लेकिन टीआई तहजीब काजी के आरोपी को जल्द पकड़कर सख्त कारवाई के आश्वासन के बाद वे धरने से उठे. महिलाओं ने बताया कि प्रकाश नगर के शिव मंदिर में सलीम नाम का बदमाश गर्भगृह में बैठा रहता है. वहां कई बार वो अपने कपड़े उतार लेता है. इसके बाद अश्लील हरकतें करने लगता है. इसके चलते कई महिलाओं ने मंदिर आना ही बंद कर दिया था. तब कुछ महिलाओं ने ऐसी हरकतों का वीडियो बना लिया. यह वीडियो महिलाओं ने पार्षद मनीष मामा को सौंपा गया. संयोगितागंज टीआई तहजीब काजी ने बताया कि शिकायत के बाद बदमाश सलीम उर्फ घण्टी को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया गया.

## दंपती का आरोप, एयर इंडिया पायलट ने विमान के अंदर डॉगी को ले जाने से रोका, एयरलाइन ने दी सफाई

नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। बेंगलुरु के एक दंपती ने ट्विटर पर वीडियो शेयर कर एयर इंडिया के पायलट पर बोर्डिंग पास मिलने के बाद भी पालतू कुत्ते को विमान के अंदर ले जाने से रोकने का आरोप लगाया है. दंपती ने दावा किया है कि उन्होंने पालतू जानवर ले जाने के लिए सभी नियमों का पालन किया था. दंपती को शनिवार को एयर इंडिया की फ्लाइट से पहले दिल्ली और फिर अमृतसर जाना था. सचिन शेनॉय नाम के व्यक्ति ने घटना का वीडियो ट्विटर पर साझा किया और कहा कि वह अपनी पत्नी और बेटी के साथ 12 दिन की छुट्टी पर जा रहे हैं. इसके लिए तीन महीने पहले उन्होंने टिकट बुक कराई थी. वे एयर इंडिया के निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार पालतू कुत्ते को अपने साथ ले जाना चाह रहे थे.

# 2022 में भारतीयों ने सबसे ज्यादा ऑर्डर की चिकन बिरयानी

## स्विगी ने शेयर की लिस्ट, बेंगलुरु में शख्स ने ऑर्डर किया 16 लाख का सामान

नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। स्विगी ने 2022 में अपने ऐप पर भारतीयों की ओर से सबसे ज्यादा ऑर्डर की गई डिश की लिस्ट शेयर की है। इसके अनुसार, 2022 में चिकन बिरयानी सबसे ज्यादा ऑर्डर की गई। खास बात यह है कि पिछले 7 सालों में बिरयानी भारत में सबसे ज्यादा ऑर्डर की जाने वाली डिश है। कंपनी ने यह भी खुलासा किया कि बेंगलुरु के एक व्यक्ति ने स्विगी इंस्टामार्ट से 16 लाख रुपए का किराने का सामान ऑर्डर किया। स्विगी का कहना है कि भोजन के लिए प्यार से बड़ा कोई प्यार नहीं है और कंपनी की हालिया रिपोर्ट में ऐसे कई ऑर्डर की लिस्ट है। बेंगलुरु के एक व्यक्ति ने दिवाली पर 75,378 रुपए का खाना ऑर्डर किया, जबकि पुणे के एक अन्य व्यक्ति ने अपनी टीम के लिए 71,229 रुपए के



बर्गर और फ्राइज का ऑर्डर दिया। हालांकि, अब तक बेंगलुरु के उस शख्स की कोई भी बराबरी नहीं कर पाया है, जिसने 16 लाख रुपए का किराने का सामान ऑर्डर किया था।

**सबसे ज्यादा ऑर्डर की जाने वाली डिश की लिस्ट**

चिकन बिरयानी भारत में सबसे ज्यादा ऑर्डर की जाने वाली डिश में सबसे ऊपर है। तंदूरी और मुगलई डिश के अलावा, स्विगी ने खुलासा किया कि भारतीय यूजर्स ने इस साल खाने के साथ भी काफी प्रयोग किए। कस्टमर्स ने इस साल बहुत सारी कोरियाई और इतालवी डिश का ऑर्डर भी दिया। इसमें इतालवी पास्ता, पिज्जा, मैक्सिकन बाउल, मसालेदार रेमन, सुशी, रैवियोली (इतालवी) और बिबिंबैप (कोरियाई) शामिल हैं।

**स्नैक्स में समोसा और डेजर्ट में गुलाब जामुन टॉप पर**

बात करें स्नैक्स की तो, सबसे ज्यादा समोसा ऑर्डर किया गया। इसके बाद पॉपकॉर्न, पाव भाजी, फ्रेंच फ्राइज और गार्लिक ब्रेड भी लोगों की पसंद में शामिल है। वहीं, डेजर्ट में लोगों ने सबसे ज्यादा गुलाब जामुन खाए। इसके बाद रसमलाई, चॉकलेट भी ऑर्डर किया गया।

**सबसे तेज ऑर्डर 1.03 मिनट में दिया गया**

स्विगी ने शेयर किया कि अब तक इंस्टामार्ट की ओर से सबसे तेज ऑर्डर 1.03 मिनट में दिया गया, यह ग्राहक स्टोर से 50 मीटर की दूरी पर था। कंपनी ने बताया कि लोगों ने स्विगी इंस्टामार्ट से ढेर सारे इंस्टैंट नूडल्स और दूध का ऑर्डर दिया। इसके अलावा इंस्टामार्ट पर 3,62,10,084 चिप्स का भी ऑर्डर दिया गया।

# आरोपी को परेशान करने के लिए कानून को नहीं बनाया जाना चाहिए हथियार, शीर्ष कोर्ट ने की अहम टिप्पणी

नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में सुनवाई करते हुए अहम टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून का इस्तेमाल आरोपियों को परेशान करने के लिए एक औजार के रूप में नहीं किया जाना चाहिए। साथ ही अदालतों को हमेशा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि तुच्छ मामले कानून की पवित्र प्रकृति को खराब ना करें। जस्टिस कृष्ण मुरारी और एस आर भट्ट की पीठ ने मद्रास उच्च न्यायालय के पिछले साल अगस्त के फैसले के खिलाफ एक अपील पर अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि कानून निर्दोषों की रक्षा के लिए ढाल की तरह है। उन्हें डराने के लिए तलवार के रूप में इसका इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।



**शीर्ष अदालत ने सुनाया फैसला**

शीर्ष अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के पिछले साल अगस्त के फैसले के खिलाफ एक अपील पर सुनवाई की। दरअसल,मद्रास हाईकोर्ट ने ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 के प्रावधान के कथित उल्लंघन के संबंध में एक आपराधिक शिकायत को रद्द करने की याचिका खारिज कर दी थी। जिसके बाद याचिकाकर्ताओं ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दो लोगों के खिलाफ चेन्नई की एक अदालत में लंबित आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया। जस्टिस कृष्ण मुरारी और एस आर भट की पीठ ने मद्रास उच्च न्यायालय के पिछले साल अगस्त के फैसले के खिलाफ एक अपील पर अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि मामले में प्रारंभिक जांच और शिकायत दर्ज करने के बीच चार साल से अधिक का अंतर था। इसके अलावा पर्याप्त समय बीत जाने के बाद भी शिकायत में दावों को साबित करने के लिए कोई सबूत नहीं दिया गया था।

**इस आधार पर रद्द की आपराधिक शिकायत**

अदालत ने आगे कहा कि मामले में प्रारंभिक जांच और शिकायत दर्ज करने के बीच देरी एक आपराधिक शिकायत को रद्द करने का आधार नहीं हो सकती है, लेकिन जांच और शिकायत दर्ज करने के बीच की इस 'अस्पष्टीकृत देरी' को इसे रद्द करने के आधार के रूप में एक बहुत ही महत्वपूर्ण कारक के रूप में माना जाना चाहिए।

## बंदूक से खेलते वक्त छोटे भाई ने दबाया ट्रिगर, 7 साल के मासूम की मौके पर मौत

बेंगलुरु, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। बेंगलुरु में एक सात साल के बच्चे की बंदूक से खेलते वक्त गोली चलने से दर्दनाक मौत हो गई. घटना शनिवार (17 दिसंबर) दोपहर रामनगर जिले के कनकपुरा तालुक के कडुशिवनहल्ली गांव में हुई. मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के रहने वाले अमीनुल्लाह के पुत्र शमाबीन के रूप में हुई है. पुलिस ने कहा कि अमीनुल्लाह खेत में मजदूरी का काम करता है और उसके छह बच्चे हैं. पुलिस ने बड़े भाई को गोली मारने के आरोप में छोटे भाई के खिलाफ मामला दर्ज किया है. इसके अलावा पुलिस ने अमीनुल्ला के मालिक मल्लेश (51) को भी अवैध रूप से हथियार रखने के आरोप में आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है.

# परमाणु बम की गीदड़भभकी पर

## कुमार विश्वास ने चप्पल की इमोजी के साथ लगाई लताड़, यूजर्स ने भी ली पाकिस्तान पर चुटकी



नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान अक्सर भारत को परमाणु बम की गीदड़भभकी देता रहा है और हर बार उसे इसका जवाब भी मिला है. पाकिस्तान की मंत्री शाजिया मर्री ने भारत को न्यूक्लियर युद्ध की धमकी दी तो सोशल मीडिया पर भारतीय यूजर्स ने पाकिस्तान की जमकर क्लास लगा दी. यूजर्स जमकर पाकिस्तान को बुरा भला कह रहे हैं. इन सबके बीच कवि कुमार विश्वास ने भी पाकिस्तान पर एक ट्वीट के जरिए हमला बोला. नापाक देश पर कटाक्ष करती कुमार विश्वास के ट्वीट पर भी यूजर्स प्रतिक्रिया देते हुए पाकिस्तान पर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं. शाजिया मर्री ने भारत सरकार को चुनौती देते हुए कहा था कि अगर मोदी सरकार लड़ेगी तो उसका जवाब भी उसे जरूर मिलेगा. हमको जो न्यूक्लियर स्टेट का दर्जा मिला है, वो खामोश रहने के लिए नहीं है.

**कुमार विश्वास का पाक पर कटाक्ष**

पाकिस्तानी मंत्री शाजिया मर्री की जहरीली जुबान पर कवि कुमार विश्वास ने ट्वीट किया, “ये वाला अच्छा था. चलो एक और सुनाओ”. इसके अलावा कवि ने हंसने वाली इमोजी के साथ एक चप्पल वाली इमोजी भी बनाई. पाकिस्तानी मंत्री की ओर से दी गई गीदड़भभकी पर सोशल मीडिया यूजर्स जमकर चुटकी लेते हुए पाकिस्तान को बुरा भला सुना रहे हैं.

**पाकिस्तान पर चुटकी**

अनिल कादेल नाम के एक ट्विटर यूजर ने कटाक्ष करते हुए कहा- खाने को नहीं दाने, अम्मा चली पकाने. कभी कभी मुझे लगता है कि यह सारे मुहावरे हिन्दी की रचनाकारों ने भविष्य को ध्यान में रखते हुए लिखे थे क्या? अनंत दुबे नाम के एक शख्स ने लिखा, "जब किसी की कुछ करने की हिम्मत नहीं होती तो वो मुंह ही चलता है." वहीं, नेहा दास नाम के एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा- न्यूक्लियर वेपन की स्पेलिंग अगर पूछ लें मोहतरमा से पहले...वो भी बता नहीं पाएंगी.

# देश के सिर्फ 7.20 फीसदी नागरिकों के पास पासपोर्ट

**कुछ माह में छू जाएगा 10 करोड़ का आंकड़ा**




नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। देश के 7.20 फीसदी नागरिकों के पास पासपोर्ट हैं। दिसंबर के मध्य तक 9.6 करोड़ लोगों के पासपोर्ट बन चुके थे। इनमें से अधिकांश पासपोर्ट बीते एक दशक में बने हैं। अगले कुछ माह में ये आंकड़ा 10 करोड़ तक पहुंचने वाला है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के आंकड़ों के अनुसार, 2.2 करोड़ से अधिक या लगभग एक चौथाई (23%) पासपोर्ट केरल और महाराष्ट्र में जारी किए गए। तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पंजाब, गुजरात और कर्नाटक उच्च संख्या वाले अन्य बड़े राज्यों में शामिल हैं। हालांकि, आजादी के 75 सालों की तुलना में देखें तो कुल पासपोर्ट की यह संख्या मामूली है। इसकी वजह यह रही कि हाल ही तक पासपोर्ट जारी करने की नीति बहुत सख्त थी। हाल ही में विदेश जाने की आशंका बढ़ी है, इसलिए पासपोर्ट बनवाने वालों की संख्या भी बढ़ी है। इसी कारण केंद्र सरकार पासपोर्ट सेवा केंद्रों की (पी एसके) की संख्या बढ़ा रही है। सरकार की उदार व आसान पासपोर्ट नीति के कारण अब औसत रूप से छह दिन में पासपोर्ट बन जाते हैं, जबकि 2015 में 21 दिन लगते थे। 2015 और 2022 के बीच कम से कम 368 नए पासपोर्ट सेवा केंद्र बनाए गए। 2014 में 153 की तुलना में 2022 में पीएसके की संख्या में 340 फीसदी की वृद्धि हुई है। विदेशों में भी 140 से अधिक भारतीय मिशनों में पासपोर्ट जारी किए जाते हैं। देश में प्रति व्यक्ति आय बढ़ने, नियमों में ढील और विदेशों में शिक्षा और नौकरी के अवसरों में वृद्धि के कारण पासपोर्ट आवेदकों की संख्या बढ़ रही है। इस वर्ष 12 दिसंबर तक 1.1 करोड़ से अधिक पासपोर्ट जारी किए जा चुके हैं। इनमें से 10.5 फीसदी विदेशों में भारतीय मिशनों द्वारा जारी किए गए हैं। यह 2021 में जारी किए गए पासपोर्ट की संख्या से 36 फीसदी अधिक है और 2020 में कोविड-19 वर्ष की तुलना में 81.5% अधिक है।

# 50 फीसदी लापता महिलाओं का सुराग नहीं, निर्भया फंड के बाद भी नहीं थम रही मानव तस्करी




नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। देश में खासतौर पर महिलाओं की तस्करी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। साल 2017 से 2021 के बीच देश में 1651809 महिलाएं गायब/लापता हुई थीं। इनमें से 866571 महिलाओं का पता लगाया जा सका है। मतलब, केंद्र एवं राज्यों की विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियां 50 फीसदी लापता महिलाओं का सुराग नहीं लगा पा रही हैं। महिलाओं के गायब होने के मामले में महाराष्ट्र पहले स्थान पर है, जबकि पश्चिम बंगाल का दूसरा नंबर है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मौजूदा मानव तस्करी रोधी इकाइयों (एएचटीयू) को सुदृढ़ करने के लिए निर्भया फंड के अंतर्गत 98.96 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है। इसके बावजूद मानव तस्करी के मामलों की रफ्तार थम नहीं पा रही है। हाल ही में यह खबर सामने आई थी कि महाराष्ट्र में निर्भया फंड के तहत मिले 30 करोड़ रुपये से विधायकों के लिए वाहन खरीदे गए हैं।

**पिछले पांच साल में गायब हुई हैं इतनी महिलाएं**

साल 2017 के दौरान 18 वर्ष से अधिक आयु की 2,83,428 महिलाएं गायब हो गई थीं। इनमें से 15,359 महिलाओं का पता लगा लिया गया। 2018 में 3,06,733 महिलाएं गायब हुई थीं, जिनमें से 1,61,110 महिलाओं को ढूंढने में सफलता हाथ लगी। 2019 में विभिन्न राज्यों से 3,42,168 महिलाएं लापता हो गई थीं। इनमें से कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने 1,74,278 महिलाओं को खोज निकाला। 2020 में 3,44,422 महिलाएं लापता हुईं, जिनमें से 1,75,326 महिलाओं का पता लगा लिया गया। 2021 में 3,75,058 महिलाओं के गायब होने की सूचना मिली थी। इनमें से 2,02,298 महिलाओं को ढूंढने में सफलता मिली। केंद्रीय गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा ने संसद सत्र के दौरान पूछे गए एक सवाल के जवाब में बताया, चूंकि संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत 'पुलिस और लोक व्यवस्था' राज्य सूची के विषय हैं। ऐसे में मानव तस्करी के अपराध को रोकने और उससे निपटने के लिए आवश्यक कदम उठाने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की है।

**'निर्भया निधि' के तहत मिले 98.96 करोड़ रुपये**

गृह मंत्रालय ने मौजूदा मानव तस्करी रोधी इकाइयों (एएचटीयू) को सुदृढ़ करने तथा राज्यों व संघ क्षेत्रों के सभी जिलों को कवर करते हुए नए एएचटीयू की स्थापना करने के लिए 2019-20 और 2020-21 के दौरान सभी राज्यों को 'निर्भया निधि' के तहत 98.96 करोड़ रुपये वित्तीय सहायता प्रदान की है। एएचटीयू एकीकृत कार्यबल इकाइयां हैं, जिन्हें व्यक्तियों की तस्करी को रोकने और उससे निपटने तथा तस्करी के अपराध की जांच करने व अभियोजन चलाने का अधिदेश प्राप्त है। राज्यों और संघ राज्य प्रदेशों में कुल 768 एएचटीयू स्थापित किए गए हैं। मानव तस्करी के पीड़ितों को बचाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्रों में एएचटीयू की स्थापना के लिए सीमा रक्षक बलों, जैसे बीएसएफ और एसएसबी को अनुदान सहायता भी प्रदान की गई है। बीएसएफ और एसएसबी ने सीमावर्ती क्षेत्रों में क्रमशः 15 और 5 एएचटीयू स्थापित किए हैं।

**पूर्वोत्तर राज्यों में मौजूद 42 आश्रय गृह ...**

गृह मंत्रालय समय-समय पर 'न्यायिक वार्तालाप' और राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित करने के लिए राज्यों को वित्तीय मदद प्रदान करता है। इसका मकसद, न्यायिक और पुलिस अधिकारियों को मानव तस्करी से संबंधित कानूनों के नवीनतम प्रावधानों के बारे में अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराना है। गृह राज्य मंत्री के मुताबिक, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने सूचित किया है कि नए अनुमोदित 'मिशन शक्ति' के तहत, तस्करी की रोकथाम के लिए कठिन परिस्थितियों में रह रही महिलाओं के लिए 'स्वाधारगृह और उज्जवला गृह' का आपस में विलय कर दिया गया है। इनका नाम बदलकर अब 'शक्ति सदन' हो गया है। यह एक एकीकृत राहत और पुनर्वास गृह है। पूर्वोत्तर राज्यों में 42 आश्रय गृह हैं। इनमें से असम में 19, मणिपुर में 22 और मिजोरम में एक आश्रय गृह शामिल है।

**ली जा रही 'क्राइम मल्टी एजेंसी सेंटर' की मदद**

इसके अलावा गृह मंत्रालय ने क्राइम मल्टी एजेंसी सेंटर (क्राई-मैक), राष्ट्रीय स्तर का संचार प्लेटफार्म लांच किया है। इसके अंतर्गत देश में मानव तस्करी के मामलों सहित बड़े अपराधों संबंधी सूचना का सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के पुलिस अधिकारियों के बीच त्वरित (रियल टाइम) आधार पर प्रसार करने और उसे साझा करने की सुविधा भी प्रदान करता है। क्राई-मैक, विभिन्न अपराध से संबंधित कार्य को देख रहे पुलिस अधिकारियों के बीच अंतर-राज्जीय समन्वय में सक्षम बनाता है। गृह मंत्रालय, मानव तस्करी से संबंधित राज्य और संघ राज्य क्षेत्र के नोडल अधिकारियों के साथ मिलकर काम करता है।

स्वतंत्र वार्ता

मंगलवार, 20 दिसंबर, 2022

# कैसे रुकेगा लवजेहाद का सिलसिला ?



मनोज कुमार अग्रवाल

उत्तर प्रदेश में लवजेहाद थमने का नाम नहीं ले रहा है पश्चिमी व पूर्वी उत्तर प्रदेश में हर दिन एक दो मामले सामने आ रहे हैं जिससे पता चलता है कि एक साजिश के तहत एक संप्रदाय विशेष के युवक लड़कियों को गुमराह कर जाल में फंसा रहे हैं और उनका ब्लेकमेल कर जबरन दबाव बना कर धर्मांतरण कर निकाह करने के लिए मजबूर करते हैं। ताजा मामला उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लव जिहाद का मामला सामने आया है। यहां युवक ने नाबालिग का अपहरण करके उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद विडियो क्लिप को हथियार बना कर हिन्दू लड़की का जबरन धर्म परिवर्तन करवाया। इसके बाद उसके साथ निकाह कर लिया। जानकारी होने पर परिजन थाने पहुंचे और तहरीर दी। पुलिस मुकदमा दर्ज करके जांच कर रही है। मामला करछना थाना क्षेत्र का है। पीड़िता की मां ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले निहाल अंसारी का उनके घर आना जाना था। वह लोग गरीब हैं, इस कारण वह उनके घर का सामान व कपड़े वगैरह दे जाता था। इसी बीच उसने उसकी नाबालिग बेटी को अपने प्यार के झांसे में फंसा लिया। एक दिन उसने नाबालिग को बहला फुसलाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद वह अक्सर उस पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा।आरोप है कि कि मना करने पर उसका वीडियो वायरल करने की धमकी देता था। किसी को बताने पर वह पीड़िता व परिवार वालों को जान से मारने की धमकी देता था। बताया गया है कि बीती 30 अक्टूबर को वह उसकी नाबालिग बेटी का अपहरण कर ले गया। उसे बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। इसके बाद उसने जबरन बेटी का धर्म परिवर्तन करवा करके उसके साथ निकाह कर लिया। काफी खोजबीन के बाद बेटी कहां है, इस बात का पता चला। इसके बाद पीड़िता की मां ने थाने में तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने 14 दिसंबर को मुकदमा दर्ज किया है।पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसपी यमुनानगर सौरभ दीक्षित ने

**इस छात्रा के परिजनों ने अपनी तहरीर में शिकायत करते हुए बताया है कि वह सासनी गेट थाना इलाके के महेंद्र नगर के एक क्षेत्र के निवासी हैं। उनकी 20 वर्षीय बेटी अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से फैशन डिजाइनिंग का कोर्स कर रही थी।**

बताया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद पीड़िता को बंधन मुक्त करा दिया गया है। उसे मेडिकल के लिए भेजा गया है। आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ नाबालिग से जबरन शारीरिक संबंध बनाने, जबरन धर्म परिवर्तन कराने के मामले में जेल भेजा गया है। अभी 18 दिसंबर को ही कानपुर में लवजेहाद का मामला सामने आया है। कानपुर के नवाबगंज से लापता युवती को नवाबगंज पुलिस ने एमपी के धार जिले से बरामद कर लिया है। पूछताछ में युवती ने बताया कि उसका धर्मांतरण कराकर युवक निकाह करने के लिए सूरत ले जा रहा था। अनरगंज निवासी युवक ओवैस को अरेस्ट कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। आपको याद होगा कि पिछले महीने ही लखनऊ में भी लव जिहाद का सनसनीखेज़ मामला सामने आया है। जबरन धर्म परिवर्तन के नाम पर लखनऊ में 19 साल की निधि को सूफियान नामक शख्स ने बेरहमी से मार दिया गया। प्रेम के जाल में फंसाकर सूफियान ने निधि का ब्रेन वॉश कर उसका धर्म बदलने की कोशिश की लेकिन जब वो नहीं मानी तो सूफियान से उसे मौत के घाट उतार दिया। सूफियान ने निधि गुप्ता को चौथी मंजिल से नीचे फेंक दिया। निधि को गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी । हाल ही में तीन नवंबर को बुलंदशहर के थाना खुर्जा नगर क्षेत्र की रहने वाली दलित युवती ने मुख्यमंत्री योगी को ट्वीट कर दूसरे समुदाय युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता का आरोप है कि मुस्लिम युवक ने नाम बदलकर बहला-फुसलाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और उसकी वीडियो भी बनाया। महिला गर्भवती भी हो गई जब उसने उसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई। पीड़ित युवती का कहना है कि जब वह गर्भवती हुई तो आरोपी जुनैद उसकी वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। पीड़िता ने सीएम योगी से कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने वायरल वीडियो में यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी के द्वारा यह कहा गया है हिंदू लड़की को फंसाकर मुस्लिम बनाने का मिशन चल रहा है। ये मिशन पूरा करने पर 2 लाख रुपये मिलते हैं। उधर बांदा में एक युवक ने शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की के साथ रेप की वारदात को अंजाम दिया। आरोप है कि युवक और उसके परिजन ने लड़की को मुस्लिम धर्म अपनाने का दबाव भी बनाया। पुलिस ने लड़की की शिकायत पर रेप और धर्म परिवर्तन का केस दर्ज कर सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी फरार है। जानकारी के अनुसार, शहर कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक लड़की एक सितंबर को साइबर कैफे जा रही थी। रास्ते में उसका प्रेमी अपने परिजन की मदद से उसे बहला फुसलाकर कानपुर ले गया। वहां से लखनऊ, झांसी, बाराबंकी ले गया। वह हैदराबाद जाने की तैयारी कर रहा था, उसी दौरान एक दरगाह पर ले गया, जहां धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। आरोप है कि युवक शादी का झांसा देकर लड़की के साथ दुष्कर्म भी करता रहा। शादी के लिए लड़के के परिवार वाले धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहे थे, लेकिन लड़की मौका पाकर भाग निकली और घर पहुंचकर परिजन को आपबीती बताई। परिजनों ने पुलिस से शिकायत कर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया। उधर अलीगढ़ में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की एक छात्रा के साथ भी लव जिहाद का आरोप लगाया गया है। पीड़ित के पिता ने ने तहरीर में आगे लिखा है कि षड्यंत्र के तहत दोनों बहनों के भाई अयान व असजद 21 सितम्बर की सुबह 3 बजे उनकी 20 वर्षीय बेटी को बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गए। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो वे लोग पता करते हुए क्वार्सी थाना क्षेत्र के प्रगति बिहार निवासी आरोपी पक्ष के घर पहुंचे तो वहां आरोपी पक्ष ने उनकी बेटी का धर्म परिवर्तन कर शादी (निकाह) करा उत्तर प्रदेश की अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में पढ़ने के दौरान एक फैशन डिजाइनिंग का कोर्स कर रही छात्रा के साथ षड्यंत्र के तहत लव जिहाद का मामला सामने आया है। परिजनों की तहरीर पर सासनी गेट थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार भी कर लिया है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

इस छात्रा के परिजनों ने अपनी तहरीर में शिकायत करते हुए बताया है कि वह सासनी गेट थाना इलाके के महेंद्र नगर के एक क्षेत्र के निवासी हैं। उनकी 20 वर्षीय बेटी अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से फैशन डिजाइनिंग का कोर्स कर रही थी। पढ़ाई के दौरान ही उसकी दो सहेलियां ने उनकी बेटी को हिन्दू धर्म के विरुद्ध बरगलाते हुए इस्लाम धर्म अपनाने का दबाब बनाया। आगे उससे कहा कि वह दोनों बहनें उसकी शादी अपने भाई अयान से करा देंगी। जाहिर है कि यूपी में लवजेहाद चरम पर है। हर वारदात पिछली वारदात से अधिक संगीन व दिल दहलाने वाली है। सरकार लड़कियों की सुरक्षा के लाख दावे करे लेकिन अभी तक पुलिस लव जिहाद को रोकने में नाकाम बनी हुई है। जरूरत इस बात की है कि प्रदेश में लवजेहाद के धंधे बाजों के साथ और अधिक सख्त कार्रवाई की जाए ताकि इस अपराध को अंजाम देने वालों में भय पैदा हो सके।

## शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन

सरकारें चाहे जिसकी रही हों, सभी ने शिक्षा नीति में सुधार के लिए कई कल्याणकारी कदम उठाए, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे बच्चों तक भी शिक्षा का दीप जल सके। इसके लिए कई कडे कानून भी बनाए गए। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि तमाम कानूनी प्रावधानों के बावजूद आज भी गरीब परिवारों के बच्चों की पहुंच शिक्षा के मंदिर तक नहीं हो सकी है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों के लिए सरकारी स्कूलों के दरवाजे खुले जरूर हैं लेकिन वहां भी उन्हें प्रवेश के लिए कई कठिनाइयों से गुजरना पडता है। अच्छी शिक्षा मुहैया करने की इच्छा से निजी स्कूल में दाखिला कराने वाले परिवारों की राह में ऐसे रोडे अटका दिए जाते हैं कि उनके बच्चों का प्रवेश वहां हो ही नहीं पाता। निजी स्कूल यह सब तब करता है जब बाकायदा कानूनी तौर पर इस नियम को पालन करना उनके लिए जरूरी बनाना गया है। निजी स्कूलों में कुल दाखिलों में कुछ फीसदी हिस्सा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों के लिए सुरक्षित रखने का प्रावधान है लेकिन स्कूल इसका पालन बहुत ही कम करते हैं। गरीब बच्चों को दाखिले से वंचित करने के ऐसे लगातार मामलों को देखते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने सख्त आदेश देते हुए कहा है कि निजी स्कूलों को पच्चीस फीसद सीटों पर कम आय वर्ग के बच्चों को दाखिला देना अनिवार्य होगा। सुनवाई के दौरान अदालत ने तो यहां तक कहा कि जिन स्कूलों ने शिक्षा के अधिकार कानून का उल्लंघन किया है उनकी तो मान्यता रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर देनी चाहिए। ऐसे में सवाल तो बनता है कि शिक्षा का अधिकार यानी आरटीई अधिनियम को लागू हुए करीब बारह साल बीत चुके हैं, इसके बाद भी ऐसे हालात आज भी क्यों हैं? आखिर हालात इतने खराब क्यों है कि किसी अदालत को यह याद दिलाना पड़ रहा है कि इस कानून का उल्लंघन हो रहा है और सरकार इसे सख्ती से लागू करने के लिए जरूरी कदम उठाए। आरटीई कानून के प्रावधानों के मुताबिक कक्षा में घोषित कुल सीटों में से पच्चीस फीसद पर आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित समूहों के बच्चों को दाखिला मिलना चाहिए। लेकिन निजी स्कूलों में इस नियम की खुली अनदेखी की जा रही है। आखिर इस लापरवाही की वजह क्या है और सरकार को इतने गंभीर मामले पर अपनी ओर से सक्रिय होना और समय पर कार्रवाई करना क्यों जरूरी नहीं लग रहा है? ऐसे में अदालत ने निजी स्कूलों के साथ-साथ दिल्ली सरकार को भी फटकार लगाई और शिक्षा का अधिकार कानून पर अमल के लिए सख्ती बरतने को कहा। कमोबेश यही हाल पूरे देश के स्कूलों का है। एक ओर तो आजादी का अमृत महोत्सव बनाया जा रहा है तो ऐसे में अदालत की यह टिप्पणी और अहम हो जाती है। देखा जाए तो सामाजिक और आर्थिक स्वतंत्रता अभी भी आम आदमी से कोसों दूर है। अब वक्त आ गया है कि न्यायपालिका भी लोगों तक पहुंचे, न कि लोगों के इसके दरवाजे पर पहुंचने का इंतजार किया जाए। गरीब बच्चों को शिक्षा के मौलिक अधिकार का लाभ उठाने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाने तक की न हिम्मत है और न ही कूबत। इसलिए अदालत को ही इनकी समस्याओं को संज्ञान लेना पडेगा। बता दें कि दिल्ली सरकार ने अपने कामकाज में सबसे ज्यादा प्रचार इस बात का किया है कि उसने यहां शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी काम किए हैं, सभी तबकों तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित की है और इसकी समूची तस्वीर बदल दी है। सबको शिक्षा मुफ्त दी जा रही है। लेकिन इसके समांतर यह हकीकत क्यों है कि गरीब या वंचित तबकों के बच्चों को अपने शिक्षा के अधिकार बाधित होने की वजह से अदालत की शरण में जाना पड़ रहा है? स्कूलों के लिए सस्ती दर पर जमीन हासिल करने वाले स्कूल मालिक अब तक नियम-कायदों की अनदेखी करते हुए गरीब तबके के बच्चों को उनके अधिकार से वंचित क्यों रखते आ रहे हैं? क्या यह सरकार की जिम्मेदारी नहीं है कि वह अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले निजी स्कूलों में इस नियम पर सौ फीसद अमल सुनिश्चित करे? ताकि गरीबों के होनहार बच्चे भी अच्छी शिक्षा से वंचित न रह सकें।

## प्रतियोगी छात्रों में आत्महत्या के बढ़ते मामले



प्रियंका सौरभ

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो की एक्सीडेंटल डेथ्स एंड सुसाइड इन इंडिया रिपोर्ट से पता चलता है कि आत्महत्या से छात्रों की मौत की संख्या में 4.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसमें महाराष्ट्र में सबसे अधिक मौतें हुईं, इसके बाद मध्य प्रदेश और तमिलनाडु का स्थान रहा। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले पांच सालों से छात्रों की आत्महत्या के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। छात्रों में आत्महत्या के बढ़ते मामलों के पीछे कारणों में बेरोजगारी दर बहुत अधिक है। सिक्किम में, राज्य की लगभग 27% आत्महत्याएँ बेरोजगारी से संबंधित थीं और 21 से 30 वर्ष की आयु के बीच सबसे आम पाई गईं। परीक्षा केंद्रित शिक्षा से भारत में छात्रों की आत्महत्याओं में अंक, अध्ययन और प्रदर्शन के दबाव के साथ अकादमिक उत्कृष्टता की तुलना करना महत्वपूर्ण कारक हैं। ऐसा क्या है जो छात्रों को आत्महत्या के लिए इतना प्रवृत्त करता है? भारत में किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे किसी भी छात्र के साथ एक साधारण साक्षात्कार, चाहे वह जेईई, एनईईटी या सीएलएटी हो, यह प्रकट करेगा कि छात्रों के बीच मानसिक संकट का प्रमुख स्रोत उन पर दबाव की असहनीय मात्रा है जो लगभग हर एक द्वारा डाला जाता है। उन कुछ वर्षों की अवधि के दौरान जो हम छात्र एक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए अलग रखते हैं, हर शिक्षक, हर रिश्तेदार और हर चाची या चाचा कठिन अध्ययन और एक अच्छे कॉलेज में प्रवेश पाने के महत्व को दोहराते हैं। जबकि छात्र स्कूल से स्नातक होने के बाद क्या करने की आकांक्षा रखता है, या जहां उसकी रुचियां हैं, उसके बारे में सहज पूछताछ की बहुत सराहना की जाती है और यहां तक कि हमें प्रेरित भी करती है, विशेष रूप से कुछ माता-पिता, कई रिश्तेदारों और अधिकांश कोचिंग क्लास के हाथों लगातार होने वाली बहस प्रशिक्षकों का निश्चित रूप से हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है। इससे यह सवाल उठता है कि छात्रों के दिमाग से दबाव को कम करने के लिए क्या किया जा सकता है। इस प्रश्न का उत्तर इतना जटिल नहीं है और वास्तव में यह हमारी आंखों के सामने है। प्रवेश परीक्षाओं के व्यावसायीकरण पर अंकुश लगाने के लिए पहला कदम उठाने की जरूरत है। इन सभी परीक्षाओं की अत्यधिक जटिल प्रकृति (सभी नहीं) का अनिवार्य रूप से मतलब है कि उन्हें पास करने के लिए माता-पिता को अपने बच्चों को प्रतिष्ठित कोचिंग सेंटरों में दाखिला दिलाने का सपना पूरा करना होगा, इससे छात्र के लिए एक से अधिक तरीकों से समस्या बढ़ जाती है क्योंकि वह कोचिंग पर माता-पिता द्वारा खर्च किए गए पैसे को चुकाने के लिए अब परीक्षा को पास करने का दबाव बढ़ गया है और उसे कोचिंग संस्थान के अतिरिक्त दबावों का भी सामना करना पड़ता है। जब तक देश की परीक्षा संस्कृति से इस कुत्सित व्यवस्था को समाप्त नहीं किया जाता है, तब तक छात्रों में आत्महत्या की दर को रोकने के मामले में कोई प्रत्यक्ष परिवर्तन नहीं देखा जाएगा। सरकार को इस मुद्दे पर संज्ञान लेना चाहिए, अगर वास्तव में हम सोचते है कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। जबरन करियर विकल्प देने से कई छात्र बहुत अधिक मात्रा में दबाव के आगे झुक जाते हैं, खासकर उनके परिवार और शिक्षकों से उनके करियर विकल्पों और पढ़ाई के मामले में।

# राष्ट्र के विकास की धुरी है किसान



डॉ. शंकर सुवन सिंह

भारत एक कृषि प्रधान देश है। भारत की आधी से ज्यादा आबादी खेती पर निर्भर रहती है। किसान अनाज उगाकर अपना जीवन यापन करता है और लोग इसी अनाज को खाकर जीवित रहते हैं। जब किसान अनाज उगाता है तब वह लोगों के थाली में आता है। खेती सम्बन्धी कार्य को करने वाला व्यक्ति किसान कहलाता है। किसान को कृषक या खेतिहर के नामों से भी पुकारा जाता है। खाद्यान्न के उत्पादन से लेकर विपणन तक की व्यवस्था किसानों के जिम्मे होती है। किसान खेत का मालिक हो सकता है। कृषि भूमि के मालिक द्वारा काम पर रखा गया मजदूर भी किसान हो सकता है। श्रम के बिना किसान या श्रमिक होना असंभव है। अतएव किसान और श्रमिक एक दूसरे के पूरक हैं। कृषक शब्द श्रम से बना है। श्रम का मतलब मेहनत होता है। मेहनत दो प्रकार की होती है शारीरिक मेहनत और मानसिक मेहनत। शारीरिक मेहनत करके आजीविका चलाने वाले व्यक्ति को कृषक कहते है। अर्थशास्त्र में श्रम का अर्थ है शारीरिक श्रम। इसमें मानसिक कार्य भी शामिल हैं। जिस प्रकार मछली का सम्बन्ध पानी से है, उसी तरह कृषक का सम्बन्ध श्रम से है। मछली बिना जल के जीवित नहीं रह सकती, उसी प्रकार किसान बगैर श्रम के जीवित नहीं रह सकता। कहने का तात्पर्य - श्रम आजीविका का साधन है। जिस पर कृषक निर्भर रहता है। किसान शारीरिक श्रम करके अपना और अपने परिवार का पेट पालता है। वहीँ शिक्षित वर्ग मानसिक श्रम करके अपना और अपने परिवार का पेट पालता है। किसान और शिक्षित वर्ग दोनों श्रमिक हैं। एक शारीरिक श्रम पर निर्भर है तो दूसरा मानसिक श्रम पर। अतएव बिना श्रम के किसान की बात करना निरर्थक है। श्रम है तो कृषक है। किसान निष्काम सेवा का सबसे बड़ा प्रमाण है। परिश्रम रूपी जीवन का दूसरा नाम ही किसान है। मिट्टी को सोना हमारे किसान ही बनाते हैं। हीरे जवाहारात रूपी लहलहाती फसलें धरती के सौंदर्यीकरण में चार चाँद लगा देती हैं। धरती की सुंदरता का सशक्त माध्यम किसान ही है। किसान कर्मयोगी है। सख्त धुप, कड़कड़ाती ठण्ड और घनघोर बारिश में कर्मयोगी की भाँति वह अपनी साधना में लीन रहते है। किसान सभी ऋतुओं का आनंद लेता है। किसान अपने आप को सभी मौसम में ढाल लेता है। मानो ऐसा लगता है मौसम और किसान एक दूसरे के पूरक हों। सारी ऋतुएं किसान के सामने हँसती-खेलती निकल जाती हैं। किसान मिट्टी/धरती का पालन हार है। धरती की मिट्टी तभी सोना उगलती है जब किसान उस मिट्टी को उपजाऊ बनाता है। अन्न का उत्पादन मिट्टी पर ही आधारित है। जिस प्रकार सृष्टि का संचालन भगवान विष्णु करते हैं उसी प्रकार किसान मिट्टी के सौंदर्यीकरण के द्वारा सृष्टि का संचालन और कल्याण करता है। सृष्टि का संचालन खाद्यान्न/अन्न द्वारा ही संभव है। अन्न है तो सब धन्य है। अतएव अन्न का धन्यवाद करिये जिससे किसान को प्रेरणा मिले। किसान में हम भगवान विष्णु के दर्शन कर सकते हैं। भारत देश की मिट्टी सोना है तो भारत का किसान सोनार है। एक अच्छा सोनार ही सोने की प्रमाणिकता को साबित कर सकता है। उसी प्रकार एक किसान अपनी लहलहाती फसलों के द्वारा मिट्टी या धरती के सौंदर्यीकरण की प्रमाणिकता को साबित करता है। तभी तो कहा जाता है मेरे देश की धरती सोना उगले, उगले हीरे मोती, मेरे देश की धरती। देश में किसान की स्थिति हमेशा से ही चर्चा का विषय बनी रहती है। ख़ास तौर पर राजनितिक दलों के द्वारा चुनाव के समय इस विषय पर काफी जोर दिया जाता है। भारत देश में अधिकांश आय का स्रोत कृषि ही है और किसान इसका अभिन्न अंग है। देश की आर्थिक व्यवस्था बनाये रखने में किसान की महत्वपूर्ण भूमिका है। किसान इस देश की नींव हैं और जब इस नींव पर संकट आता है तो देश की आधार शिला तक हिल जाती है। इसलिए आज हम सबको किसान और कृषि के स्तर को और भी ज्यादा उठाने में एक साथ आगे आना चाहिए। किसान अन्नदाता है अतएव वह धरतीपुत्र भी कहलाता है। भारत में किसानों के सम्मान व आदर में राष्ट्रीय किसान दिवस 23 दिसंबर को मनाया जाता है। किसान दिवस चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष में मनाया जाता है। किसान दिवस मनाने की परंपरा वर्ष 2001 से शुरू हुई थी। देश व किसानों के लिए यह दिन बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह कृषि क्षेत्र की नवीनतम सीखों के साथ समाज के किसानों को सशक्त बनाने का विचार देता है। इस दिन आयोजित होने वाले किसान दिवस समारोह लोगों को किसानों के सामने आने वाले विभिन्न मुद्दों के बारे में शिक्षित करने का काम करते हैं। देश के प्रधानमंत्री व किसान नेता चौधरी चरण सिंह ने किसानों की भलाई के लिए सर छोटू राम की विरासत को आगे बढ़ाया था। उन्होंने 23 दिसंबर 1978 को किसान ट्रस्ट भी बनाया। जिससे, देश में किसानों के मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाई जा सके। चौधरी चरण सिंह भारत के पांचवे प्रधानमंत्री थे। चौधरी चरण सिंह ने अपने प्रधानमंत्री काल (जुलाई 1979- जनवरी 1980) में किसानों के हित में अहम फैसले लिए और कई नीतियां बनाई थी। चौधरी चरण सिंह ने एक बार कहा था कि सच्चा भारत अपने गावों में बसता है। किसान दिवस के दिन शैक्षणिक संस्थानों व किसानों से जुड़े सरकारी विभागों में विभिन्न सम्मान कार्यक्रम, वाद-विवाद प्रतियोगिता, संगोष्ठियों, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं, चर्चाओं, कार्यशालाओं और प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाता है। भारत में किसानों का योगदान अतुलनीय है जिसे शब्दों में बयान कर पाना किसी भी व्यक्ति के लिए संभव नहीं है। भारत दुनिया में पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था है। अर्थव्यवस्था में कृषि का सबसे अधिक योगदान होता है। किसी भी देश में किसान ना हो तो उस देश के नागरिकों का जीवन खतरे में पड़ जाएगा। भारत आज दुनिया का एक उभरता हुआ कृषि आधारित अर्थव्यवस्था है। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की एक रिपोर्ट के अनुसार, देश में 10. 07 करोड़ परिवार खेती पर निर्भर हैं। यह संख्या देश के कुल परिवारों का 48 फीसदी है। विश्व में कृषि उत्पादन के क्षेत्र में भारत का चौथा स्थान है। भारत में पर्याप्त मात्रा में खाने की खाद्य सामग्री का उत्पादन होता है। भारत आज तेजी के साथ दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की कतार में है। भारत सरकार को कृषि से जुड़े हुए कामों को और भी ज्यादा प्रोत्साहित करने की जरुरत है। किसानों के आर्थिक स्तर को ऊंचा करना होगा तभी भारत एक दिन विश्व में सबसे आगे होगा।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से आएगी क्रांति



डॉ रघुवीर चारण

पिछला दशक तकनीक विकास के मामले में हमारी जिंदगी में क्रांति लेकर आया है इसमें दो प्रमुख है औद्योगिक क्रांति और इंटरनेट क्रांति । औद्योगिक क्रांति ने कई नई विचारधाराओं को जन्म दिया। अगर ओद्योगिक क्रांति की शुरुआत नहीं होती, तो शायद ही कम्युनिज्म और पूंजीवाद जैसी विचारधारा आधुनिक विश्व के पटल पर अपना साकार रूप ले पाती। औद्योगिक क्रांति के चलते ही कई नई खोजों को अंजाम दिया गया। इसने आज के इस आधुनिक विश्व को गढ़ने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इंटरनेट क्रांति में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग विषय चर्चा का विषय बना हुआ है। स्वास्थ्य सेवाओं में आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल हो तो स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हो सकती है अब वो दिन दूर नहीं है जब रोबॉटिक्स डॉक्टर व नर्सिंग उपचार करते चिकित्सालय में मिल जायेंगे। स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई के आगमन से नई क्रांति इज़ाद हुई है विकसित देशों के साथ साथ विकासशील देशों में भी एआई से स्वास्थ्य ढाँचे में नवाचार आया है । हालही में अमेरिका के नेशनल कैंसर इंस्टिट्यूट की रिपोर्ट के मुताबिक सिंगल एक्स रे की सहायता से हृदय रोग से सम्बंधित विकार हार्ट अटैक, स्ट्रोक व भविष्य में होने वाले रोगों का पता चल सकेगा यानि आने वाले 10 सालों में आपकी हृदय प्रणाली कैसे काम करेगी । इन अनुमानों के पीछे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक काम करेगी इस अध्ययन में करीब 11 हजार लोगों पर सर्वे किया गया। एआई या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थात कृत्रिम बुद्धिमता वह होती है जिसके द्वारा कंप्यूटर में मानव बुद्धि के समान सोचने, समझने तर्क वितर्क करने की क्षमता विकसित करना। इसकी खोज 1950 के दशक में जॉन मैकार्थी ने की। बीते कुछ सालों में एआई सेक्टर में काफी बढ़ोतरी देखने को मिली आज खेल, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, पर्यावरण में भी एआई की अहम भूमिका है। स्वास्थ्य में रोग का सटीक नेदानिक परीक्षण समय पर हो तो मृत्यु दर को कम किया जा सकता है एआई से व्याधियों की पहचान को गति मिलेगी जिससे रोगों का उपचार जल्द होगा । विकासशील देशों में जहाँ स्वास्थ्य का आधारभूत ढांचा कमजोर हैं वहाँ पर इस आधुनिक तकनीक का प्रयोग मील का पत्थर साबित होगी। हमारे देश में बढ़ती जनसंख्या स्वास्थ्य संसाधनों की कमी प्रमुख समस्या है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से इनके बीच समनव्य स्थापित किया जा सकेगा। यदि हमें जीनोम सिक्वेंसिंग करनी हो तो मानव बुद्धि से इस कार्य में कई त्रुटियां मिलेंगी समय भी अधिक लगेगा इसी कार्य को कम्प्यूटर या मशीनों (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से किया जाए तो शीघ्रता से सटीक परिणाम मिलेंगे। महामारी काल में इसका अनुप्रयोग विभिन्न देशों में किया गया। भारत में एआई से स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तार मिलेगा ग्रामीण एवम् शहरी क्षेत्रों के बीच असमानता को दूर किया जा सकेगा देश का स्वास्थ्य ढाँचा तभी मजबूत होगा जब हमारी प्राथमिक स्तर की स्वास्थ्य सुविधाएँ सुदृढ होंगी योग्य पेशेवरों और योग्य डॉक्टरों, नर्सों, टेक्नीशियन और बुनियादी ढांचे जैसी सेवाओं की कमी को दूर किया जा सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आने से स्वास्थ्य सेवा सस्ती और सुलभ हो जाएगी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता और पहुंच में अत्यधिक वृद्धि होगी। एआई से अप्रशिक्षित कर्मियों व प्रयोगशाला बाधाओं को दूर किया जायेगा इस तकनीक से असाध्य बीमारियों का का शीघ्र निदान , परीक्षण करने से उपचार व रोकथाम में सहायता मिलेगी । कैंसर जैसी घातक बीमारी में ट्यूमर का पता करना बहुत कठिन है एआई से इसका पता जल्द मिलेगा जिससे रोगियों को समय पर उपचार मिलेगा स्तन कैंसर के रोगियों की मेमोग्राफी के ऐतिहासिक डेटा का उपयोग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए किया जा सकता है। एआई घातक बीमारीयों के बेहतर उपचार की योजना बनाने में मदद करेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से बीमारियों के बारे में समय पर संकेत मिल जाते हैं- जैसे कि सांस लेने का अनियमित पैटर्न, रक्तचाप के पैटर्न में बदलाव, या वजन में तेजी से कमी, हृदय, मधुमेह और महामारी काल में विषाणु, जीवाणु संक्रमण की रफ़्तार व स्वरूप का पता मिलेगा । नैदानिक परीक्षणों में आने वाली गलतियां कम होगी चिकित्सकों को उपचार करने में आसानी होगी। कृत्रिम चश्मों, कृत्रिम रोबॉट, यंत्रों से विकलांगता बहरापन आँखों से संबंधित विकारों में आधुनिक तकनीक से कार्य सुगम होगा।

## निरंतर परिश्रम,और महत्वाकांक्षा सफलता के सच्चे मित्र



संजीव ठाकुर

जिंदगी का मूल ही निरंतर संघर्ष श्रम संकल्प और प्रगति है। सकारात्मक उद्देश्य को लेकर किया गया श्रम सदैव श्रेष्ठ परिणाम देता है। श्रम और संघर्ष का कोई विकल्प ही नहीं है। निरंतर श्रम करना उच्च मनोबल बनाए रखना और सफलता की कामना और पवित्र महत्वाकांक्षा सफल मनुष्य के सच्चे मित्र होते हैं1 जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नवप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज में 3% नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो । वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार से मैं सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है,जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है।

# जब विष्णु से क्रोधित हो घर छोड़ चली गई मां लक्ष्मी





भारत के चार धामों में से एक धाम है जगन्नाथ धाम। यह मंदिर भारतीयों के लिए अटूट आस्था और भक्ति का वह स्थल है, जो अत्यंत चमत्कारी है। पुरी में स्थित जगन्नाथ धाम की महिमा अटूट है, जिसके चमत्कारों में पत्तों का हवा से विपरीत बहना, मंदिर के ऊपर से किसी पंछी का ना उड़ना, भगवान के प्रसाद निर्माण में होने वाला अजूबा आदि काफी प्रसिद्ध हैं। मंदिर में जगन्नाथ भगवान, बड़े भाई बलदेव जी, बहन सुभद्रा जी, और पत्नी लक्ष्मी जी के साथ विराजते हैं। मान्यता है, भगवान की प्रतिमा में आज भी श्री कृष्ण का हृदय स्थापित है, जो इस मंदिर को भारत के अन्य मंदिरों से विशेष बनाता है। आज हम जगन्नाथ मंदिर से संबंधित वह विशेष कथा आपको बताने वाले हैं, जब माता लक्ष्मी जगन्नाथ स्वामी से नाराज होकर घर छोड़कर चली गई थी। माता लक्ष्मी का अपनी भक्त के घर जाना एक बार की बात है, धन, संपदा और वैभव की देवी श्री लक्ष्मी जी अपनी एक भक्त से इतनी प्रसन्न हुई, कि उसके बुलावे पर उसके घर चली गई। माता की वह भक्त अत्यंत निर्धन थी, पर फिर भी मां के प्रति उसकी आस्था देख, लक्ष्मी जी का हृदय वात्सल्य से भर आया, और उन्होंने उस भक्त के घर पर भोजन भी ग्रहण किया। बलभद्र जी का कुपित होना इधर जब निर्धन के घर जाकर भोजन ग्रहण करने की बात बलदेव जी को पता लगी, तो उन्हे बहुत क्रोध आया। उन्होंने जगन्नाथ स्वामी से कहा "हे अनुज, घर की बहु का यूं निर्धनों के घर अकेले जाना और वहां पर भोजन ग्रहण करना बिल्कुल भी ठीक नही है। घर की बहुओं को मर्यादा की सीमारेखा नही लांघनी चाहिए"

**लक्ष्मी जी द्वारा घर छोड़ने की बात कहे जाना**

जब ये बात लक्ष्मी जी के कानो तक पहुंची तो उन्होंने भगवान की तरफ देखते हुए कहा "हे स्वामी, यदि आप कह दें, कि मैने यह गलत किया, तो मैं इसी क्षण घर छोड़कर चली जाऊंगी। भक्त को भक्ति का फल देना कोई अपराध है क्या?"लक्ष्मी जी के प्रश्न के बाद भी विष्णु जी चुप रहे, यह देख लक्ष्मी जी को क्रोध आ गया, वो बोली "मौन का अर्थ भी हां ही होता है, अर्थात मैं अब अपने कहे अनुसार घर से जाती हूं।"

**लक्ष्मी जी के घर छोड़ने के बाद घर का हाल बेहाल,**

यह कहकर वो घर छोड़कर चली गई। लक्ष्मी जी के जाते ही घर से श्री भी चली गई और घर में निर्धनता छा गई। प्रभु के खाने का, रहने का, वैभव और वस्त्र का भी ठिकाना नही रहा। लक्ष्मी जी के जाते ही घर कंगाल हो गया। यह देख बलभद्र जी को अपनी गलती का एहसास हुआ और उन्होंने भगवान से पुनः लक्ष्मी जी को वापिस लाने को कहा। जिसके बाद लक्ष्मी जी से क्षमा मांगता विष्णु जी काफी यत्न कर उन्हे वापिस वहां पर लाए।

# फेंग शुई के मुताबिक ये हैं लकी और अनलकी हाउस नंबर




अंकों से भाग्य का अंदाजा लगाने की कला दुनिया की ज्योतिष की कई विधाओं में गहरे से जुड़ी है। इसी तरह फेंग शुई और संख्याओं का एक विशेष संबंध है। ज्यादातर लोग अपने घरों के नंबरों को अपने भाग्य से जोड़कर देखते हैं। फेंग शुई ये अंदाजा लगाता है कि आपके घर का आपके जीवन पर कैसा असर हो सकता है। अंकज्योतिष आपके घर या अपार्टमेंट में चीजों का आकलन करने में मदद करता है। यह माना जाता है कि कुछ स्थितियों में अच्छी ऊर्जा आपके घर में बिना किसी रुकावट के प्रवेश कर सकती है। इसके लिए सबसे अच्छी **संख्या 1, 2, 3, 6, 8 और 9 हैं।**

फेंगशुई के एक्सपट्र्स के मुताबिक मकान नंबर 1 एक नई शुरुआत, ताजगी या जन्म का प्रतीक है और इसलिए हमेशा एक शुभ घटना से जुड़ा होता है। ये लीडरशिप, बुद्धिमत्ता और आजादी के साथ जुड़ा है। ऐसे घर में आप अपनी आजादी के साथ महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा आगे बढ़ सकते हैं। फेंग शुई के मुताबिक मकान नंबर 2 विवाह और रिलेशनशिप का प्रतीक होता है। ये आपकी लव लाइफ और सेल्फ लव का भी प्रतीक है। मकान नंबर 2 कुल मिलाकर सहयोग और संतुलन का प्रतिनिधित्व करता है। फेंगशुई में मकान नंबर 3 भी एक अच्छी संख्या है। क्योंकि ये विरासत से जुड़ा है। ये जीवन, परिवार, वृद्धि, सामाजिकता और हमारे पीछे काम करने वाली विरासत से जुड़ा है।

फेंगशुई में 4 अंक को अशुभ अंक माना जाता है। क्योंकि ये यह मौत के लिए चीनी शब्द के समान ही लगता है। चीन और कुछ अन्य एशियाई देशों में अपार्टमेंट और इमारतों में चौथी मंजिल को 4 नंबर नहीं दिया जाता है और इसे 4ए बना दिया जाता है। इसी तरह मकान नंबर 5 को आजादी से जुड़ा माना जाता है। ये अंक बदलाव से जुड़ा होता है। ये हेल्थ और भलाई से भी जुड़ा है। मकान नंबर अंक 6 शांति से जुड़ा है। ऐसे नंबर वाले घरों में रहने वाले लोग दूसरों की मदद करते हैं।



# इस पर्वत पर जाने से क्यों डरता था सुग्रीव का बलशाली भाई बाली

रामायण में श्रीराम, लक्ष्मण व माता सीता के अलावा हनुमान जी जैसे कई वीर योद्धाओं का वर्णन मिलता है। रामायण में वानरराज बाली और सुग्रीव का भी जिक्र मिलता है, जो दोनों भाई थे। बाली व सुग्रीव दोनों भाइयों के बीच खूब स्नेह व असीम प्रेम था, परंतु एक गलतफहमी के कारण दोनों के बीच दुश्मनी हो गई। जिस कारण सुग्रीव एक पर्वत पर रहने लगे थे। लेकिन बलशाली होने के बावजूद बाली उस पर्वत पर जाने से डरता था। पंडित इंद्रमणि घनस्याल से जानते हैं कि किस वजह से बाली  ऋष्यमूक पर्वत पर जाने से डरता था।



**बलशाली बाली की कथा**

एक पौराणिक कथा के अनुसार, बाली बेहद ही शक्तिशाली व पराक्रमी वानर योद्धा था। एक समय दुंदुभी नाम का असुर बाली से युद्ध करने के लिए पहुंच गया। दोनों के बीच मलयुद्ध शुरू हुआ और बाली ने दुंदुभी का वध कर दिया। इसके बाद बाली ने उसके शरीर को कई किलोमीटर दूर फेंक दिया। जिस कारण उसके शरीर के रक्त की कुछ बूंदें मतंग ऋषि के आश्रम में गिर गईं। इससे मतंग ऋषि बहुत क्रोधित हुए।

**मतंग ऋषि ने दिया श्राप**

**मतंग ऋषि जान गए कि ये कार्य किसने किया है। मतंग ऋषि का मत था कि ललकारने के बाद युद्ध में असुर का वध करना उचित है परंतु बल के मद में किसी शव का अपमान करना उचित नहीं है। इस बात से क्रोधित होकर मतंग ऋषि ने बाली को श्राप दे दिया कि अगर वह मेरे आश्रम से एक योजन की दूरी के अंदर आया तो उसकी मृत्यु हो जाएगी।**

# स्वर्ग से भी सुंदर है मंदिरों की नगरी पन्ना, दर्शनीय स्थल

पन्ना हीरे की खदानों के साथ ही बड़े-बड़े कलात्मक मंदिरों, शेर अभ्यारण्य, जलप्रपात और प्रनामी परमधाम, पुरातत्व संग्रहालय, किला, जगन्नाथ रथयात्रा, खूबसूरत नजारों के लिए प्रसिद्ध है। पन्ना भारतीय राज्य मध्य प्रदेश का एक जिला है। पन्ना जिला सागर संभाग के अन्तर्गत आता है। पन्ना में हीरों की खान है, साथ ही यह स्थान प्राचीन एवं सुन्दर मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। इसी कारण इसे 'मंदिरों की नगरी' भी कहा जाता है। यहां पर स्थित संत प्राणनाथ और श्री बलदेव जी के मंदिर तीर्थगणों के बीच प्रसिद्ध हैं। पन्ना राष्ट्रीय उद्यान भी है, जहां टाइगर रिजर्व और कई दुर्लभ वन्य जीव पाए जाते हैं।

13वीं सदी तक गोंड निवासियों के मूल इलाके पन्ना को राजा छत्रसाल बुंदेला द्वारा राजधानी बनाया गया था। पन्ना का 1 नवम्बर, 1956 को मध्य प्रदेश में विलय किया गया जो विंध्य क्षेत्र के नए भारतीय राज्य का एक हिस्सा था।



**मंदिर का निर्माण-इतिहास**

यह पुराणेतिहासिक नगर है जिसका उल्लेख विष्णु पुराण और पद्मपुराण में किलकिल प्रदेश के नाम से आता है, जो वाकटक वंश का उत्पत्ति स्थल है। नागवंश की कुलदेवी पद्मावती किलकिला नदी के किनारे पर विराज रही हैं। इस कारण इसका नाम पद्मा और बाद में परना झिरना और पन्ना हुआ।

आस्था के केंद्र पन्ना के जुगल किशोर मंदिर का निर्माण सन 1813 में तत्कालीन पन्ना नरेश हिन्दूपत द्वारा करवाया गया था, जहां गर्भगृह में प्रतिष्ठित श्री कृष्ण-राधा की युगल जोड़ी के दर्शन करने दूर-दूर से प्रतिदिन सैंकड़ों श्रद्धालु पहुंचते हैं। राधाकृष्ण की यह युगल जोड़ी ओरछा राज्य से होती हुई यहां आई थी।

भगवान जुगल किशोर की मूर्ति हरिराम व्यास को वि. संवत 1620 की माघ शुक्ल एकादशी को वृंदावन के किशोरवन नामक स्थान पर मिली। व्यास जी ने प्रतिमा को उसी स्थान पर प्रतिष्ठित किया। बाद में ओरछा के राजा मधुकर शाह ने किशोरवन के पास मंदिर बनवाया। इस मंदिर में भगवान श्री जुगल किशोर जी अनेक वर्षों तक विराजे, पर मुगलिया हमले के समय उनके भक्त उन्हें ओरछा के पास पन्ना ले गए। आज भी ठाकुर जी पन्ना के पुराने जुगल किशोर मंदिर में दर्शन दे रहे हैं।

**आध्यात्मिक राजधानी**

1675 में बुंदेलखंड के शासक छत्रसाल द्वारा उनके आध्यात्मिक गुरु स्वामी प्राणनाथ के आदेश पर इसे राजधानी बनाए जाने के कारण इस शहर का महत्व बढ़ गया।

महाभारत कालीन विराट नगर की पहचान यहां के बरहटा से की जाती है। ऐसी मान्यता है कि अमावस्या के दिन यहां जुगल किशोर सरकार से मांगने पर हर मनोकामना पूरी होती है।

**कुछ अन्य पर्यटन स्थल**

**पांडव गुफा एवं झरना पन्ना**

पांडव गुफा एवं झरना पन्ना शहर का एक मुख्य प्राकृतिक पर्यटन स्थल है। यहां पर आपको एक सुंदर झरना देखने के लिए मिलता है, जो पहाड़ों से एक कुंड में गिरता है। यहां पर गुफा भी आपको देखने के लिए मिलती है, जिसमें प्राचीन समय में पांडव लोगों ने निवास किया था और शिव भगवान जी की पूजा की थी। इस जगह में पहाड़ों से पानी रिसता रहता है।



**अनंत श्री प्राणनाथ जी मंदिर**

**बहुत बड़े क्षेत्र में फैले इस सुंदर मंदिर को पद्मावती पुरी धाम के नाम से भी जाना जाता है। इस मंदिर में जाने के लिए एक संकरी सड़क है। मंदिर में आपको श्री प्राणनाथ जी की समाधि देखने के लिए मिलती है और यहां पर संग्रहालय भी है। यह मंदिर मुख्य शहर में स्थित है।**

**श्री बलदेव जी मंदिर**

**मंदिर में आपको श्री कृष्ण जी की भव्य प्रतिमा देखने को मिलती है, जो काले रंग की है और बहुत सुंदर लगती है। इस मंदिर की वास्तुकला बहुत ही खूबसूरत है।**

श्री बलदेव जी मंदिर



अनंत श्री प्राणनाथ जी मंदिर



# मिसेज वर्ल्ड 2022 बनीं सरगम कौशल

## 21 साल बाद भारत को मिला ताज, आखिरी बार 2001 में अदिति गोविंत्रिकर ने जीता था खिताब




सरगम कौशल ने मिसेज वर्ल्ड का खिताब अपने नाम कर लिया है। इस मुकाबले में दुनियाभर के 63 देशों की महिलाओं ने हिस्सा लिया था, जिनमें से सरगम कौशल ने जीत हासिल की है। मिसेज इंडिया पेजेंट के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर इसकी अनाउंसमेंट की गई है। यहां क्राउनिंग मोमेंट की एक झलक शेयर करते हुए लिखा गया है, लंबा इंतजार अब खत्म हुआ। 21 सालों बाद हमारे पास ये क्राउन वापस आ चुका है।

भारत के पास मिसेज वर्ल्ड का ताज पूरे 21 सालों बाद वापस आया है। सरगम कौशल से पहले 21 साल पहले 2001 में डॉ. अदिति गोवित्रीकर ने ये खिताब जीता था।

### कौन हैं सरगम कौशल?

32 साल की सरगम कौशल जम्मू-कश्मीर की रहने वाली हैं, उन्होंने इंग्लिश लिट्रेचर में पोस्ट ग्रेजुएशन की है। सरगम विशाखापट्टनम में बतौर टीचर भी काम कर चुकी हैं। सरगम ने 2018 में शादी की थी, उनके पति इंडियन नेवी में हैं।

### 2001 में आखिरी बार भारत ने जीता था ये क्राउन

डॉ. अदिति गोवित्रीकर ने 21 साल पहले यानी 2001 में मिसेज वर्ल्ड का खिताब हासिल किया था। अदिति ये क्राउन जीतने वाली पहली भारतीय महिला थीं। अदिति एक एक्ट्रेस भी हैं, उन्होंने भेजा फ्राई, दे दना दन, स्माइल प्लीज जैसी कई फिल्मों में काम किया है। 2022 के पेजेंट में अदिति ज्यूरी मेंबर में शामिल हुई थीं।

बता दें कि मिसेज वर्ल्ड दुनिया का पहला ऐसा ब्यूटी पेजेंट है, जिसे शादीशुदा महिलाओं के लिए बनाया गया है। इसकी शुरुआत 1984 में हुई थी। पहले इसका नाम मिसेज अमेरिका था, जिसे बाद में मिसेज वुमन ऑफ द वर्ल्ड कर दिया गया था। साल 1988 में इसका नाम मिसेज वर्ल्ड पड़ा। पहला मिसेज वर्ल्ड खिताब जीतने वालीं महिला श्रीलंका की रोजी सेनायायाके थीं।

# 'बाहुबली' की शादी से सलमान खान का है खास कनेक्शन! वेडिंग प्लान्स पर 'प्रभास' ने तोड़ी चुप्पी

दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री से लेकर बॉलीवुड तक नाम कमाने वाले साउथ सुपरस्टार प्रभास सिनेमा जगत में बहुत पॉपुलर हैं। अपनी अदाकारी और गुड लुक्स के दम पर 'बाहुबली' प्रभास ने लोगों के दिलों में एक खास जगह बनाई है। इतना ही नहीं अभिनेता अभिनेत्रियों के साथ-साथ लड़कियों के बीच भी काफी पॉपुलैरिटी रखते हैं। इसी का नतीजा है कि प्रभास एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के मोस्ट एलिजिबल बैचलर बन चुके हैं। अभी कुछ दिनों पहले तक अभिनेता का नाम 'आदिपुरुष' की मुख्य अभिनेत्री कृति सेनन के साथ जुड़ रहा था। लेकिन कृति सेनन के एक बयान ने इस रिश्ते को महज अफवाह करार दिया। हालांकि, अभी भी प्रभास के शादी और रिश्ते के मुद्दे पर सुगबुगाहट हो रही है। ऐसे में अब साउथ सुपरस्टार ने अपनी शादी को लेकर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए एक बयान दिया है, जो काफी वायरल हो रहा है।

साउथ सुपरस्टार प्रभास का नाम 'बाहुबली' फेम अनुष्का शेट्टी से लेकर 'आदिपुरुष' की कृति सेनन तक जुड़ चुका है। लेकिन दोनों अभिनेत्रियों ने इन खबरों को महज अफवाह बताकर इन पर विराम लगा दिया था, जिसके बाद अभिनेता के फैंस का दिल टूट गया था। दरअसल, अभिनेता के फैंस उनको जल्द ही शादी के बंधन में बंधते देखना चाहते हैं। इसी बीच अब प्रभास ने एक टॉक शो के दौरान अपनी शादी को लेकर खुलकर बात की है। अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण द्वारा होस्ट किए गए इस शो का प्रोमो वीडियो सामने आया है, जिसमें प्रभास ने अपनी शादी पर चुप्पी तोड़ी है।

इस वीडियो में होस्ट प्रभास से उनकी शादी पर सवाल करते हैं। नंदमुरी प्रभास से पूछते हैं, 'हाल ही में जब शारवानंद शो में आए तो मैंने उनसे उनकी शादी के बारे में पूछा तो उनका जवाब था कि वो आपके बाद शादी करेंगे। तो अब आपको मुझे बताना होगा कि आप कब शादी करेंगे?' नंदमुरी के इस सवाल पर प्रभास ने घुमा कर जवाब देते हुए कहा, 'अगर सर्वानंद ने कहा है कि वो मेरे बाद शादी करेंगे, तो मुझे कहना चाहिए कि मैं सलमान खान के बाद शादी करूंगा।' प्रभास का यह जवाब सुनते ही वहां मौजूद सबकी हंसी छूट जाती है। अभिनेता का यह जवाब सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।




निजी जिंदगी के साथ ही प्रभास अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर भी चर्चाओं में बने रहते हैं। अभिनेता इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'आदिपुरुष' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। ओम राउत निर्देशित इस फिल्म में भगवान श्री राम के किरदार में नजर आने वाले हैं। उनके साथ इस फिल्म मुख्य भूमिका में कृति सेनन हैं, जो माता सीता की भूमिका में हैं। प्रभास और कृति के अलावा फिल्म में सैफ अली खान, सनी सिंह भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। पिछले दिनों फिल्म का पहला ट्रेलर सामने आने के बाद इसको लेकर काफी विवाद खड़ा हो गया था, जिसके बाद इसकी रिलीज डेट में बदलाव किया गया है।

# रणवीर के गाने करंट लगा पर लगे चोरी के आरोप

## अल्लू अर्जुन के गाने ब्लॉकबस्टर से कॉपी किया हुआ है गाना, सोशल मीडिया पर उड़ा मजाक



रणवीर सिंह की अपकमिंग फिल्म सर्कस 23 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का पहला सॉन्ग करंट लगा रिलीज हो चुका है जिसमें रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण अपने किलर डांस मूव्स दिखाते नजर आ रहे हैं। इस बीच ये बताया जा रहा है कि करंट लगा सॉन्ग अल्लू अर्जुन के सॉन्ग ब्लॉकबस्टर से कॉपी किया हुआ है।

### अल्लू अर्जुन के गाने से चुराई गई हैं करंट लगा की म्यूजिक

करंट लगा सॉन्ग रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर इस गाने का जमकर मजाक उड़ाया जा रहा है, कारण है गाने का बैकग्राउंड म्यूजिक पूरी तरह अल्लू अर्जुन के ब्लॉकबस्टर से मिलता-जुलता है। ओरिजिनल म्यूजिक अल्लू की फिल्म सराइनोडु के ब्लॉकबस्टर गाने की है। ये चोरी पकड़े जाने के बाद से ही सोशल मीडिया यूजर्स मेकर्स और स्टारकास्ट को बुरी तरह ट्रोल कर रहे हैं।

एक यूजर ने लिखा है, पहले सिर्फ फिल्में ही चोरी होती थीं अब बॉलीवुड वाले गाने भी चुराने लगे। वहीं दूसरे ने लिखा, बॉलीवुड वाले कभी साउथ की कॉपी करने से पीछे नहीं हटते।

### 23 दिसंबर को रिलीज होगी सर्कस

रणवीर सिंह की फिल्म सर्कस 23 दिसंबर 2022 को रिलीज होगी। डायरेक्टर रोहित शेट्टी की ये फिल्म शेक्सपियर के पॉपुलर नाटक 'द कॉमेडी ऑफ एरर्स' से प्रेरित है। इस फिल्म में रणवीर सिंह, जैकलीन फर्नांडिस, पूजा हेगड़े अहम किरदारों में नजर आने वाले हैं। वहीं अजय देवगन फिल्म में कैमियो में नजर आने वाले है।

# बॉयफ्रेंड रॉकी संग ब्रेकअप पर हिना खान बोलीं- मेरी लव लाइफ बहुत अच्छी चल रही है




हिना खान ने कुछ दिनों पहले धोखे और चालबाजी से जुड़ा एक पोस्ट शेयर किया था। पोस्ट सामने आते ही यूजर्स यह कयास लगाने लगे कि हिना को उनके बॉयफ्रेंड और प्रोड्यूसर रॉकी जायसवाल ने प्यार में धोखा दे दिया है। हालांकि, बाद में हिना ने रिवील किया कि यह पोस्ट उनकी अपकमिंग प्रोजेक्ट षड्यंत्र से जुड़ा हुआ था। अब हाल ही में रॉकी के साथ अपनी लव लाइफ पर हिना ने खुलकर बात की है, जहां उन्होंने बताया कि पोस्ट की वजह से उनके ब्रेकअप की अफवाह उड़ गई थी, लेकिन लव लाइफ बहुत ही अच्छी चल रही है।

### ब्रेकअप की खबर सुनकर मेरे दोस्त हैरान हो गए थे- हिना

बॉलीवुड बबल को दिए इंटरव्यू में हिना ने कहा- जैसे ही मैंने धोखा वाला पोस्ट शेयर किया, मेरे दोस्त हैरान हो गए थे और वो मुझे मैसेज कर रहे थे। मुझे सब मैसेज करते हुए यही पूछ रहे थे कि क्या हुआ है? सब डर गए थे, मेरे ब्रेकअप की अफवाह उड़ने लगी थी। इस दौरान करिश्मा तन्ना ने मुझे मैसेज कर पूछा था कि सब ठीक है न? लव लाइफ पर हिना बोलीं- 'टचवुड कि, मेरी लव लाइफ अच्छी चल रही है।'बता दें कि इन दिनों हिना जी टेलि प्ले षड़यंत्र में नजर आएंगी। उनके अलावा सीरीज में चंदन रॉय सान्याल और कुणाल रॉय कपूर भी मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं।

### कौन हैं रॉकी जायसवाल?

बता दें कि रॉकी जायसवाल हिना खान के टीवी शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' के को प्रोड्यूसर में से एक थे। दोनों की मुलाकात शो के दौरान सेट पर हुई थी। शो के 8 साल बात कपल ने अपने रिलेशनशिप को पब्लिक किया था। रॉकी ने हिना को बिग बॉस 11 के दौरान प्रपोज किया था। दोनों तब से ही कई मौकों पर साथ स्पॉट किए जाते हैं। हाल ही में 27 नवंबर को हिना ने अपनी तुर्की ट्रिप की फोटोज शेयर की थी, जिसमें उनके साथ रॉकी भी नजर आ रहे हैं।

हिना खान ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- 'जो आपके साथ विश्वासघात करते हैं, उन पर विश्वास करने के लिए खुद को माफ करें। कभी-कभी अच्छा दिल बुरे दिल को नहीं देख पाता।'वहीं हिना ने दूसरे पोस्ट में लिखा- विश्वासघात इकलौता सच है, जो बरकरार रहता है। लेट नाइट थॉट्स।' इन पोस्ट के बाद से हिना के फैंस उन्हें लेकर परेशान हैं। लेकिन षड़यंत्र के टीजर के साथ ही यह क्लियर हो गया कि आखिर हिना का पोस्ट उनके अगले प्रोजेक्ट के लिए था।

### जाह्नवी कपूर ऊप्स मोमेंट का शिकार



बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव हैं. उनकी तस्वीरें...फोटोशूट खूब वायरल हो रहे हैं. टैलेंटेड होने के साथ ही वह अपने स्टाइल का भी खास ख्याल रखती हैं. लेकिन इसी वजह से कई बार वे ऊप्स मोमेंट का शिकार भी हो जाती हैं. इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ एक्ट्रेस ने सिंपल शर्ट पहनी थी लेकिन कार में बैठते वक्त उनकी शर्ट का बटन खुल गया जिसके बाद वे शर्म से लाल हो गईं. कार में बैठने के दौरान जाह्नवी की शर्ट के बटन खुल गए हैं, जिससे उनकी ब्रा दिख रही है. जाह्नवी का ऊप्स मोमेंट कैमरे में कैद हो जाता है. लोग जाह्नवी की इस तस्वीर पर कमेंट करने लगते हैं और उनकी इस गलती की तरफ इशारा करते हैं.बता दें, ये सब जाह्नवी कपूर के साथ उस वक्त हुआ जब वो अपना रूटीन जिम सेशन पूरा करके बाहर निकल रही थीं.

# सोफिया अंसारी ने कराया बोल्ड फोटोशूट तस्वीर देख दिल हार जाएंगे

सोफिया अंसारी सोशल मीडिया में काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन इंस्टाग्राम पर पोस्ट वायरल होते रहते हैं. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम स्टार सोफिया अंसारी अपने बोल्ड फोटोशूट के लिए हमेशा सुर्खियों में रहती हैं. फैंस भी उनके फोटोशूट और वीडियो का बेसब्री से इंतजार करते हैं. साड़ी पहने सोफिया अंसारी ने एक बेहद ही बोल्ड फोटोशूट कराया है. इनके बोल्ड फोटोशूट को देखकर मानो कोई भी अपना दिल हार जाएगा. नीली और बैंगनी साड़ी में उन्होंने कई जबरदस्त पोज दिए जिसने इंटरनेट का पारा बढ़ा दिया. फोटोशूट में उन्हें एक से बढ़कर एक पोज देते हुए देखा जा सकता है, जिन्हें सोफिया ने खुद अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया. बता दें कि इंस्टाग्राम पर सोफिया अंसारी को 90 लाख से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं. वो खुद भी 670 लोगों को फॉलो करती हैं. सोफिया अंसारी का जन्म 1996 में गुजरात में हुआ



### फीफा वर्ल्ड 2022 में दिखी नोरा की दमदार परफॉर्मेंस

# वीडियो देख यूजर्स बोले- इवेंट की जान थीं नोरा



फीफा वर्ल्ड कप 2022 का मुकाबला भले ही कतर में खेला गया, लेकिन बॉलीवुड सितारों में भी इस क्रेज खूब देखने को मिला। इस मौके पर एक्ट्रेस और सिंगर नोरा फतेही ने क्लोजिंग सेरेमनी में दमदार परफॉर्मेंस दी। सोशल मीडिया पर नोरा का यह डांस वीडियो बेहद पसंद किया जा रहा है। बता दें कि नोरा फीफा वर्ल्ड कप की क्लोजिंग सेरेमनी में परफॉर्म करने वाली इकलौती भारतीय स्टार बन गई हैं। नोरा जब परफॉर्म करने के लिए स्टेज पर पहुंची, उस वक्त स्टेज का माहौल देखने लायक था। इंडियन फैंस भी सोशल मीडिया पर उनकी तारीफ करते दिखे।

ऑल ब्लैक आउटफिट में दिखीं नोरा

कल मैच की क्लोजिंग सेरेमनी में नोरा ने विदेशी कलाकार बाल्कीस, रहमा रियाद और मनाल के साथ लाइट द स्काई गाने पर परफॉर्म किया। इस दौरान नोरा ऑल ब्लैक अवतार में स्टनिंग लुक में नजर आईं। फैंस उनकी लाइव परफॉर्मेंस देखकर बेहद खुश हुए। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने लिखा- 'नोरा फतेही को क्लोजिंग सेरेमनी में लाइव डांस करते देखकर बेहद खुशी हूई।' दूसरे यूजर ने लिखा- 'नोरा फतेही और दीपिका पादुकोण दोनों ही इस फाइनल्स सेरेमनी की जान थीं।'

### नोरा ने शेयर की शो इवेंट की फोटोज

नोरा ने भी सोशल मीडिया पर इस खास मोमेंट की फोटो शेयर करते हुए लिखा- फीफा क्लोजिंग सेरेमनी। बता दें कि इससे पहले नोरा ने वर्ल्ड कप की ओपनिंग सेरेमनी में भी परफॉर्म किया था, जहां सोशल मीडिया उनके परफॉर्मेंस को खूब पसंद किया गया।

### कई सेलेब्स इस मैच को देखने पहुंचे थे

FIFA वर्ल्ड कप अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच हुआ था। दुनियाभर की निगाहें इस मैच पर थीं। 38 साल बाद अर्जेंटीना ने फीफा वर्ल्ड कप की ट्रॉफी अपने नाम की है। शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण, नोरा फतेही, करिश्मा कपूर, रवीना टंडन और कार्तिक आर्यन समेत कई स्टार्स इस ऐतिहासिक मैच को देखने पहुंचे थे।

# राम चरण बांधते हैं करोड़ों की घड़ी, एक की कीमत में आ जाएगा आलीशान मकान



साउथ सुपरस्टार राम चरण फिल्मों में अदाकारी के साथ-साथ एक्सपेंसिव और लग्जरी लाइफस्टाइल के लिए फेमस हैं. आरआरआर के 'राम' महंगी गाड़ियों, प्राइवेट जेट, आलीशान महल के साथ-साथ कई बेशकीमती चीजों के मालिक हैं. लेकिन आज हम उनकी करोड़ों की कीमत वाली घड़ी के बारे में बात करने जा रहे हैं. एक्टर की घड़ियों की कीमत आपके होश उड़ा सकती है.

रिपोर्ट्स के अनुसार, राम चरण के कलेक्शन में एक नहीं कई घड़ियां शामिल हैं, जिसमें से अधिकतर की कीमत करोड़ों रुपए में है. हाल ही में राम चरण ने राणा दग्गुबाती के साथ एक फोटो शेयर की थी, जिसमें वह जो घड़ी लगाए नजर आ रहे थे उसकी कीमत लगभग 2 करोड़ रुपए बताई जाती है. वहीं राम चरण के पास एक रिचर्ड मिल आरएम 61-01 जोहान ब्लैक घड़ी है. रिपोर्ट्स के अनुसार इस घड़ी की कीमत 3 करोड़ रुपए मानी जाती है. राम चरण के घड़ियों की कलेक्शन यहां नहीं खत्म होती है. एक्टर के पास करोड़ों की कीमत वाली घड़ियों के अलावा एक नाइकी लिमिटेड एडिशन ग्रेटफुल डेड एसबी डंक लो शॉर्ट्स भी है. जिसकी कीमत करीब 1.6 लाख रुपए है.

### शादी के 10 साल बाद बनने वाले हैं पिता

साउथ सुपरस्टार राम चरण और उनकी पत्नी उपासना शादी के करीब 10 साल बाद मां-पापा बनने जा रहे हैं. हाल ही में एक्टर ने सोशल मीडिया पर अपने घर आने वाली खुशी के बारे में फैंस को बताया था. इस साल रिलीज हुई राम चरण की फिल्म 'आरआरआर' देश में धमाल मचाने के बाद अब विदेशों में कमाल दिखा रही है.






# सर्दियों में गंभीर हो सकते हैं थाइरॉइड

सर्दियों का यह मौसम सेहत के लिए कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण माना जाता है। सभी लोगों को इसमें विशेष सावधानी और सतर्कता बरतते रहने की आवश्यकता होती है। कुछ बीमारियों के शिकार लोगों के लिए यह मौसम जटिलताओं को बढ़ाने वाला माना जाता है- थाइरॉइड की समस्या उनमें से एक है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ठंड के मौसम में स्वाभाविक रूप से थाइरॉइड ग्रंथि के लिए सामान्य कामकाज करना कठिन हो जाता है। ऐसे में आपको विकारों से संबंधित गंभीर जटिलताएं हो सकती हैं, जिसको लेकर सभी लोगों को ध्यान देते रहने की आवश्यकता है।

डॉक्टर्स कहते हैं, थाइरॉइड की स्थिति, विशेषकर हाइपोथायरायडिज्म (हार्मोन के उत्पादन में कमी) की समस्या वाले लोगों को सर्दियों के मौसम में सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है। हाइपोथायरायडिज्म की स्थिति पर समय रहते ध्यान न देने के कारण मोटापा, इंफर्टिलिटी, आर्थराइटिस और हृदय रोगों का जोखिम अधिक हो सकता है। तापमान में कमी आने के साथ ये जोखिम और भी बढ़ जाते हैं। ऐसे में इसकी जटिलताओं को कम करने के उपाय किए जाना आवश्यक हो जाता है।



**ठंड का मौसम बढ़ा देती है थाइरॉइड की जटिलताएं**

जर्नल ऑफ क्लिनिकल एंडोक्रिनोलॉजी एंड मेटाबॉलिज्म में प्रकाशित अध्ययन से पता चलता है कि ठंड का मौसम थायरॉयड उत्तेजक हार्मोन (TSH) के स्तर को प्रभावित करता है, जिससे इसमें वृद्धि आ जाती है। यदि आप हाइपोथायरायडिज्म के शिकार हैं और थायराइड की दवाओं का सेवन करते हैं, तो इसके साथ आपको दिनचर्या को ठीक रखना भी जरूरी हो जाता है। ऐसे लोगों को डॉक्टर की सलाह पर बचाव के लिए सभी आवश्यक उपाय जरूर करते रहने चाहिए।

**थाइरॉइड के कारण होने वाली दिक्कतें**

टीएसएच हार्मोन के स्तर में होने वाली वृद्धि के कारण कई तरह की स्वास्थ्य जटिलताएं हो सकती हैं, इसमें अधिक थकान महसूस होने, अवसाद, ब्रेन फॉग और वजन बढ़ने का जोखिम अधिक देखा जाता रहा है। स्थिति के सही निदान और समस्या के बारे में जानकारी के लिए डॉक्टर से संपर्क में रहें। वास्तविक स्थिति के लिए नियमित जांच और रक्त स्तर की जांच करवाएं, इसी के आधार पर डॉक्टर दवाइयों को समायोजित करते हैं।

शरीर को ठंड से बचाने के साथ दिनचर्या को ठीक रखना भी जटिलताओं के जोखिम को कम करने के लिए आवश्यक माना जाता है।

**धूप में बिताएं समय**

थाइरॉइड की जटिलताओं को कम करने के लिए धूप में समय बिताना फायदेमंद माना जाता है। सूर्य के संपर्क में रहने से शरीर को विटामिन-डी प्राप्त होता है जो इस तरह की समस्याओं को कम करने में आपके लिए लाभकारी है। रोजाना 20-30 मिनट सूर्य के प्रकाश में बैठना थाइरॉइड की जटिलताओं को कम करने के साथ थकान और अवसाद को दूर करने में भी लाभकारी है। हड्डियों को स्वस्थ रखने में भी इससे लाभ पाया जा सकता है।

**नियमित व्यायाम जरूरी**

संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए विशेषज्ञ सभी लोगों को दिनचर्या में योगासनों-व्यायाम को शामिल करने की सलाह देते हैं। शरीर को सक्रिय रखने और नियमित व्यायाम की दिनचर्या बनाने से थाइरॉइड विकारों में भी लाभ पाया जा सकता है। योग न सिर्फ मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखने में मदद करते हैं, साथ ही इसके नियमित अभ्यास से कई प्रकार की बीमारियों के जोखिमों को कम करने में भी लाभ मिलता है।

# पान का पत्ता किसके लिए होता है अच्छा

**भोजन के** बाद थोड़ी मात्रा में पान के पत्तों का पेस्ट चबाने से न केवल आंतों की सेहत बढ़ती है, बल्कि सांसों की दुर्गंध, मुंह की दुर्गंध से लड़ने के साथसाथ दांतों के दर्द, मसूड़ों में दर्द, सूजन और मुंह के संक्रमण से भी राहत मिलती है. जी हां, पान का पत्ता सेहत के लिए अच्छा होता है. इसमें एंटीकैंसर, एंटीऑक्सिडेंट, एंटीएलर्जिक, एंटीफंगल, एंटीडायबिटिक, एंटीमाइक्रोबियल और एंटीकैंसर गुण हो सकते हैं. आयुर्वेद के अनुसार, भोजन के बाद पान चबाने से पाचन क्रिया आसान हो जाती है, क्योंकि यह पाचक रसों के स्राव को बढ़ाता है, पेट की सूजन को कम करता है, कब्ज से राहत देता है और आंतों के परजीवी को नष्ट करता है. बहुत ज्यादा खाने से मुंह का कैंसर हो सकता है. इसको चबाने से एलर्जी की प्रतिक्रिया हो सकती है. पान को चबाने के लिए मामूली नशे के रूप में भी जाना जाता है. मीठे पान के दुष्प्रभावों में से एक यह है कि यह आपके मसूड़ों में जलन पैदा कर सकता है और जब आप बहुत ज्यादा चबाते हैं तो आपके जबड़े सख्त हो सकते हैं.

**पान के साइड इफेक्ट्स क्या हैं?**

यह कैफीन और तंबाकू के उपयोग के समान उत्तेजक प्रभाव पैदा कर सकता है. यह उल्टी, दस्त, मसूड़ों की समस्याओं, लार में वृद्धि, सीने में दर्द, असामान्य दिल की धड़कन, निम्न रक्तचाप, सांस की तकलीफ और तेजी से सांस लेने, दिल का दौरा, कोमा और मृत्यु सहित अधिक गंभीर प्रभाव भी पैदा कर सकता है. विशेषज्ञों के अनुसार, एक दिन में एक पान का सेवन करने से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद मिलती है जो पेट के सामान्य पीएच स्तर को और अधिक बहाल करता है और इसलिए भूख बढ़ाता है. पान का पत्ता थायरॉयड के लिए उत्तेजक और निरोधात्मक दोनों हो सकता है. विशेष रूप से पुरुषों में T3 पीढ़ी और लिपिड पेरोक्सीडेशन के लिए, खपत की गई मात्रा के आधार पर. पान का पत्ता मुंह की बीमारी को रोकने में भी मदद कर सकता है. एंटीसेप्टिक एजेंट स्ट्रेप्टोकोकस म्यूटन्स बैक्टीरिया जो दंत क्षय का कारण बनते हैं के जैविक संश्लेषण को रोक सकते हैं ताकि दंत पट्टिका क्षय का कारण न बने.



पान के पत्ते के कुछ औषधीय गुण भी होते हैं. यह ब्लड शुगर के इलाज में मदद करता है. ऐसा माना जाता है कि पान के पत्तों में मौजूद घटक रक्त में शर्करा के स्तर को कम कर सकते हैं. इस प्रकार मधुमेह का इलाज किया जा सकता है. पान में एंटीमाइक्रोबियल, एंटीकैंसर और एंटीडायबिटिक गुण होते हैं. हृदयसंवहनी रोग, उच्च कोलेस्ट्रॉल और उच्च रक्तचाप की रोकथाम में इसकी भूमिका को आयुर्वेदिक ग्रंथों और कुछ वैज्ञानिक अध्ययनों में बताया किया गया है.

# ये फल रोज खाएंगे तो बढ़ने लगेगा चेहरे का ग्लो

सर्दियों में कई लोग रंग-बिरंगे फल और सब्जियों का सेवन करते हैं. लेकिन बता दें कि हमारे आसपास कुछ ऐसे फल भी मौजूद हैं, जिनका नियमित रूप से सेवन किया जाए तो वह चेहरे पर कुदरती निखार ला सकते हैं. आज हम बात कर रहे हैं कीवी की. कीवी न केवल सेहत के लिए उपयोगी है बल्कि यदि रोज एक ही कीवी का सेवन किया जाए तो चेहरे पर निखार आ सकता है. आज का हमारा लेख इसी विषय पर है. आज हम आपको अपने इस लेख के माध्यम से बताएंगे कि यदि आप नियमित रूप से कीवी का सेवन करते हैं तो इसके क्या फायदे हो सकते हैं. पढ़ते हैं आगे



**रोज खाएं यह फल**

यदि नियमित रूप से कीवी का सेवन किया जाए तो इससे इम्यूनिटी को मजबूत किया जा सकता है. जी हां, कीवी के अंदर विटामिन सी पाया जाता है जो न केवल सर्दी, खांसी और सांस की समस्या को दूर करने में उपयोगी है बल्कि ये एंटीऑक्सीडेंट से भी भरपूर हैं जो शरीर को सूजन, बीमारी आदि से भी बचा सकता है.

यदि आप अपने डाइजेस्टिव सिस्टम को अच्छा करना चाहते हैं तो ऐसे में आप अपने आहार में कीवी को जोड़ें. कीवी के अंदर फाइबर पाया जाता है जो न केवल कब्ज को दूर करने में उपयोगी है बल्कि पेट से जुड़ी कई समस्याओं को दूर करने में भी आपके काम आ सकता है.

त्वचा और बालों की समस्या को दूर करने में कीवी बेहद उपयोगी है. यह बालों के विकास में सुधार ला सकता है. साथ ही चेहरे पर ग्लो भी लाता है.

यदि नियमित रूप से कीवी का सेवन किया जाए तो यह दिल को मजबूत करने के साथ-साथ ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में भी उपयोगी है. टीवी के अंदर पोटेशियम पाया जाता है जो हार्ट को मजबूत करने में आपके बेहद काम आ सकता है.

# सेहत की दुश्मन है नाश्ते की यह पसंदीदा चीज डायबिटीज वालों को करना चाहिए बिल्कुल परहेज

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सुबह के नाश्ते की पौष्टिता पर ध्यान रखना सबसे आवश्यक माना जाता है। आहार विशेषज्ञ कहते हैं, नाश्ते में मौसमी फल, अंडे, दूध आदि को जरूर शामिल किया जाना चाहिए, जिससे शरीर को बेहतर तरीके से काम करते रहने के लिए पर्याप्त मात्रा में ऊर्जा प्राप्त हो सके। आहार विशेषज्ञ कहते हैं, हम सभी के घरों में नाश्ते को लेकर जो चलन है वह सेहत के लिए बेहतर नहीं माना जा सकता है।

हम में से ज्यादातर लोग नाश्ते में ब्रेड या मैदे से बनी चीजों को शामिल करते हैं, पर इसे सेहत के लिहाजे से कई प्रकार से नुकसानदायक पाया गया है। विशेषकर व्हाइट ब्रेड का सेवन आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है।

व्हाइट ब्रेड में मुख्यरूप से कार्बोहाइड्रेट की अधिकता होता है, ऐसे में इसका अधिक सेवन डायबिटीज की समस्या और वजन बढ़ने का खतरा भी बढ़ा सकता है। ब्रेड में शरीर के लिए आवश्यक पोषक तत्व भी नहीं होते हैं, ऐसे में इसे पौष्टिक नाश्ते के रूप में सेवन में नहीं लाया जा सकता है। इसके अलावा ब्रेड जैसी चीजें अधिक प्रोसेस्ड होती हैं, जिससे ब्लड शुगर का स्तर बढ़ने का खतरा रहता है।



आइए जानते हैं कि ब्रेड का अधिक सेवन करना किस प्रकार से सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है?

**सफेद ब्रेड के सेवन से नुकसान**

ब्रेड में पोषकता की कमी

सफेद ब्रेड से बनी चीजें आपको स्वादिष्ट जरूर लग सकती हैं, पर असल में इसे शरीर को पोषण देने के लिए बेहतर विकल्प नहीं माना जा सकता है। ब्रेड को तैयार करने की प्रक्रिया के दौरान आटे की पौष्टिकता कम हो जाती है, साथ ही चूंकि यह मैदे का बना हुआ होता है ऐसे में इससे पाचन और वजन की समस्या भी हो सकती है। व्हाइट ब्रेड के सेवन से शुगर लेवल बढ़ने का भी जोखिम होता है।

**ब्लड शुगर बढ़ने की समस्या**

व्हाइट ब्रेड में फाइबर और प्रोटीन की मात्रा भी बहुत कम होती है, ऐसे में सफेद ब्रेड तेजी से पच जाता है और इसके अवशोषित होने की प्रक्रिया भी काफी तेज होती है। इससे ब्लड शुगर तेजी से बढ़ सकता है। अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लीनिकल न्यूट्रिशन में 2010 में प्रकाशित शोध से पता चलता है कि ब्रेड जैसी प्रोसेस्ड चीजों का अधिक सेवन करने वाले लोगों में टाइप-2 डायबिटीज की जटिलताओं के बढ़ने का खतरा अधिक होता है।

बढ़ सकता है वजन

यदि आप वजन कम करने के प्रयास में लगे हुए हैं तो भी सफेद ब्रेड जैसे कार्बोहाइड्रेट वाली चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए। चूंकि यह तेजी से पच जाते हैं जिससे अधिक खाने की इच्छा होती है साथ ही इसके अवशेष फैट के रूप में एकत्रित होने लग जाते हैं जिससे वजन बढ़ने का खतरा हो सकता है। चूंकि पाचन स्वास्थ्य के लिए भी इसे नुकसानदायक माना जाता है ऐसे में व्हाइट ब्रेड वाली चीजों का सेवन कम से कम किया जाना चाहिए।

**किन ब्रेड्स का कर सकते हैं सेवन?**

यदि आप आहार में ब्रेड को शामिल करना चाह रहे हैं तो व्हाइट ब्रेड की जगह पर ग्रेन ब्रेड को शामिल किया जा सकता है। आटे से बने ब्रेड न सिर्फ शरीर को काम करने की शक्ति प्रदान करते हैं साथ ही गेंहू के आटे में फाइबर और शरीर के लिए आवश्यक अन्य कई तत्व भी होते हैं, जिसकी शरीर को नियमित रूप से आवश्यकता होती है। नाश्ते में ग्रेन ब्रेड के साथ फल-सलाद और डेयरी उत्पादों को जरूर शामिल किया जाना चाहिए।

# लो ब्लड प्रेशर में क्या खाएं और क्या न खाएं?

**प्रश्न : लो ब्लड प्रेशर में क्या खाएं और क्या न खाएं? कृपया कर बताएं! -दिवाकर गुप्ता, करीमनगर**

उत्तर : लो ब्लड प्रेशर यानि निम्न रक्तचाप में अधिक फल सब्जियों और पौष्टिक भोजन पदार्थों का सेवन करें ।

*भोजन के साथ मूली, गाजर, खीरा ककड़ी आदि का सलाद बनाकर सेवन करें ।

*प्रतिदिन हरी सब्जियों का सूप बनाकर पीवें।

* अंकुरित अनाज और दालों का सेवन करें।

* प्रतिदिन खजूर, आंवले, सेव, गाजर का मुरब्बा लें।

* भोजन से पहले रोजाना 300 ग्राम टमाटर काटकर उसमें सेंधा नमक मिलाकर लेवें।

* भोजन से पूर्व अदरक और नमक लिया जा सकता है।

* अनार, संतरा, अंगूर, सेव, गाजर, चुकंदर, अन्नानास फल अवश्य लें।

* दूध में दूध छुहारे देर तक उबालकर सेवन करें।

* रात को जल में बादाम भिगोकर फिर सुबह पीसकर दूध में मिलाकर पिएं।

* गाजर के 200 ग्राम रस में 30 ग्राम पालक का रस या आंवले के 25 ग्राम रस में 10 ग्राम शहद मिलाकर सेवन करें।

निम्न रक्तचाप में पचने में भारी, घी - तेल से बने पदार्थ, गर्म मिर्च मसालों और खट्टे, चटपटे खाद्य पदार्थों का सेवन नहीं करें। कठोर मेहनत से बचें। सीढ़ियों पर चढ़ने व धूप में अधिक चलने फिरने से बचें । कम - कम मात्रा में दिन में कई बार भोजन लें। एक साथ अधिक मात्रा में भोजन न करें। अच्छा और पौष्टिक भोजन रोगी का सर्वोत्तम उपचार है।

निम्न रक्तचाप में आमलकी रसायन का सेवन किया जा सकता है। रसायन चूर्ण टेबलेट, ऊंझा ताप्यादि लोह टेबलेट, ऊंझा पंचासव, ऊंझा द्राक्षासव 20 मिलीलीटर मात्रा में आधा कप गुनगुने पानी में मिलाकर भोजन करने के बाद सेवन किया जा सकता है। निम्न रक्तचाप में यह प्रयोग काफी गुणकारी है।

**प्रश्न : अक्सर भोजन से अरुचि हो जाती है। ऐसे में क्या खाएं क्या ना खाएं कृपा कर बताएं।**
**- ए श्रीनिवास गुप्ता, हैदराबाद**

उत्तर : भोजन में अरुचि हो जाने पर कुछ घरेलू नुस्खे दे रहा हूं, जिनका प्रयोग करने से आपको दोबारा भोजन में रूचि हो सकती है।



*अदरक को बहुत बारीक काटकर नींबू के रस में डालकर रखें, दो-तीन घंटे के बाद उसमें सेंधा नमक मिलाकर खाने से अरुचि दूर होती है।

* खजूर को नींबू के रस के साथ चटनी बना कर खाएं ।

* संतरे के रस में सेंधा नमक व कालीमिर्च का चूर्ण मिलाकर पिएं।

* टमाटर का सूप बनाकर पिएं।

* मूली को बीच से चीर कर उस पर सेंधा नमक और नींबू का रस डालकर खाएं।

* गाजर के रस में काली मिर्च का चूर्ण और हल्का सा सेंधा नमक मिलाकर पिएं।

* कब्ज के कारण अरुचि हो तो पपीता काट कर सेंधा नमक, काली मिर्च, नींबू का रस मिलाकर खाएं।

* आंवले और मुनक्के को 10-10 ग्राम मात्रा में लेकर पीसकर मुंह में रखें। इसका रस चूसने से अरूचि दूर हो जाती है।

* जामुन व फालसे में सेंधा नमक मिलाकर खाएं।

* प्याज, मूली, खीरा, चुकंदर का सलाद बनाकर उसमें नींबू का रस, सेंधा नमक और काली मिर्च का चूर्ण मिलाकर खाएं।

* नींबू की शिकंजी बनाकर उसमें एक लौंग और पांच कालीमिर्च का चूर्ण मिलाकर दिन में दो बार पिएं।

शास्त्रीय योग में लवण भास्कर चूर्ण को ताजी छाछ में मिलाकर पीने से अरुचि दूर होती है। ऊंझा हिंग्वाष्टक चूर्ण को भी छाछ के साथ मिलाकर लेने से लाभ होता है। भोजन के पहले ऊंझा चित्रकादि वटी चूसने से अरुचि दूर होती है। मानसिक व्यग्रताजन्य अरुचि में ऊंझा प्रवाल पंचामृत रस एवं ऊंझा ताप्यादि लोह लेने से लाभ होता है।

**प्रश्न : मेरी उम्र 24 वर्ष है । काफी कमजोरी आ गई है। हमारे वैद्यजी कहते हैं की पांडु रोग हो गया है। यह क्या है? और इसको दूर करने के उपाय क्या है? कृपा कर बताएं।**
**- निरंजन शर्मा, सिकंदराबाद**

उत्तर : पांडु वह रोग है जिसमें रक्त में रक्त कणिकाओं की गुणात्मक और मात्रात्मक कमी होने से रोगी का रंग पीताभ हो जाता है। इसके पूर्व रूप में हृदय में अत्यधिक स्पंदन,( पल्पिटेशन) मुख का सूखना , पसीना कम आना, और शरीर में थकावट होना आदि होते हैं ।

इसके प्रमुख लक्षणों में : पीतभासता, भोजन के पचाने की शक्ति में कमी, भोजन में अरुचि, अत्यधिक लालास्राव, थकावट , कमजोरी, शरीर की कांति का ह्रास, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन, ज्वर, ठंडे पदार्थों से अरुचि, हाथ पैरों में दर्द व ऐंठन, शरीर में भारीपन, श्रम पर श्वासकष्ट आदि मिलते हैं । मोटी भाषा में इसे ₹एनीमियाक्ष या खून की कमी भी का सकते हैं ।

ऊंझा मंडूर भस्म को शहद में मिलाकर चाटने से लाभ होता है। ऊंझा पुनर्नवादि मंडूर टिकिया, धात्री लोह टिकिया , आमलकी रसायन, लोहासव, पंचासव आदि का भोजन के बाद वैद्यकीय संरक्षण में प्रयोग खून की कमी को दूर करता है।

खट्टे व नमकीन पदार्थ, पचने में भारी भोजन , बहुत अधिक पानी पीना , धूप में फिरना, बहुत ज्यादा मेहनत करना ,अधारणीय वेगों का धारण करना आदि का पाण्डुरोग में निषेध है।

**डॉ.च.पुरुषोत्तम बिदादा**

email :

purushottambidada@gmail.com

**आप अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का यदि आयुर्वेदिक इलाज चाहते हैं तो अपनी समस्या संक्षेप में हमें लिखकर भेजें। अपने पत्र पर नीचे दिया गया कूपन अवश्य कचपकाएं।**

आयुर्वेदिक स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी
**स्वतंत्र वार्ता**
396, लोअर टैंक बंड, हैदराबाद-80

# क्रॉनिक माइग्रेन के गंभीर लक्षण क्या हैं? जानें कैसे रखें ख्याल

**माइग्रेन, सिरदर्द** की एक बेहद आम बीमारी में से एक है और पूरी दुनिया में 50 से कम उम्र के लोगों में न्यूरोलॉजिकल अक्षमता के प्रमुख कारणों में से एक है. भले ही काफी सारे लोग 'माइग्रेन' और 'सिरदर्द' जैसे शब्दों का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन माइग्रेन न्यूरोलॉजिकल असामान्यताओं की वजह से होने वाला एक गंभीर सिरदर्द है, जिसमें मितली, उल्टी और आवाज तथा देखने के प्रति संवेदनशीलता जैसे लक्षण शामिल होते हैं.

यह दर्द सामान्यतौर पर सिर के एक हिस्से को प्रभावित करता है और काफी कमजोर कर देने वाला दर्द होता है. आज का हमारा लेख इसी विषय पर है. आज हम आपको अपने इस लेख के माध्यम से बताएंगे कि क्रॉनिक माइग्रेन के लक्षण क्या हैं और दूर करने के तरीके क्या हैं. इसके लिए हमने डॉ. राजशेखर रेड्डी, वरिष्ठ निदेशक – सिरदर्द और न्यूरोमस्कुलर विकार, मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, साकेत से भी बात की है. पढ़ते हैं आगे...



क्रॉनिक माइग्रेन, एक पीड़ादायक सिरदर्द से कहीं ज्यादा होता है। माइग्रेन की वजह बनने वाले कुछेक कारकों में रोगी की मेडिकल हिस्ट्री, दर्द का पैटर्न और ट्रिगर्स शामिल हैं। वैसे तो क्रॉनिक माइग्रेन के लक्षण, माइग्रेन से अलग नहीं होते, लेकिन इसके गंभीर स्वरूप के लक्षणों में शामिल हैं:

**माइग्रेन एपिसोड्स की संख्या और अवधि का बढ़ना**

एकतरफा दर्द के साथ स्पंदन और धड़कन वाला एहसास होना

रोशनी के प्रति अतिसंवेदनशीलता

**दर्दनिवारक दवाओं पर अत्यधिक निर्भरता**

क्रॉनिक माइग्रेन काफी कमजोर करने वाला हो सकता है और हर दिन के कामकाज को प्रभावित कर सकता है. यूं तो क्रॉनिक माइग्रेन से जुड़ा दर्द तीव्र और असहनीय हो सकता है, लेकिन लोगों को अक्सर जीवनशैली में कुछ बदलाव करने से फायदा हो सकता है.

**तेज रोशनी से बचें.**

नींद, एक्सरसाइज करने और भोजन की दिनचर्या, बनाए रखने की कोशिश करें.

**वजन कम रखें**

अन्य बीमारियों या सेहत से जुड़ी परेशानियों, जैसे अस्थमा, हाई ब्लड प्रेशर, इन्सोम्निया, एंजाइटी या डिप्रेशन, का प्रबंधन करने से मदद मिल सकती है।



# पंजाब में खुला पहला सरकारी रेत-बजरी केंद्र : सस्ता मिलेगा मैटीरियल

चंडीगढ़ , 19 दिसंबर (एजेंसियां)। पंजाब में लंबे समय से रेत-बजरी की कमी होने से इनकी कीमत आसमान छू रही है। इससे एएपी सरकार को लोगों के सवालों और विपक्ष की घेरांबदी का सामना भी करना पड़ा है। क्योंकि चुनाव प्रचार के समय एएपी ने पंजाब में गैर-कानूनी माइनिंग बंद करवा लोगों को सस्ती दरों पर रेत और बजरी मुहैया कराए जाने का दावा किया था, लेकिन अभी तक ऐसा नहीं किया जा सका है, बल्कि पहले के मुकाबले रेट कई गुणा बढ़ गए हैं। पंजाब में सोमवार से पहला सरकारी रेत और बजरी बिक्री केंद्र शुरू हो गया है। माइनिंग मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने मोहाली के चंडीगढ़-कुराली रोड स्थित इको सिटी-2 में खोले गए इस केंद्र का उद्घाटन किया है। उन्होंने बताया कि लोगों को इस केंद्र से सरकारी रेट पर रेत-बजरी मिलेगी। इसके लिए केंद्र में सरकारी खड्डों से सप्लाई की जाएगी। केंद्र पर एक साइन बोर्ड भी लगाया गया है, जिस पर सहायक माइनिंग अधिकारी और माइनिंग इंस्पेक्टर का नंबर लिखा है। यह भी लिखा गया है कि अब आम जनता से लूट नहीं होगी। माइनिंग मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि इस केंद्र के बाद पंजाब के अलग अलग जिलों में भी सस्ती रेत-बजरी मुहैया कराने के लिए सरकारी केंद्र खोले जाएंगे। बताया गया कि रेत मार्केट रेट से 28 रुपए प्रति फीट और बजरी करीब 30 रुपए प्रति फीट सस्ती मिलेगी। मार्केट रेट और सरकारी केंद्र के रेट में डेढ़ से 2 रुपए का अंतर होगा। माइनिंग मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि बड़े स्तर पर गैर-कानूनी माइनिंग किसी की शह पर हो सकती है।

# पांच वर्षों में 10 लाख करोड़ रुपये राइट ऑफ किए गए

## लोकसभा में बोलीं वित्त मंत्री



नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने पिछले पांच वित्त वर्षों में 10,09,511 करोड़ रुपये राइट ऑफ कर दिए हैं और कर्जदारों से बकाया वसूली की प्रक्रिया जारी है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा को यह जानकारी दी। सीतारमण ने कहा कि राइट ऑफ किए गए कर्ज सहित एनपीए (नॉन परफॉर्मिंग एसेट) खातों में रिकवरी एक सतत प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान 4,80,111 करोड़ रुपये की ऋण वसूली की है, जिसमें राइट ऑफ किए गए ऋणों के 1,03,045 करोड़ रुपये भी शामिल हैं। सीतारमण ने प्रश्नकाल के दौरान कहा, आरबीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान 10,09,511 करोड़ रुपये की राइट ऑफ कर दिया है। उन्होंने कहा कि बट्टे खाते में डाले गए ऋणों के कर्जदार पुनर्भुगतान के लिए उत्तरदायी बने रहेंगे और बट्टे खाते में डाले गए ऋण खातों में कर्जदारों से बकाये की वसूली की प्रक्रिया जारी है। सीतारमण ने कहा कि बैंकों ने उपलब्ध विभिन्न वसूली तंत्रों के माध्यम से बट्टे खाते में डाले गए खातों में शुरू की गई वसूली कार्रवाई को जारी रखा है। कार्रवाई में दीवानी अदालतों या ऋण वसूली न्यायाधिकरणों में मुकदमा दायर करना, वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 के तहत कार्रवाई, दिवाला और दिवालियापन संहिता के तहत राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण के तहत मामले दर्ज करना आदि शामिल है।

# इंफोसिस के संस्थापक नारायणमूर्ति बोले- भारत की वास्तविकता भ्रष्टाचार और गंदी सड़कें, युवा इसे बदलें



नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। दिग्गज आईटी कंपनी इंफोसिस के संस्थापक एनआर नारायणमूर्ति ने जीएमआर इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के एक कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा है कि भारत की वास्तविकता है भ्रष्टाचार, गंदी सड़कें, प्रदूषण और कई बार बिजली की अनुपस्थिति। वहीं, सिंगापुर की वास्तविकता है साफ सड़कें, प्रदूषण मुक्त वातावरण और बहुत सारी ऊर्जा। उन्होंने छात्रों से कहा, उस नई वास्तविकता को बनाने की ज़िम्मेदारी आपकी है। जीएमआर की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में यह बात कही गई है। विजयनगरम जिले के राजम में जीएमआर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (जीएमआरआईटी) के रजत जयंती समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए नारायण मूर्ति ने कहा कि हर कमी कोबदलाव के अवसर के रूप में देखना चाहिए और 'खुद को एक नेता के रूप में कल्पना करते हुए उस कमी को दूर करने की कोशिश करनी चाहिए, न कि किसी की प्रतीक्षा करनी चाहिए। नारायण मूर्ति ने आगे कहा कि युवाओं को समाज में बदलाव लाने की मानसिकता विकसित करनी चाहिए, जनता, समाज और राष्ट्र के हित को अपने व्यक्तिगत हित से ऊपर रखना सीखना चाहिए। जीएमआर ग्रुप के अध्यक्ष जीएम राव का उदाहरण देते हुए उन्होंने छात्रों से उनसे प्रेरणा लेने और जब भी संभव हो एक उद्यमी बनने और अधिक रोजगार सृजित करने का आग्रह किया। उन्होने कहा, अधिक नौकरियों का सृजन गरीबी को दूर करने और कम विशेषाधिकार प्राप्त लोगों की मदद करने का एकमात्र समाधान है। इस दौरान जीएमआर समूह के अध्यक्ष जीएम राव ने कहा कि नारायण मूर्ति महत्वाकांक्षी युवाओं के लिए एक प्रेरणा हैं। उन्होने नारायण मूर्ति से कहा, आप मेरी टीम, सभी छात्रों और फैकल्टी के लिए एक प्रेरणा हैं। जीएमआरआईटी की स्थापना 1997 में हुई थी। जीएमआर ग्रुप की कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी आर्म - जीएमआर वरलक्ष्मी फाउंडेशन की ओर से संचालित संस्था अपनी स्थापना के 25 वें वर्ष का जश्न मना रही है।

| स्थान | 22 कैरेट गोल्ड (10ग्र) | 24 कैरेट गोल्ड (10ग्र) | सील्वर (1केजी) |
|---|---|---|---|
| हैदराबाद | 49,950 रुपये | 54,490 रुपये | 73,000 रुपये |
| बैंगलोर | 49,950 रुपये | 55,490 रुपये | 73,000 रुपये |
| केरल | 49,950 रुपये | 54,490 रुपये | 73,000 रुपये |
| विशाखापत्तनम | 49,950 रुपये | 54,490 रुपये | 73,000 रुपये |

| स्थान | पेट्रोल पर लीटर | डीजल पर लीटर |
|---|---|---|
| हैदराबाद | 109.67 रुपये | 97.82 रुपये |
| दिल्ली | 96.72 रुपये | 89.62 रुपये |
| चेन्नई | 102.63 रुपये | 94.24 रुपये |
| मुंबई | 106.31 रुपये | 97.28 रुपये |
| बेंगलुरू | 101.94 रुपये | 87.89 रुपये |

# हिमाचल: एक महीने से नहीं हुई बारिश

## सूखे की चपेट में सेब बगीचे, लग सकती है बीमारी



शिमला, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। बीते एक माह से बारिश नहीं होने से सेब बागीचे सूखे की चपेट में आ गए हैं। बगीचों से नमी गायब है। इस कारण फास्फोरस और पोटाश खाद डालने का काम लटक गया है। उर्वरकों की कमी से बगीचे बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं और फल की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। समय से बारिश बर्फबारी न हुई तो चिलिंग ऑवर्स पूरे न होने पर सेब उत्पादन में भी कमी आ सकती है। 15 नवंबर के बाद सेब उत्पादक क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी न होने से बागवानों की चिंता बढ़ गई है। दिसंबर में बगीचों में फास्फोरस और पोटाश खाद डाली जाती है, लेकिन इसके लिए जमीन में नमी होना जरूरी है। इन खादों से पौधों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और जड़ें मजबूत होती हैं। सेब की अच्छी फसल के लिए दिसंबर में तापमान 15 डिग्री से कम होना चाहिए, जबकि इन दिनों तापमान 20 डिग्री के करीब चल रहा है। सर्दी के मौसम में पेड़ों से पत्ते झड़ना जरूरी है, तापमान अधिक होने से पत्ते नहीं झड़ पा रहे। फल उत्पादक संघ के अध्यक्ष हरीश चौहान का कहना है कि बारिश-बर्फबारी न होने से सूखे के कारण खाद डालने का काम रुक गया है। अगले एक हफ्ते भी बारिश बर्फबारी नहीं हुई तो सेब की फसल बुरी तरह प्रभावित होने का डर है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने बताया कि मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में 15 नवंबर के बाद बारिश बर्फबारी नहीं हुई है। आगामी 20 दिसंबर तक भी मौसम शुष्क रहने की संभावना है। नमी न होने से बगीचों में फास्फोरस और पोटाश खाद डालने का काम प्रभावित हो रहा है। इससे बगीचे बीमारी की चपेट में आ सकते हैं। वूली एफिड का खतरा है। फल की गुणवत्ता भी प्रभावित हो सकती है। तापमान की अधिकता से फसल पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। - डॉ. दिनेश सिंह ठाकुर, सहायक निदेशक, क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र मशोबरासेब के पौधों के लिए 7 डिग्री से कम तापमान में 1000 से 1200 घंटे चिलिंग ऑवर्स की जरूरत रहती है। चिलिंग ऑवर्स पूरे न होने का असर फ्लावरिंग पर पड़ता है, पौधों में एक समान फ्लावरिंग नहीं होती। कमजोर फ्लावरिंग से फूल झड़ जाते हैं। इससे सेब उत्पादन प्रभावित हो सकता है।

# बिजनेस में महिलाओं की मदद करेगा गूगल, स्टार्टअप्स फंडिंग के लिए रखा 75 हजार करोड़ का फंड



नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। देश में स्टार्टअप इंडस्ट्री में सक्रिय महिलाओं के लिए एक खुशखबरी है। खासकर उन वुमेंस के लिए जो फंड की कमी से जूझ रही हैं या जिन्हें बिजनेस को विस्तार देने के लिए पैसों की जरुरत है। उनकी इन आवश्यकताओं को गूगल पूरा करेगा। दरअसल गूगल अपने 75,000 करोड़ रुपये के 'भारत डिजिटलीकरण कोष' के जरिए महिलाओं के नेतृत्व वाले शुरुआती स्तर के स्टार्टअप में निवेश पर ध्यान देगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को इस बात की जानकारी दी। इंटरनेट तक किफायती पहुंच बनाने के लिए कंपनी ने 10 अरब डॉलर (करीब 75,000 करोड़ रुपये) का 'भारत डिजिटलीकरण कोष (आईडीए)' शुरू किया है। गूगल आईडीएफ के जरिए कंपनी ने जियो में 7. 73 फीसदी हिस्सेदारी 4. 5 अरब डॉलर में और भारती एयरटेल में 1. 2 फीसदी हिस्सेदारी 70 करोड़ डॉलर में खरीदी है। गूगल इंडिया के कंट्री मैनेजर एवं उपाध्यक्ष संजय गुप्ता ने 'गूगल फॉर इंडिया' कार्यक्रम में कहा, ''हमारे आईडीएफ निवेश के हिस्से के रूप में आगे जाकर हम शुरुआती स्तर की कंपनियों को समर्थन देंगे जिसमें महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। '' कंपनी ने स्पीच प्रौद्योगिकी, वॉइस एवं वीडियो सर्च जैसी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित कई परियोजनाओं की घोषणा की है। गुप्ता ने बताया, ''आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मदद से लिखित सामग्री को तुरंत ही वीडियो में बदला जा सकेगा, अंग्रेजी से किसी भाषा में व्यापक रूप से अनुवाद भी संभव होगा। '' कंपनी ने भारत के 773 जिलों से स्पीच आंकड़े एकत्रित करने के लिए बेंगलुरु में भारतीय विज्ञान संस्थान के साथ सहयोग की घोषणा भी की है।

## दैनिक पंचांग

ग्रह गोचर




| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | धनु | में | धनु--- | 06-27 | बजे |
| चंद्र- | तुला | में | मकर- | 08-30 | बजे |
| मंगल | वृष | में | कुंभ - | 10-31 | बजे |
| बुध- | धनु | में | मीन... | 11-59 | बजे |
| गुरु- | मीन | में | मेष-- | 13-34 | बजे |
| शुक्र- | धनु | में | वृष-- | 15-20 | बजे |
| शनि- | मकर | में | मिथुन.. | 17-21 | बजे |
| राहु- | मेष | में | कर्क... | 19-32 | बजे |
| केतु- | तुला | में | सिंह... | 21-45 | बजे |
| | | | कन्या.. | 22-55 | बजे |
| | | | तुला | 02-01 | बजे |
| | | | वृश्चिक | 04-12 | बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2549,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतु-हेमन्त दिशाशूल-
तिथि- द्वादशी **- 00 -45** राततक उपरान्त त्रयोदशी
मास - पौष कृष्ण पक्ष , मंगलवार **Dec 20**
नक्षत्र -स्वाति - **09 -54** तक उपरान्त विशाखा
योग - सुकर्मा - **00 - 39** - तक उप धृति
करण- कौलव - **13 - 45** - तक उप- तैतिल
विशेष:-
व्रत -त्योहार - सफला एकादशी व्रत निम्बा।

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 14:59 से 16:22 तक**

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 06:44 - 08:05 | अशुभ | काल. | 17:45 - 19:22 | अशुभ |
| उत्पात | 08:05 - 09:28 | अशुभ | लाभ. | 19:22 - 20:59 | शुभ |
| चंचल | 09:28 - 10:51 | शुभ | उत्पात | 20:59 - 22:37 | अशुभ |
| लाभ | 10:51 - 12:14 | शुभ | शुभ. | 22:37 - 00:14 | शुभ |
| अमृत | 12:14 - 13:37 | शुभ | अमृत | 00:14 - 01:51 | शुभ |
| काल | 13:37 - 14:59 | अशुभ | चंचल | 01:51 - 03:28 | शुभ |
| शुभ | 14:59 - 16:22 | शुभ | रोग | 03:28 - 05:05 | अशुभ |
| रोग | 16:22 - 17:39 | अशुभ | काल. | 05:05 - 06:44 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): आपकी एकाग्रता और विचारशक्ति इस समय अपने चरम पर है और इसीलिए आप अपने आसपास के लोगों की स्थिति के बारे में और भी संवेदनशील हैं। इससे आपको पिछले कुछ मतभेद सुलझाने में मदद मिलेगी। आप किसी ऐसे व्यक्ति के सम्पर्क में आ सकते हैं जिससे आप काफी पहले अलग हो गए थे।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आज अप्रत्याशित रूप से काफी खर्च हो सकता है।आप कोई ऐसी चीज खरीद सकते हैं जिसकी आपको जरुरत नही है लेकिन आपको अच्छी लगती है,इससे आपकी वित्तीय स्थिति काफी प्रभावित भी होगी। अपनी इस खर्च करने की प्रवृति पर नियंत्रण रखें तो दिन शांति से गुजर जाएगा।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): आप बहुत दिनों से आज के दिन के लिए बचत करते आ रहे हैं।आज कोई ऐसी ख़ुशी की खबर मिलेगी जो आपके होठो पर मुस्कान और आँखों में आंसू ले आएगी।आज आप पुरे दिन दोस्तों और सम्बन्धियों से घिरे रहेंगे।समय मजे में बीतेगा लेकिन अपने स्वास्थ्य का ध्यान जरूर रखें।आज स्थिति आपके लिए कुछ मुश्किल हो सकती है।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आज आप बारीकियों पर बहुत ध्यान देंगे।आप किसी परियोजना की ब्योरेवार योजना बनाने में जुटे हुए हैं और आप इस पर बहुत मेहनत भी कर रहे हैं।आपकी यह मेहनत आपके काम में भी दिखाई देगी और इस काम के लिए आपको काफी तारीफ मिलेगी।आपके काम में आज पूरा दिन सृजनात्मकता बनी रहेगी।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): आपको अपना अधूरा काम समय पर पूरा करने के बहुत से मौके मिलेंगे।आपकी दूसरी परेशानियां भी तुरंत दूर हो जायेंगी,उनके बारे में चिंता ना करें।आज अधिक से अधिक काम करने की कोशिश करें क्योंकि आपको आज के अपने सब कामों में सफलता मिलेगी। आप अपने किसी करीबी से सलाह ले सकते हैं।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आप अपनी बढ़ी हुई जिम्मेदारियों से परेशान हैं लेकिन अभी आपको कोई राहत मिलती दिखाई नही दे रही।सबसे अच्छा यही है की आप शिकायत करना छोड़कर अपने कामों को पूरा करें।जितनी जल्दी पूरा करेंगे उतनी ही जल्दी बोझ कम होता जाएगा।लेकिन इसका अर्थ यह भी नही है कि आपको इसे लापरवाही से पूरा करना है।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): ।आज सगे सम्बन्धियों से मुलाकात हो सकती है ,फोन या मेल के द्वारा भी संपर्क हो सकता है।वर्त्तमान समय अपने सामाजिक कौशलों को निखारने तथा आने वाली पार्टियों के लिए खुद को तैयार करने का बिलकुल सही समय है।दिन के आगे बढ़ने के साथ साथ वित्तीय परेशानियां अपने आप दूर होती जायेंगी।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): इस समय लोग आपके बेहतरीन विचारों को सुनने -जानने के लिए बहुत उत्सुक हैं।आपको अब उनसे जो भी बात मनवानी है,आप आसानी से मनवा सकते हैं,इसके लिए कोई कसर न छोड़ें। अपनी अधिकार जताने की प्रवृति को नियंत्रण में रखें,यह आपके खिलाफ जा सकती है। अपना दिमाग खुला रखें।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): आप दृढ निश्चय वाले इंसान हैं और आप एक बार कोई काम शुरू कर दें तो पूरी मेहनत से उसे पूरा करते हैं।आप औरों के कहने पर नही जाते, आप वह भी करने की क्षमता रखते हैं जो दुसरे कभी नही कर सकते इसीलिए आप उनसे आगे हैं।अपना यह नजरिया हमेशा बनाये रखें तो आप उन मंजिलों पर भी पहुँच सकते हैं।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): अपने संपर्क में आने वाले हर व्यक्ति के साथ प्रेमपूर्ण व्यवहार करेंगे। कोई आपकी उदारता से प्रभावित होकर दिन के अंत तक आपसे अपनी भावना का इजहार कर सकता है हालाँकि अभी भी आपके मन में कडवे अनुभव भरे हुए हैं। लेकिन अब समय आ गया है की आप सारी नकारात्मकता को दूर करके एक नयी शुरुआत करें।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): अपने स्वतंत्र विचारों को अभिव्यक्त कर दें लेकिन आवाज को नीची रखें। पुरानी बातों में उलझे रहने के स्थान पर बदलाव के लिए जो कुछ जरूरी है उसपर फोकस करें। इस समय बेहतर यही होगा कि आप जिनके साथ रहते हैं उनके साथ विवादों में पड़ने की बजाय विवादों से दूर ही रहें।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आपको प्यार और नफरत दोनों ही का बहुत गहनता से अनुभव होगा। आपको यह समझाने वाले अवसर भी आयेंगे कि आप किस कारण अब अपने करीबी दोस्तों से पुरानी भावना से बात नही कर पा रहे? हालाँकि तुरंत कोई भी फैसला लेने के स्थान पुर रूककर और सोच समझकर कदम उठाना ही सही होगा।

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693

# रुपया छह पैसे की तेजी के साथ 82.69 प्रति डॉलर पर



मुंबई, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया सोमवार को छह पैसे की तेजी के साथ 82.69 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। स्थानीय शेयर बाजार में जोरदार लिवाली और विदेशों में प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर के कमजोर होने से रुपये की धारणा मजबूत हुई। बाजार सूत्रों ने कहा कि हालांकि विदेशी पूंजी की बाजार से ताजा निकासी और कच्चे तेल कीमतों में तेजी के करण रुपये का लाभ सीमित रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.80 के स्तर पर कमजोर खुला और कारोबार के अंत में यह छह पैसे की तेजी के साथ 82.69 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान रुपये ने 82.57 के उच्चस्तर और 82.80 के निचले स्तर को छुआ। इससे पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 82.75 प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ था। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.44 प्रतिशत घटकर 104.24 रह गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 1.10 प्रतिशत बढ़कर 79.91 डॉलर प्रति बैरल हो गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 468.38 अंक बढ़कर 61,806.19 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने शुक्रवार को 1,975.44 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

# हाजिर मांग के कारण कच्चे तेल का वायदा भाव में तेजी

नयी दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। कमजोर हाजिर मांग के कारण कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से वायदा कारोबार में सोमवार को कच्चा तेल की कीमत सात रुपये की तेजी के साथ 6,221 रुपये प्रति बैरल हो गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का अगले वर्ष जनवरी में डिलिवरी होने वाला वाला अनुबंध सात रुपये या 0.11 प्रतिशत की तेजी के साथ 6,221 रुपये प्रति बैरल हो गया। इसमें 8,908 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से वायदा कारोबार में कच्चा तेल कीमतों में तेजी आई। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 0.35 प्रतिशत की तेजी के साथ 74.55 डॉलर प्रति बैरल हो गया जबकि ब्रेंट क्रूड का दाम 0.39 प्रतिशत की तेजी दर्शाता 79.35 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

# विदेश में काम कर रहे लोगों ने 2022 में भेजी रिकॉर्ड राशि

नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। 2020 में भारतीय प्रवासी रिकॉर्ड मात्रा में पैसे घर भेज रहे थे। उस वर्ष प्रवासियों ने करीब 80 अरब डॉलर भारत भेजे। महामारी के बीच भी प्रवासियों की ओर से पैसों का आना लगातार जारी रहा। विदेशों जो पैसा भारत आ रहा था उसका अधिकांश हिस्सा खाड़ी देशों में स्थित अपनी संपत्ति बेचकर आने वालों का था। उस दौरान महामारी जोरों पर थी। तेल की कीमतें गिर रही थीं। लोगों की नौकरियां जा रही थीं। ऐसे में बाहर बसे लोग अपनी संपत्तियों को बेचकर देश लौटना मुनासिब समझ रहे थे। ये लोग पूरी तरह से आश्वस्त नहीं थे कि ये लोग कभी वापस जा भी सकेंगे या नहीं। ऐसे में उम्मीद की जा रही थी कि भविष्य में विदेशों से भेजी जाने वाली राशि में कमी आएगी। हालांकि ये अनुमान गलत निकले। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट में आरबीआई के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया गया है कि इस साल प्रवासियों की ओर से भारत भेजी गई रकम रिकॉर्ड 100 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। दुनिया भर में फैले एक करोड़ 80 लाख से अधिक प्रवासी वर्ष 2022 में रिकॉर्ड राशि अपने घर भेज सकते हैं।

तो, सवाल यह है कि आखिर इस उछाल का क्या कारण है और यह पैसा कहां से आ रहा है? शुरुआत करते हैं खाड़ी देशों से भेजी जाने वाली राशि से। भारत में भेजी जाने वाली कुल राशि में इसका 30% हिस्सा है और हम यहां और तेजी देख रहे हैं। माना कि 2020 में मध्य पूर्व के देशों में कई प्रवासियों ने अपनी नौकरी खो दी, लेकिन इन देशों की अर्थव्यवस्था काफी जल्दी खुल गई। तेल की कीमतों में भी जल्द ही उछाल आई। श्रम की मांग भी बढ़ने लगी। खाड़ी देशों में मुद्रास्फीति दुनिया के अधिकांश हिस्सों की तुलना में सीमित रही। लोगों के पास खर्च करने के लिए अधिक पैसा था और उन्होंने इसका कुछ हिस्सा अपने घर यानी भारत भेजा। प्रवासियों की ओर से देश में भेजे जाने वाले पैसे की बढ़ोतरी से जुड़ा एक अहम तथ्य यह भी है कि डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा में गिरावट आई है। अधिकांश मध्य पूर्वी मुद्राएं डॉलर से आंकी जाती हैं, इसलिए रुपये में गिरावट के बाद अब जब प्रवासी घर पैसा भेजते हैं, यहां भारत में अब पहले की तुलना में अधिक रुपये मिलते हैं। उदाहरण के लिए, यदि लोग दो वर्ष पूर्व 1,000 डॉलर घर वापस घर भेज रहे थे तो उन्हें 70,000 रुपये मिलते थे। अब वही व्यक्ति अगर 1,000 हजार डॉलर भेज रहा है तो उसे 81,000 से 82,000 रुपये मिल जा रहे हैं। इसलिए जब भी रुपये में गिरावट आती है आम तौर पर भारतीय प्रवासी एक-एक पैसा बचाने और उसे घर भेजने के लिए जद्दोजहद में जुट जाते हैं। कई लोग तो इन मौकों का फायदा उठाने के लिए कम ब्याज दरों पर पैसे उधार तक ले लेते हैं। यही कारण है कि विदेश से आने वाली राशि में इजाफा देखने को मिलता है। एक और कारण है जिससे विदेश से आने वाले पैसे मे इजाफा दिख रहा है। विदेश जाकर कमाने वालों का अब पैटर्न बदल गया है। खासकर कुशल भारतीयों के लिए। अब लोग बड़ी तादाद में अमेरिका और कनाडा जैसी जगहों की ओर जा रहे हैं। अमेरिका में 50 लाख भारतीयों में से 57% वहां 10 से अधिक वर्षों से रह रहे हैं। इसका मतलब है कि वे भी अब अपनी कमाई की 'पीक' क्षमता पर पहुंच रहे हैं। वे सेवा क्षेत्र में उच्च अर्जक हैं। 2021 और 2022 में (कुछ महीने पहले तक) विदेशों टेक के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों ने अपनी आमदनी में वृद्धि देखी।

# कमजोर मांग से एल्युमीनियम वायदा कीमतों में गिरावट



नयी दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। हाजिर बाजार में कमजोरी के रुख के कारण कारोबारियों ने अपने सौदों की कटान की जिससे वायदा कारोबार में सोमवार को एल्युमीनियम की कीमत पांच पैसे की गिरावट के साथ 209.75 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में दिसंबर माह की डिलिवरी के लिए एल्युमीनियम के अनुबंध का भाव पांच पैसे यानी 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 209.75 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। इसमें 4,186 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में उपभोक्ता उद्योगों की मांग घटने के बीच कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से वायदा बाजार में एल्युमीनियम कीमतों में गिरावट आई है।

# '750 करोड़ का शिप, एक बिलियन डॉलर का घर

## 1.05 करोड़ की सैलरी...', पुतिन की लाइफस्टाइल देख आपको यकीन नहीं होगा

कीव, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। यूक्रेन पर परमाणु हमला करने की धमकी देकर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं. पुतिन का साफ कहना है कि अगर उनके देश को खतरा हुआ तो वो कुछ भी कर सकते हैं पुतिन को सिर्फ धमकी देने की आदत नहीं है. वे जो कहते हैं, उसे पूरा भी कर देते हैं. इसी कारण उनके इस बयान से पूरी दुनिया में खलबली मची हुई है. लोग इसे तीसरे विश्वयुद्ध की आहट मान रहे हैं. यूक्रेन पर हमला करने के बाद अमेरिका सहित तमाम पश्चिमी देशों ने रूस के ऊपर कड़े प्रतिबंध लगा रखे हैं. हालांकि पुतिन को इससे फर्क नहीं पड़ता है. रिपोर्ट्स के मुताबिक पुतिन के पास बेहिसाब दौलत है, जिसके दम पर वह आलीशान जीवन व्यतीत करते हैं. आज हम भी आपको पुतिन की सैलरी और उनकी दौलत के बारे में बताने जा रहे हैं. ब्रिटिश न्यूज वेबसाइट मिरर में छपी खबर के अनुसार, रूसी राष्ट्रपति पुतिन के पास



हजारों करोड़ रुपये की संपत्ति है. वह 74 अरब रुपये की आलीशान महल में रहते हैं. ये महल पुतिन का ये महल रूस के काला सागर तट पर है, इसमें एक संगमरमर का स्विमिंग पूल है, जिसे ग्रीक देवताओं की मूर्तियों से सजाया गया है. महल के अंदर ही एक वाइन सेलर, एक थिएटर और पोल डांसिंग के लिए क्लब जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं.

**750 करोड़ का है सुपरयॉच**

पुतिन के पास एक से बढ़कर एक कई आलीशान सुपरयॉच हैं. जिन्हें देखकर हर कोई हैरान रह जाता है. इनमें से सबसे आलीशान सुपरयॉच का नाम 'ग्रेसफुल' है. इसकी कीमत 750 करोड़ रुपये है. इस सुपरयॉच पर हेलीपैड, डाइनिंग एरिया, कॉकटेल बार जैसी सुविधाएं मौजूद हैं. इसके सेलार में दुनिया भर की सबसे शानदार वाइन की 400 बोतलें रखी जाती हैं. इसे रूसी नौसेना के लिए परमाणु पनडुब्बी बनाने वाली कंपनी सेवमाश ने तैयार किया है.

**43 विमान, 15 हेलीकॉप्टर**

मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया जाता रहा है कि उनके पास 19 और घर हैं. पुतिन के पास 43 विमान, 15 हेलीकॉप्टर, 700 कारें और 3 करोड़ रुपये तक की दर्जनों महंगी घड़ियों का क्लेशन है. वो विदेशी पालतू जानवरों के रखने के भी शौकीन हैं. उनके पास एक बाघ भी है, जिसका नाम बोरिस है. पुतिन ने इसे 2015 में जंगल में छोड़ दिया था.

**पुतिन का पसंदीदा विमान है 'फ्लाइंग क्रेमलिन'**

पुतिन को 'फ्लाइंग क्रेमलिन' नाम का विमान काफी पसंद है. इस विमान की कीमत 3 हजार करोड़ रुपये है. गार्डियन की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि इस विमान में सोने से बना टॉयलेट लगा हुआ है, जो अकेले 35 लाख रुपये से ज्यादा का है. इसमें जिम, बार, 3 बेडरूम के अलावा हर वो सुविधाएं हैं, जिनके सहारे पुतिन सफर करते हुए सेना को कंट्रोल कर सकते हैं.

**1.05 करोड़ रुपये है सालाना सैलरी**

लोकप्रिय हस्तियों के नेटवर्थ पर नजर रखने वाली बेवसाइट सीएकेएन ओडब्ल्यूएलईडीजीई के हिसाब से अभी पुतिन की सालाना सैलरी 1.40 लाख डॉलर यानी करीब 1.05 करोड़ रुपये है. पुतिन को टफ टॉस्क लेने का शौक है. उन्हें एक्सरसाइज करना काफी पसंद है.



# माता वैष्णो देवी यात्रा: अब भक्तों के लिए आरएफआईडी कार्ड जरूरी

**यात्रा खत्म करने पर वापस नहीं किया तो जुर्माना**

जम्मू, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। नववर्ष पर श्रद्धालुओं की भीड़ को काबू में रखने के लिए श्राइन बोर्ड ने रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) कार्ड की व्यवस्था शुरू की है। इस कार्ड के बिना किसी भी यात्री को भवन की ओर प्रस्थान करने की अनुमति नहीं होगी। हर श्रद्धालु पर अत्याधुनिक स्कैनर से नजर रखी जाएगी। जो भक्त यात्रा समाप्त करने के बाद कार्ड वापस नहीं करेगा, उस पर श्राइन बोर्ड प्रशासन जुर्माना करेगा। यह व्यवस्था शुरू हो गई है। पिछले वर्ष की दुर्घटना से सबक लेते हुए श्राइन बोर्ड ने प्रवेश द्वार दर्शनी ड्योढ़ी के सहित नए ताराकोट मार्ग के प्रवेश द्वार, कटड़ा हेलीपैड, श्री माता वैष्णो देवी रेलवे स्टेशन, आदि स्थानों पर अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती की है। अत्याधुनिक स्कैनर से लगातार निगरानी की जा रही है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी श्रद्धालु बिना आरएफआईडी कार्ड के माता वैष्णो देवी की यात्रा न करे और वापसी पर हर हाल में अपना कार्ड जमा करवा सके। जो लोग कार्ड जमा नहीं करवा रहे हैं, पकड़े जाने पर उनसे जुर्माना वसूला जा रहा है। इस सख्ती का मुख्य उद्देश्य यात्रा मार्ग और भवन पर ज्यादा भीड़ न होने देना है। ऐसे श्रद्धालुओं से जुर्माना वसूला जा रहा है जो यात्रा पूरी होने के उपरांत अपना आरएफआईडी यात्रा कार्ड वापस नहीं कर रहे हैं। श्राइन बोर्ड उन श्रद्धालुओं पर भी जुर्माना करेगा जो बिना आरएफआईडी कार्ड के यात्रा करेंगे। उनकी यात्रा भी रद्द की जाएगी

# एक और खतरनाक मकसद में कामयाब हुआ उत्तर कोरिया

## जासूसी सैटेलाइट के अंतिम चरण का किया परीक्षण



प्योंगयांग, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन एक बार फिर से अपने खतरनाक मंसूबों में कामयाब हो गया है। दरअसल, उत्तर कोरिया ने जासूसी सैटेलाइट के अंतिम चरण का परीक्षण कर लिया है। इस परीक्षण से जापान और दक्षिण कोरिया के लिए बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। इस परीक्षण का मकसद पड़ोसी देशों की गतिविधियों पर नजर बनाए रखना है। इतना ही नहीं किम जोंग इस सैटेलाइट की लॉन्चिंग अप्रैल 2023 तक पूरा करना चाहते हैं। यह रिपोर्ट दक्षिण कोरियाई और जापानी सेनाओं द्वारा अपने पूर्वी तट की ओर दो मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों की लॉन्चिंग के बाद आई है।

**आधुनिक तकनीक से लैस है यह जासूसी सैटेलाइट**

उत्तर कोरिया की स्पेस एजेंसी ने इस जासूसी सैटेलाइट में अंतरिक्ष में कैमरा ऑपरेटिंग तकनीक, संचार उपकरणों की डेटा प्रोसेसिंग , ट्रांसमिशन क्षमता, ग्राउंड कंट्रोल सिस्टम की ट्रैकिंग और नियंत्रण सटीकता जैसे महत्वपूर्ण तकनीकी संकेतकों की पुष्टि की है।

**अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को गति देना चाहता है उत्तर कोरिया**

उत्तर कोरिया की इस जासूसी सैटेलाइट के बारे में विशेषज्ञों ने कहा कि यह बैलिस्टिक मिसाइलों के तेज और अधिक मोबाइल लॉन्च की सुविधा प्रदान करेगा, क्योंकि यह एक नया रणनीतिक हथियार विकसित करना चाहता है और अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को गति देना चाहता है।

**उत्तर कोरिया ने इस साल की शुरुआत से कई मिसाइलों का किया परीक्षण**

उत्तर कोरिया ने इस साल की शुरुआत से दर्जनों मिसाइल परीक्षण किए हैं। कई मौकों पर तो एक ही बार में कई मिसाइलें दागी हैं। पिछले महीने, उत्तर कोरिया ने कम दूरी की 20 से ज्यादा मिसाइलें लॉन्च कीं।

### हवाई एयरलाइन में एयर टर्बुलेंस बढ़ने से मची अफरा-तफरी, 11 यात्री गंभीर रूप से घायल

नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। फीनिक्स से होनोलूलू जा रही एक हवाईयन एयरलाइंस की फ्लाइट में अचानक से एयर टर्बुलेंस बढ़ने से मची अफरा-तफरी मच गई। इससे फ्लाइट में सवार 36 यात्री घायल हो गए। इसमें 11 यात्री गंभीर रूप से घायल हैं। यह घटना तब हुई जब फ्लाइट होनोलूलू से 30 मिनट की दूरी पर थी। होनोलूलू आपातकालीन चिकित्सा सेवा की ओर से कहा गया है कि ग्यारह लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं नौ अन्य की हालत स्थिर है। बताया गया है कि रविवार को सुबह करीब 11 घटना के बारे में सूचना मिली। एक यात्री कायली रेयेस ने बताया कि उनकी मां को सीट बेल्ट बांधने का भी मौका नहीं मिला और वह ऊपर की छत से जाकर टकरा गईं।

# नीती घाटी की गुफा में विराजमान हुए बाबा बर्फानी

## सामने आई इस साल की पहली तस्वीरें



जोशीमठ, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। यदि आप क्रिसमस और 31 दिसंबर के जश्न के लिए औली पहुंचने का कार्यक्रम बना रहे हैं तो यहां से करीब 70 किलोमीटर की दूरी पर बाबा बर्फानी के दर्शनों का कार्यक्रम भी जरूर बनाएं। यहां प्राकृतिक सुंदरता के साथ ही आध्यात्म की अनुभूति होती है। भारत-चीन सीमा पर स्थित नीती घाटी की टिम्मरसैंण गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन होने लगे हैं। यहां बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर सामने आई है जिसमें गुफा में बर्फ से शिवलिंग का आकार उभरा हुआ है। टिम्मरसैंण में बाबा बर्फानी के दर्शनों के लिए दूर-दूर से श्रद्धालुगण यहां पहुंचते हैं। जोशीमठ-मलारी हाईवे पर नीती गांव के समीप तीन किलोमीटर की पैदल दूरी पर टिम्मरसैंण गुफा स्थित है और यहां दिसंबर से मार्च माह तक गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन होते हैं। यहां बाबा बर्फानी शिवलिंग के आकार में उभरते हैं। इस वर्ष मौसम साफ होने से नीती घाटी में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कई नाले बर्फ में तब्दील हो गए हैं। टिम्मरसैंण गुफा में भी बाबा बर्फानी अपने प्राकृतिक स्वरूप में दिखने लगे हैं। जोशीमठ-मलारी हाईवे तक वाहन से पहुंचा जा सकता है।

यहां से तीन किमी पैदल यात्रा कर टिम्मरसैंण गुफा तक पहुंचकर बाबा बर्फानी के दर्शन होते हैं। मलारी में सेना के चेक पोस्ट पर अपना नाम, पता व पहचानपत्र जमा करने के बाद भक्त बाबा बर्फानी के दर्शन के लिये पहुंच सकते हैं। सरकार की ओर से वर्ष 2019 में भक्तों को बाबा बर्फानी के दर्शन कराने की योजना बनाई थी लेकिन लगातार मौसम व सड़क मार्ग बंद होने से यहां तक यात्रा संचालित नहीं हो पाई।

# पाक के लिए शर्मिंदगी का सबब बना चीन का डिजाइन किया जेएफ-17 विमान

## चीनी दावे शेखी बघारने वाले साबित हुए

बीजिंग, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। चीन निर्मित जेट जेएफ-17 पाकिस्तान के लिए शर्मिंदगी का सबब बन गया है। डिफेसा ऑनलाइन की रिपोर्ट के अनुसार, चीन द्वारा विकसित जेट जेएफ-17 में रूसी आरडी-93 इंजन लगा हुआ है, जिसमें कई खराबी के कारण यह पाकिस्तान के लिए शर्मिंदगी का कारण बन गया है, लेकिन इसके बावजूद कई देशों ने जेट जेएफ-17 में दिलचस्पी दिखाई है। हाल ही में अजरबैजान, श्रीलंका और मलयेशिया ने जेएफ-17 फाइटर के संभावित खरीदारों के रूप में अपनी रुचि दिखाई है।

**पाकिस्तान चीन की मध्यस्थता के बिना रूस से इंजन और स्पेयर पार्ट्स प्राप्त नहीं कर सकता**

चीनी नानजिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी ने रूसी



आरडी-93 इंजन को ठीक करने के लिए कई प्रयास किए, लेकिन इसके बाद भी यह ठीक नहीं हो सका। जेएफ-17 के लिए बीजिंग और इस्लामाबाद के बीच समझौते पर हुए हस्ताक्षर के मुताबिक, पाकिस्तान चीन की मध्यस्थता के बिना रूस से इंजन और स्पेयर पार्ट्स प्राप्त नहीं कर सकता है। डिफेसा ऑनलाइन के अनुसार, चीनी लड़ाकू विमानों के कई बार खराब होने के कारण पाकिस्तान ने चीन की मध्यस्थता से परहेज करते हुए नए आरडी-93 इंजन की खरीद के लिए सीधे मॉस्को से आवेदन किया था।

**चीनी लड़ाकू जेट अभी छोटे लक्ष्य के बाजार को ही हासिल कर पाया है**

रूस आरडी-93 इंजन, स्पेयर पार्ट्स और रखरखाव की सुविधा भी देना चाहता था, लेकिन रूस की रक्षा निर्यात एजेंसी रोसोबोरोनेक्सपोर्ट के खिलाफ अमेरिकी प्रतिबंधों ने पाकिस्तानी वायु सेना के लिए और जटिलताएं पैदा कर दीं। दशकों से लड़ाकू विमान के रूप में शक्ति निर्यात करने वाले चीन का विकास रोकना असंभव लग रहा था। लेकिन, स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के हथियार हस्तांतरण डाटाबेस के अनुसार, 2000 और 2020 के बीच चीन ने केवल 7.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के सैन्य विमानों का निर्यात किया है और चीनी लड़ाकू जेट अभी भी अपने अपेक्षाकृत छोटे लक्ष्य बाजार में बेचे जा रहे हैं।

**चीनी लड़ाकू विमानों के ग्राहकों की संख्या सीमित**

1990 के दशक में चीनी लड़ाकू विमानों के मुख्य ग्राहक पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार, उत्तर कोरिया और कुछ अफ्रीकी देश थे। डिफेसा ऑनलाइन की रिपोर्ट के अनुसार, ये देश आज भी चीन के ग्राहक हैं।इस साल जनवरी में ताइवान न्यूज ने रिपोर्ट दी थी कि पाकिस्तानी नेताओं ने कम लागत वाले, हल्के, सभी मौसम में काम आने वाले मल्टी-रोल फाइटर विमान की उम्मीद की थी, जो रूस के सुखोई एसयू-30एमकेआई या फ्रांस के मिराज 2000 जैसा होगा, लेकिन वास्तविकता पाक की उच्च उम्मीदों से काफी कम थी।

**चीन के दावे शेखी बघारने वाले साबित हुए**

1999 में जब बीजिंग और इस्लामाबाद ने जेएफ-17 के संयुक्त उत्पादन के समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, तो इसे एसयू-30एमकेआई, मिग-29 और मिराज-2000 के बराबर वाले लड़ाकू जेट के रूप में पेश किया गया था। लेकिन डेली सन की रिपोर्ट के अनुसार, वास्तविकता यह है कि जेएफ-17 चीनियों द्वारा किए गए शेखी बघारने वाले दावों के आस-पास भी नहीं है। ऐसे में पाकिस्तानी वायु सेना अपनी शर्मिंदगी छुपाने के लिए अन्य विकल्पों को खोज रही है। पाकिस्तान में बड़े पैमाने पर उत्पादित जेएफ-17 थंडर (ब्लॉक) की पहली तस्वीर हाल के दिनों में सामने आई है। उम्मीद है कि नया संस्करण पुराने जेएफ-17 मॉडल से बिल्कुल अलग होगा, फिर भी इसके कथित अपग्रेडेशन की सीमा पर सवाल उठ रहे हैं।

# थाईलैंड की नौसेना का पोत समुद्र में डूबा, 75 को बचाया, 31 अब भी लापता



बैंकॉक, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। थाईलैंड की नौसेना का एक जहाज रविवार को समुद्र में डूब गया। उस पर 100 से ज्यादा लोग सवार थे। 75 लोगों को निकाल लिया गया है, जबकि 31 अब भी लापता बताए गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार रविवार शाम को थाईलैंड की खाड़ी में चली तेज हवाओं व समुद्री लहरों के चलते रॉयल थाई नौसेना का पोत एचटीएमएस सुखोथाई कार्वेट डूब गया। राहत व बचाव के लिए जहाज और हेलीकॉप्टरों को तैनात किया गया है। सूचना मिलते ही रॉयल नैवी ने तीन पोतों व दो हेलीकॉप्टरों को मोबाइल पंपिंग मशीनों के साथ जहाज का पानी निकालने के लिए भेजा था, लेकिन तेज हवाओं के कारण वे इसमें विफल रहे। जहाज की विद्युत प्रणाली ठप होने से उसमें तेजी से पानी भरने लगा। इसके कारण वह डूब गया। यह हादसा उस वक्त हुआ जब यह युद्धपोत प्रचुआप खीरी खान प्रांत में बंगसफान जिले में घाट से 32 किलोमीटर दूर समुद्र में गश्त पर था। दक्षिणी थाईलैंड हाल के दिनों में तूफान और बाढ़ का सामना कर रहा है। इसे देखते हुए जहाजों को तट पर रहने की चेतावनी दी गई थी। नौसेना ने कहा कि सोमवार सुबह तक 75 सवारों को बचा लिया गया, लेकिन 31 अब भी पानी में हैं।

# ऑफिस में बुलिइंग के शिकार लोग साजिशें रचते हैं

## नॉटिंघम यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट- बुली होने वाले लोग एक-दूसरे के खिलाफ गॉसिप करते हैं



लंदन, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑफिस में अक्सर लोग बुलिइंग होने की शिकायत करते हैं। कभी-कभी तो वे ऐसा कदम उठा लेते हैं जिसका खामियाजा बाकी लोगों को भी भुगतना पड़ता है। ब्रिटेन की नॉटिंघम यूनिवर्सिटी में हुए एक शोध में ऐसा ही चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। शोध के मुताबिक बुलिइंग के शिकार लोग षड्यंत्र पर ज्यादा विश्वास करते हैं। वे कई बार जानबूझकर ऑफिस में ऐसा माहौल बनाते हैं जिससे बुलिइंग करने वालों को परेशानी हो। उनके खिलाफ साजिश भी करते हैं। ब्रिटेन की नॉटिंघम यूनिवर्सिटी और फ्रांस की नैनटेरे यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने ऑफिस बुलिइंग से जुड़े मनोवैज्ञानिक कारणों पर स्टडी की। इसमें उन्होंने पाया कि ऑफिस में 75% लोग बुलिइंग के शिकार होते हैं। वे अवसादी भावनाओं से ग्रसित हो जाते हैं।

**बुलिइंग के पीड़ित लोग सदमें में आ जाते हैं**

प्रमुख शोधकर्ता डैनियल जोली ने कहा, बुलिइंग के अनुभव पीड़ित को कई तरह से प्रभावित कर सकते हैं। कई बार इसके गंभीर परिणाम भी सामने आते हैं। ऑफिस में अफवाह फैलते हैं, लोग एक दूसरे के खिलाफ गॉसिप करते हैं। कई बार सदमे में आकर लोग नौकरी छोड़ देते है और बेरोजगारी हो जाते हैं। इसका अध्ययन के लिए शोधकर्ताओं की कुछ लोगों को ऑफिस में छह माह तक बुलिइंग और कुछ को अच्छे माहौल में रखा। उन्होंने पाया कि बुलिइंग के शिकार लोगों में गलत भावनाओं की रिपोर्ट करने की संभावना अधिक थी। शोधकर्ताओं ने कहा कि ये भावनाएं साजिश पर विश्वास करने का समर्थन करती हैं।

**ऑफिस का माहौल खराब होता है, प्रोडक्टिविटी गिरती है**

ऑफिस में बुलिइंग होने से माहौल खराब होता है। इसका असर बुलिइंग के शिकार लोगों पर पड़ता है। उनकी प्रोडक्टिविटी कम होती है। वे अवसाद में रहते हैं और कम क्रिएटिव होते जाते हैं। लिहाजा, शोध का मकसद इस तरह की गतिविधियों को कम करना है।

# ड्राइवर-कंडक्टर को पीटा, रुपए लूटे:राजधानी में सिटी बस में गुंडई, बस का सीसीटीवी कैमरा भी तोड़ा



भोपाल, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। राजधानी भोपाल में कोलार रोड इलाके में दौड़ने वाली सिटी बस में 3 युवकों ने दिनदहाड़े गुंडई की। बस को बीच रास्ते में रोककर उसमें तोड़फोड़ की और फिर कंडक्टर-ड्राइवर को पीटकर रुपयों से भरा बैग छिन लिया। जब ये वारदात हुई तब बस में 50 से ज्यादा पैसेंजर बैठे हुए थे। अचानक हमला होने से वे दहशत में आ गए। हालांकि हैरानी की बात ये है कि एजेंसी बी सी ए ल ए ल (भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड) के जिम्मेदारों ने आरोपी युवकों के खिलाफ पुलिस शिकायत न करते हुए समझौता कर लिया। अब वे सोमवार को एफआईआर दर्ज कराने की बात कह रहे हैं। ये घटना अयोध्या नगर (इसरो) से बैरागढ़ चिंचली-कजलीखेड़ा के बीच दौड़ने वाली सिटी बस में रविवार को हुई। एक्टिवा सवार 3 युवकों ने पहले कोलार रोड पर डी-मार्ट के सामने से गुजर रही बस को रोका। फिर ड्राइवर अब्दुल रज्जाक और कंडक्टर राजेश अहिरवार को बुरी तरह पीटा। उन्होंने बस में लगा सीसीटीवी कैमरा भी तोड़ दिया। इसके बाद ड्राइवर-कंडक्टर बस को वहीं छोड़कर भाग निकले। करीब आधे घंटे तक बस बीच रोड पर ही खड़ी रही। इस दौरान बस में बैठी महिलाओं और बच्चों को दूसरी बस में बैठाया गया। युवकों ने कंडक्टर राजेश से जो बैग छिना उसमें यात्रियों से जमा किए किराए के करीब 1700 रुपए थे। आरोपियों ने कैमरा भी तोड़ दिया। हालांकि, रिकॉर्डिंग हार्डडिस्क में सुरक्षित है। कंडक्टर राजेश ने बताया कि मैं पैसेंजर से किराया ले रहा था। तभी 3 युवक बस में चढ़े और मारपीट करने लगे। फिर रुपए छीनकर भाग गए। सिटी बस में दिनदहाड़े मारपीट, तोड़फोड़ और लूट की वारदात हुई। कई महिलाएं और बच्चे दहशत में आ गए। काफी देर तक सड़क भी जाम रही। फिर भी बीसीएलएल के जिम्मेदारों ने कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की। जब जिम्मेदारों से बात की तो उनका कहना था कि युवकों के परिजन थाने पर आ गए थे। रुपए लौटा गए। समझौता हो गया। बीसीएलएल के इस समझौते से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। हालांकि, सोमवार को मामले में कार्रवाई करने की बात कही जा रही है। नगर निगम में एमआईसी मेंबर और बीसीएलएल प्रभारी मनोज राठौर ने बताया कि बस में कैमरे लगे हैं। इसके फुटेज निकलवाकर कार्रवाई की जाएगी। मामले की जानकारी ले रहे हैं। ऐसा नहीं है कि सिटी बस में तोड़फोड़ और ड्राइवर-कंडक्टर से मारपीट की घटना पहली बार हुई हो, इससे पहले भी ऐसे कई मामले सामने आए हैं, कुछ में बीसीएलएल ने कानूनी कार्रवाई भी की।

# चंडीगढ़ में स्कूलों के बाहर 'ड्रग की सप्लाई'

## चाइल्ड पार्लियामेंट में बच्चों ने उठाया मुद्दा; पूछा- प्रशासन क्या कर रहा

चंडीगढ़, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। चंडीगढ़ के कुछ स्कूलों के बाहर ड्रग बेचा जा रहा है। इसे रोकने के लिए चंडीगढ़ प्रशासन क्या कदम उठा रहा है? यह सवाल शहर के स्कूली बच्चों ने किया है। जिसका जवाब प्रशासन और पुलिस को देना है। हाल ही में पंजाब यूनिवर्सिटी और शहर के कॉलेजों के बाहर ड्रग बेचने वाले एक एमबीए स्टूडेंट को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद पुलिस ने शहर के कॉलेजों के बाहर चेकिंग बढ़ाने की बात कही थी। वहीं अब स्कूलों के बाहर ड्रग बेचे जाने की बात सामने आई है। चंडीगढ़ में 'द फेडरेशन ऑफ चाइल्ड पार्लियामेंट' के एनुअल मीट के दूसरे एडिशन में स्टूडेंट्स ने उनकी प्रॉब्लम्स पूछे जाने पर यह बात कही है। इसमें डोन बोस्को नवजीवन सेंटर समेत शहर के अन्य स्कूलों में पढ़ रहे वंचित क्षेत्रों के कई बच्चों ने भाग लिया। चंडीगढ़ के 1500 के लगभग गवर्नमेंट और प्राइवेट स्कूली बच्चों ने कैपिटल कॉम्प्लेक्स में ओपन हैंड मॉनूमेंट के पास हुए इस चंडीगढ़ अर्बन फेस्टिवल में भाग लिया। इसी दौरान स्कूलों के बाहर ड्रग बिकने समेत अन्य मुद्दों को उठाया। बच्चों द्वारा पूछा गया कि इस ड्रग को बेचने से रोकने के लिए प्रशासन क्या कर रहा है ? वहीं कुछ बच्चों ने पूछा कि अगर किसी बच्ची के साथ रेप जैसी घटना हो और उसके परिजन मामले को दबाना चाहें तो क्या करें? इसके अलावा स्कूलों में डमी एडमिशन का मुद्दा भी स्टूडेंट्स के इस प्रोग्राम में बच्चों ने रखा। सवाल किया कि शिक्षा विभाग इसे रोकने के लिए क्या कर रहा है? बच्चों द्वारा पूछे गए सवालों में बच्चों से जुड़े साइबर क्राइम को रोकने को लेकर भी सवाल किए गए। इस कार्यक्रम को चंडीगढ़ प्रशासन व अन्य स्पॉन्सर द्वारा करवाया गया था। बता दें कि डोन बोस्को द्वारा 'चाइल्ड फ्रेंडली सिटी' इनिशिएटिव के तत्वाधान में यह इवेंट करवाया जाता है ताकि ऐसे बच्चों को अपने मुद्दे और सवाल रखने का एक मंच मिल सके।

# च्यवनप्राश के नाम पर सिर्फ चीनी तो नहीं खा रहे

## नकली की पहचान कैसे होगी, छोटे बच्चों को दे सकते हैं क्या

एक्सक्लूसिव डेस्क, 19 दिसंबर। सर्दियों में च्यवनप्राश खाने से इम्यूनिटी बूस्ट होता है और बीमारियों को दूर भगाता है। आयुर्वेद में भी च्यवनप्राश के महत्व को बताया गया है। आइए जानते हैं कि जो च्यवनप्राश खा रहे हैं, वो असली है या नकली? क्या इसे खाने का कोई नुकसान भी है? 40 से 50 तरह की चीजों को मिलाकर बनाई गई एक ऑयुर्वेदिक औषधी को च्यवनप्राश कहा जाता है। इसमें आंवले का इस्तेमाल मुख्य तौर से किया जाता है। आंवले में भरपूर मात्रा में विटामिन- सी होता है। सभी सामान को पकाने के बाद उसमें चीनी या शहद मिलाकर एक पेस्ट जैसा तैयार किया जाता है। जिसे बच्चों से लेकर बूढ़े तक आसानी से खा सकते हैं। जितना फायदा च्यवनप्राश खाने से होता है लगभग उतना ही नुकसान नकली च्यवनप्राश खाने से हो सकता है। इसलिए असली-नकली में फर्क समझना जरूरी है।

**नकली च्यवनप्राश को आसानी से घर पर ही पहचाना जा सकता है**

च्यवनप्राश को आंवले से बनाया जाता है। आंवले में मौजूद विटामिन- सी रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी को बढ़ाता है। शरीर में न्यूट्रिएंट्स यानी पोषक तत्वों की कमी को दूर करता है। इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सिडेंट्स स्किन के लिए फायदेमंद होते हैं। इससे चेहरे की झुर्रियां और फाइन लाइन्स भी कम होती है। इसे खाने से ब्लड सर्कुलेशन सही होता है। दिल की मसल्स को भी मजबूती मिलती है। मेंटल एबिलिटी को बढ़ाने में च्यवनप्राश फायदेमंद हैं। यह अनिद्रा और अल्जाइमर जैसी बीमारियों में खाया जाना चाहिए। दिमाग को तेज करता है और याद्दाश्त मजबूत करता है। डाइजेस्टिव सिस्टम मजबूत होता है। पेट के कैंसर के खतरे को कम करता है। लंग्स से रिलेटेड बीमारियों के लिए काफी फायदेमंद है। खांसी-जुकाम जैसी बीमारियां दूर रहती हैं। यह वात्त, पित्त और वायु तीनों दोषों में बैलेंस बनाकर शरीर को हेल्दी रखने का काम करता है। सेल्स और टिश्यूस की मरम्मत होती है। पुराने रोगों में फायदा होता है। दांत और हड्डियां मजबूत होती हैं। शरीर में हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाता है। महिलाओं के पीरियड्स रेगुलर होते हैं। गर्भवती महिलाओं के लिए भी च्यवनप्राश फायदेमंद है।

पतंजलि के आचार्य बालकृष्ण कहते हैं- च्यवनप्राश में ढेर सारी जड़ी-बूटियां डाली जाती हैं। इसके स्वाद को बैलेंस करने के लिए चीनी या शहद डालना ही पड़ता है। यही जड़ी-बूटी चीनी के नकारात्मक प्रभाव को कम कर देता है। हां, इतना याद रखें कि च्यवनप्राश अच्छी क्वालिटी और ब्रांड का ही खाएं। इसे खाने से इम्यूनिटी बूस्ट होती है। यह सर्दी, जुकाम और कई तरह की एलर्जी से हमारा बचाव करता है। बदलते मौसम की बीमारियों से बच्चों को बचाने के लिए उन्हें हर दिन च्यवनप्राश खिलाना चाहिए। इससे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी बूस्ट होती है। सोने से पहले बच्चों को दूध के साथ एक चम्मच च्यवनप्राश खिलाएं, इससे डाइजेशन अच्छा रहता है। च्यवनप्राश को सही मात्रा में खाने से कई बीमारियों से बचा जा सकता है।




0-1 वर्ष के बच्चों को च्यवनप्राश खिलाने की जरूरत नहीं होती। स्तनपान कराने वाली मां को च्यवनप्राश खाना चाहिए। 1-5 साल के बच्चों को आधा चम्मच च्यवनप्राश खिलाना चाहिए। 6-12 साल के बच्चों को एक चम्मच च्यवनप्राश खिला सकते हैं। 12 से ज्यादा उम्र के लोग 2 चम्मच च्यवनप्राश खा सकते हैं।

सुबह खाली पेट च्यवनप्राश खाने का सबसे सही समय है। खासतौर पर सर्दियों के मौसम में यह अधिक फायदेमंद है। इसे खाने से ठंड में होने वाला सर्दी-जुकाम नहीं होगा। सुबह-शाम खा सकते हैं। रात में खाने से बचना चाहिए। इससे पेट में समस्या हो सकती है।

च्यवनप्राश एक आयुर्वेदिक औषधी है, जिसे खाना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है, लेकिन अगर इसे ज्यादा खाया जाए, तो लूज मोशन हो सकते हैं। इसके साथ इनडाइजेशन यानी अपच, पेट फूलना, पेट पर सूजन, स्किन एलर्जी, स्किन पर लाल निशान और रैशेज की समस्या हो सकती है।

बाजार में मिल रही शुगर फ्री और गुड़ वाले च्यवनप्राश डायबिटीज के रोगी खा सकते हैं। इसके अलावा आम च्यवनप्राश भी शुगर के मरीजों को नुकसान नहीं पहुंचाएगी। बस ध्यान रहे कि च्यवनप्राश एक विश्वसनीय ब्रैंड से खरीदें। ऐसे पेशेंट डॉक्टर की सलाह से ही खाएं। फ्लेवर वाले च्यवनप्राश बस कंपनियों की मार्केटिंग स्ट्रैटेजी है। इनमें अलग से बस फ्लेवर डाल दिया जाता है। च्यवनप्राश को किसी भी मौसम में खाया जा सकता है। हालाकि गर्मियों में इसे खा रहे हैं, तो खाने-पीने का ध्यान दें और खूब पानी पिएं। नहीं तो कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं। ऐसे समय में तला-भूना और अधिक मसालों वाले भोजन से दूर रहें।

**च्यवनप्राश की खोज की दिलचस्प कहानी**

इसकी खोज बुजुर्ग च्यवन ऋषि को जवान बनाने के लिए की गई थी। इसे खाते ही ऋषि जवान हो गए थे, जिसके बाद इसका नाम पड़ा च्यवनप्राश। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी से 18 किलोमीटर दूर औंछा क्षेत्र में है च्यवन ऋषि आश्रम। मान्यता है कि यहां के कुंड में नहाने से चर्म रोग ठीक हो जाते हैं। हजारों साल पहले द्वापर युग में यहीं पर सबसे पहले च्यवन ऋषि और मयन ऋषि जैसे 88 हजार ऋषियों ने 84 साल तक तपस्या की थी।

श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार, औंछा ऋषियों की तपोस्थली है। जब च्यवन ऋषि यहां तपस्या में लीन थे, तो राजा शर्याद की पुत्री सुकन्या वहां से गुजर रहीं थी। उन्होंने देखा कि दीमक-मिट्टी के टीले में दो गोल-गोल छेद दिखाई दे रहे हैं, जो वास्तव में च्यवन ऋषि की आँखें थीं। सुकन्या ने कौतूहलवश उन छेदों में कांटे गड़ा दिए। कांटों के गड़ते ही उन छेदों से खून बहने लगा। च्यवन ऋषि काफी बूढ़े भी हो गए थे। उन्होंने दोबारा जवान होने के लिए सूर्य पुत्र अश्विनी कुमार से प्रार्थना की। अश्विनी कुमारों ने अष्टवर्ग के आठ औषधिय पौधों की खोज की और च्यवन ऋषि दोबारा जवान हो गए। उन्होंने बूढ़े शरीर को दोबार जवान बना देने को उस खास औषधि का चमत्कार माना। राजा शर्याद ने अपनी पुत्री सुकन्या का विवाह च्यवन ऋषि के साथ कर दिया। तभी से इसे च्यनवनप्राश कहा जाता है।

**च्यवनप्राश बनाने की विधि**

इसमें 56 प्रकार की जडी बूटियां डाली जाती हैं। आंवले को अच्छे से धोकर एक पोटली में बांध लें। एक बड़े स्टील के बर्तन में 12 लीटर पानी भरें। उसमें पोटली में बंधा आंवला भिगो दें। इसमें 50 ग्राम वाली सारी साम्रगी मिला लें। इस बर्तन को गैस पर रख दें और जब पानी उबल जाए, तो गैस को धीमी कर दें। धीमी आंच पर इसे 1-2 घंटें के लिए उबलने दें। इसे गैस से हटाकर 10-12 घंटे के लिए ढककर रख दें। अब आंवले को पोटली से निकालकर गुठली अलग कर दें। आंवले को काट लें। बर्तन के पानी को छानकर अलग रख लें। लोहे की कढ़ाही में आंवले का पल्प भून लें। दूसरी कढ़ाही में तिल का तेल और घी डालें और गर्म कर लें। इसके बाद इसमें आंवले का पल्प मिला लें और चम्मच से हिलाते रहें। जब इस मिक्सचर में उबाल आने लगे, तो इसमें चीनी मिला दें। इसे चम्मच से लगातार चलाते रहें। इसमें बीच-बीच में जड़ी-बूटी वाला पानी मिलाते रहे ताकि ये ज्यादा गाढ़ा न हो। पूरा पानी मिलाने के बाद, जब मिश्रण गाढ़ा हो जाए तो गैस बंद कर दें और 5-6 घंटे के लिए ढककर रख दें। अब छिली हुई इलायची के दानों में पिप्पली, बंशलोचन, दालचीनी, तेजपात और नागकेसर को मिक्सी में पीस लें। पिसी हुई सामग्री में शहद और केसर मिलाकर आंवले वाले मिक्सचर में मिला दें। इस आयुर्वेदिक च्यवनप्राश को एक एयर टाइट बर्तन में रख दें। ध्यान रहें कि च्यवनप्राश लोहे की कढ़ाही में ही बनाया जाता है।

## छतीसगढ़ में जम गई ओस

### जशपुर में न्यूनतम तापमान 5 .2 डिग्री पहुंचा, पूरे सरगुजा में कड़ाके की ठंड

रायपुर, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। दिसंबर का पहला पखवाड़ा पार करने के बाद ठंड ने छत्तीसगढ़ में दस्तक दी है। सरगुजा संभाग के अधिकांश जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जशपुर, कोरिया, मैनपाट, बलरामपुर, पेण्ड्रा रोड और कवर्धा में ओस की बूंद जम गई है। रायपुर-बिलासपुर संभाग के अधिकांश जिलों में अभी हालात सामान्य बनी हुई है।

मौसम विभाग के मुताबिक बीती रात जशपुर प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा। वहां न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस मापा गया है।

## झारखंड में भी बढ़ रहा है नकली शराब का खतरा

### लाइसेंसी दुकानों में भी नकली शराब बिकने का खतरा

जमशेदपुर, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। झारखंड के कई शहरों में भी नकली शराब का कारोबार फल फूल रहा है। झारखंड के जमशेदपुर में ही इस साल 2004 लीटर नकली विदेशी शराब जब्त की गयी है। इनमें प्रमुख रूप से 314 लीटर देसी शराब और 344 लीटर बीयर शामिल है। इस तरह के मामले सामने आने के बाद भी प्रशासन सख्ती से उन जगहों की तलाश नहीं कर रहा जहां नकली शराब का कारोबार चलता है। अगर आंकड़े पर गौर करे तो अप्रैल से नवंबर तक अवैध शराब बिक्री में 67 लोगों को जेल भेजा गया है। इस मामले में अब तक 393 कारोबारी फरार हैं जिनकी तलाश पुलिस कर रही है। इस समय के दौरान लगभग 669 केस दर्ज किये गये। झारखंड में नकली शराब के कारोबार का इस तरह समझा जा सकता है कि रांची से भी नकली शराब की सप्लाई बिहार के कई इलाकों में होती है। अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में रांची में इसी तरह के एक बड़े मामले का खुलासा हुआ था जिसमें नकली शराब बिहार भेजने की तैयारी थी। रातू पुलिस1 6 पेटी नकली विदेशी शराब जब्त किया था। इसके साथ एक गाड़ी भी पकड़ी गयी थी जिसे बिहार भेजने की तैयारी थी। पूलिस ने इस छानबिग में आरोपी हरेन्द्र कुमार के घर की जांच में जर्किन कैमिकल्स, चार बोरा खाली बोतल और ढक्कन बरामद किया था। विभाग के अधिकारियों ने बताया था कि जो केमिकल बरामद किया गया है वो जानलेवा है। अक्टूबर महीने की 19 तारीख को खबर आयी थी कि खुफिया विभाग ने उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के सचिव के अलावा गृह सचिव और डीजीपी के साथ एक जानकारी साझा की थी जिसमें बताया था कि झारखंड से नकली शराब बिहार भेजने की तैयारी है। नकली शराब सिर्फ बिहार भेजने के मामले नहीं है। झारखंड के कई शराब दुकानों में नकली शराब की बिक्री का मामला भी सामने आया था।

# भाजपा के दबाव में विधेयक मंजूर नहीं कर रहीं राज्यपाल!

## कांग्रेस अध्यक्ष का बड़ा आरोप, कहा – वे आरक्षण देना नहीं चाहते, यह बीजेपी–आरएसएस का हिडेन एजेंडा

रायपुर, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। आरक्षण विधेयकों को लेकर मचे घमासान के बीच कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, राज्यपाल अनुसूईया उइके भाजपा के दबाव में आरक्षण विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं कर रही हैं। भाजपा के लोग संविधान बदलना चाहते हैं। कमजोर वर्गों को आरक्षण नहीं देना चाहते। यह बीजेपी-भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का हिडेन एजेंडा है।

भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होकर राजस्थान से लौटे प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने सोमवार को कहा, महामहिम राज्यपाल ने ही सरकार को चिट्ठी लिखकर सत्र बुलाने कहा था। उनकी मंशा के अनुरूप सरकार ने तत्परता दिखाई और विधेयक पास करवाया। मेरा मानना है कि अब राज्यपाल को प्रदेश के हित को ध्यान में रखकर उसपर हस्ताक्षर कर देना चाहिए। मोहन मरकाम ने कहा, भाजपा के दबाव में राज्यपाल हस्ताक्षर नही



कर रही है। भाजपा के विधायक आरक्षण विधेयक को विधानसभा में ही रोकना चाह रहे थे। लेकिन बाद में सर्वसम्मति जरूर बना लेकिन उनका जो हिडेन एजेंडा है कि वो संविधान बदलना चाहते हैं। आरक्षण देना नहीं चाहते। आर्थिक-सामाजिक रूप से कमजोर लोगों को आगे बढ़ते देखना नहीं चाहते। यह उनका हिडेन एजेंडा है, उसी हिडेन एजेंडे के दबाव में महामहिम राज्यपाल विधेयकों पर हस्ताक्षर नहीं कर रही हैं।

**राज्यपाल ने रोक रखा है आरक्षण का रास्ता**

उच्च न्यायालय के 19 सितम्बर को आये एक आदेश से छत्तीसगढ़ में एससी-एसटी-ओबीसी वर्ग का आरक्षण खत्म हो गया है। इसको फिर से लागू कराने के लिए सरकार ने 2 दिसम्बर को दो विधेयक पारित कर राज्यपाल की अनुमति मांगी थी। राज्यपाल ने 18 दिनों बाद भी आरक्षण संशोधन विधेयकों पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। विधेयकों को फिर से विचार करने के लिए भी सरकार को लौटाया भी नहीं है। इसके उलट 14 दिसम्बर को राजभवन ने राज्य सरकार को 10 सवालों की एक फेहरिस्त भेजी। इसमें अनुसूचित जाति और जनजाति को सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़ा मानने का आधार पूछा गया है। इसके जरिये राजभवन ने कुछ कानूनी सवाल भी उठाये हैं। इसके बाद से विधेयकों के कानून बनने की संभावना टलती जा रही है।

**भाजपा पर हमलावर है कांग्रेस-सरकार**

राजभवन में हो रही इस देरी के लिए भाजपा कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहरा रही है। वहीं सरकार और कांग्रेस संगठन इस देरी के लिए भाजपा को जिम्मेदार बता रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने साफ शब्दों में कह दिया है कि इन विधेयकों का इस तरह रोका जाना उचित नहीं है। अब समय आ गया है कि राज्यपाल के अधिकारों की समीक्षा होनी चाहिए। संसदीय कार्यमंत्री रविंद्र चौबे ने भाजपा के सवालों को राजभवन की मार्फत सरकार तक आने पर सवाल उठाये हैं। आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने एक दिन पहले कहा कि या तो राज्यपाल दस्तखत करे या फिर विधेयकों को वापस भेजे।

# पूर्व मंत्री राजेश मूणत का बड़ा खुलासा

## सीजी में 5 हजार 127 करोड़ रुपए के चावल का घोटाला, पीएम मोदी ने गरीबों के लिए भेजा था

रायपुर, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में बड़े चावल घोटाले का दावा कर रही है। पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने इस मुद्दे पर सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि, अब तक का सबसे बड़ा चावल घोटाला प्रदेश में हुआ है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर गरीबों का हक छीनने का आरोप लगाया। ये भी कहा कि सरकारी राशन दुकानों से जनता के राशन की कालाबाजारी गई। राजेश मूणत ने अपना दावा कोविड काल में केंद्र से राज्य को मिले चावल पर किया है। कहा है कि जितना चावल आया वो बांटा नहीं गया, और बड़ी मात्रा में चावल में हेर-फेर कर इसका घोटाला किया गया।

मूणत ने अब राज्य को केंद्र से मिले चावल का पूरा हिसाब मांगा है, प्रदेश की तरफ से भी कोविड काल में अतिरिक्त चावल बांटने का दावा किया गया था, भाजपा ने उसका भी हिसाब मांगा है।




**पूर्व मंत्री मूणत का दावा**

राजेश मूणत ने कहा- भारत सरकार ने कोविड काल में संवेदनशीलता दिखाते हुए गरीबों के लिए चावल भेजा। ये अप्रैल 2020 से दिसंबर 2022 तक कुल 33 महीनों में करीब 3 करोड़ 80 लाख 61 हजार 540 क्विंटल चावल होता है। ये पूरा राशन केंद्र ने राज्य को दिया। इसे लोगों को बांटा जाना था। मूणत के मुताबिक प्रदेश में इस चावल में से 2 करोड़ 29 लाख 80 हजार 711 क्विंटल चावल बांटा गया। मूणत ने साफ कहा है कि, करीब 1 करोड़ 50 लाख 80 हजार 829 क्विंटल चावल बांटा नहीं गया। ये चावल गया कहां कोई नहीं जानता, ये रखा कहां है ये भी किसी को नहीं पता। इसकी कीमत 5 हजार 127 करोड़ होती है। इतनी बड़ी राशि के चावल का घपला किया गया है।

4 सालों तक राशन के स्टॉक का ऑडिट नहीं कराया गया, जिससे ये बात पुख्ता होती है कि बड़ी गड़बड़ी उजागर न हो जाए इसलिए स्टॉक ऑडिट नहीं हुआ।

**भाजपा की मांग**

मूणत ने अपनी बात रखते हुए कहा है कि प्रदेश में 63 लाख के करीब गरीब परिवार हैं जिनमें लोगों की संख्या 2 करोड़ के आस-पास है। केंद्र सरकार की ओर से गरीब राशन कार्ड धारियों को चावल भेजा गया। प्रदेश सरकार ने कहा है कि उन्होंने भी गरीबों को राशन बांटा है। हमारी मांग है कि केंद्र के चावल कितने, कब, किस जिले में बांटे गए और कितना स्टॉक बचा। ऐसे ही राज्य सरकार ने कितना चावल बांटा और स्टॉक बचा इसकी जानकारी सार्वजनिक करे। केन्द्र सरकार की एक चिट्ठी ने खाद्य विभाग के साथ नागरिक आपूर्ति निगम के अफसरों की चिंता बढ़ा दी है। पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत हर महीने मिलने वाले राशन में हेराफेरी करने की बात सामने आ रही है। दरअसल केंद्र सरकार ने 30 सिंतबर 2022 को एक आदेश जारी किया था।

## रिबिका हत्याकांड पर मुख्यमंत्री की प्रतिक्रिया

### बोले हेमंत सोरेन- साहेबगंज की घटना ही क्यों? क्या देश के दूसरे राज्यों में इस तरह की घटना नहीं घटी

रांची, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। झारखंड विधानसभा में साहिबगंज की रिबिका हत्याकांड पर जमकर हंगामा हुआ। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह लाश पर राजनीति कर रहे हैं। विधानसभा सत्र के इतर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, क्या इस तरह की हत्या दिल्ली में नहीं हुई? क्या मध्यप्रदेश में इस तरह के मामले नहीं आते। क्या यूपी में इस तरह के मामले नहीं आये। देशभर में ऐसी घटनाएं होती है फिर साहिबगंज की चर्चा क्यों? आज के वक्त में हमारे समाज में जो विकृति फैल रही है, हर समाज के लिए इस तरह के मामले चिंता का विषय है। ऐसा क्यों हो रहा है यह भी एक चर्चा का विषय है। इसका सामाधान कैसे हो यह भी एक चर्चा का विषय है। हर वर्ग हर समाज के लिए यह बड़ा सवाल है। इस तरह के मामलों में मेरा मानना है कि इस तरह की घटनाएं समाज में बड़ी जगह बनाने की कोशिश कर रही है, इसे कुचलने का पूरा प्रयास होना चाहिए।

# रिबिका के शव के टुकड़ों का होगा डीएनए टेस्ट

## धर्म बदलने के लिए दबाव बना रहा था दिलदार, अब तक नहीं मिला सिर

साहिबगंज, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। झारखंड के साहिबगंज में दिल्ली की श्रद्धा से भी क्रूर रिबिका पहाड़िया मर्डर केस की जांच एसआईटी करेगी। पुलिस ने अब तक शव के 18 टुकड़े बरामद किए हैं। रिबिका का सिर और कुछ अंग नहीं मिले हैं। सिर को भी कई टुकड़ों में काटा गया है, क्योंकि उसका जबड़ा अलग मिला है। इधर, रिबिका हत्याकांड को लेकर झारखंड विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। भाजपा विधायकों ने आरोपी को फांसी देने की मांग की।

शव के टुकड़ों का डीएनए टेस्ट भी पुलिस कराएगी। वैज्ञानिक और तकनीकी पहलुओं से गहन जांच पर जोर दिया जाएगा। साहिबगंज एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा के नेतृत्व में एसआईटी की टीम बनाई गई है। आरोपी पति दिलदार अंसारी, उसकी मां मरियम खातून, मामा मैनुल हक, भाई महताब अंसारी, बहन सरेजा खातून समेत कुल 9 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

**मर्डर के बाद दर्ज कराई गुमशुदगी की शिकायत**

दिलदार अंसारी इतना शातिर था कि हत्याकांड को अंजाम देने के बाद उसने पुलिस में रिबिका की गुमशुदगी की शिकायत की। उसने घरवालों को भी रिबिका के लापता होने की सूचना दी। लेकिन शव के टुकड़े मिलने के बाद पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो वह टूट गया। कबूला कि उसने मां और मामा के साथ मिलकर हत्या की और शव के 50 टुकड़े कर फेंक दिए।

**बहन बोली-शादी के बाद से ही प्रताड़ित करते थे**

रिबिका की बहन शीला पहाड़िया ने कहा-बोरियो बेल टोला निवासी दिलदार पेशे से कबाड़ी है। पिता सुरजा पहाड़िया और मां चांदी पहाड़िया इस रिश्ते का विरोध करते थे। एक महीने पहले दोनों घर से भाग कर थाना पहुंचे, जहां पुलिस ने उनकी शादी करा दी। शादी के बाद ही दिलदार और उसके परिवार के सदस्य उस पर धर्म बदलने का दबाव डाल रहे थे। मारपीट करते थे। जब रिबिका नहीं मानी तो उसकी नृशंस हत्या कर दी।

सभी को सोमवार को कोर्ट में




पेश किया जाएगा। बताया जा रहा है कि रिबिका पर धर्म बदलने का भी दबाव डाला जा रहा था। रिबिका आदिम पहाड़िया जनजाति से थी, जबकि उसका पति दिलदार अंसारी मुस्लिम है। दोनों ने एक महीने पहले लव मैरिज की थी। दो साल से दोनों रिलेशनशिप में थे। दिलदार की ये दूसरी शादी थी। पहली पत्नी भी साथ ही रहती है, शादी के बाद से ही घर में रोजाना झगड़े होते थे।

**इस पूरे मामले की स्पीड ट्रायल की तैयारी**

इस मामले में सबसे जरूरी है सबूत इकट्ठा करना। डीआईजी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी यह कहा था कि यह शव के टुकड़े साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से किए गये हैं। ऐसे में जरूरी है कि एसआईटी वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम का सहयोग ले। इसके लिए आदेश दिए गए हैं।

इस मामले में सारे सबूत इकट्ठा कर पुलिस जल्द से जल्द से इसे कोर्ट के सामने रखना चाहती है ताकि आरोपियों को जल्द से जल्द सजा हो सके। मामले की स्पीडी ट्रायल की तैयारी है।

सासंद डॉ.निशिकांत दुबे ने ट्वीट करके मामले को लोकसभा उठाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि झारखंड में आदिवासी समाज की लड़की का दिलादर द्वारा धर्मांतरण के दबाव में टुकड़े-टुकड़े करने के मुद्दे और इस मुद्दे पर झारखंड के मुख्यमंत्री के नीयत और नीति के आधार पर बर्खास्त करने का आग्रह लोकसभा में किया है।

झारखंड में दिल्ली की श्रद्धा से भी क्रूर हत्या हुई है। आफताब ने श्रद्धा के 35 टुकड़े किए थे, लेकिन साहिबगंज में 25 साल के दिलदार अंसारी ने पत्नी रिबिका पहाड़िन के 50 से ज्यादा टुकड़े किए। हत्या के बाद उसके शव के इलेक्ट्रिक कटर से टुकड़े किए। कुछ टुकड़े घर में छिपा दिए, जबकि अन्य टुकड़े मोहल्ले के आसपास सुनसान जगहों पर फेंके दिए। जिसे कुत्ते नोंच-नोंच कर खा रहे थे। जब लोगों ने कुत्तों को इंसान का मांस खाते देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ।

अब तक पुलिस को 18 टुकड़े मिले हैं। सिर समेत दूसरे अंगों की तलाश पुलिस कर रही है।

## पनीर भुर्जी की जगह परोसी मटर-पनीर, टीसी ने सुपरवाइजर को पीटा

### मशरूम नहीं मिलने पर मटर–पनीर खाने राजी था, मैन्यू बदला तो भड़का टिकट कलेक्टर

बिलासपुर, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में पनीर की सब्जी को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि टिकट कलेक्टर( टीसी) सुपरवाइजर पर ही भड़क गया और उसे पीट दिया है। बताया जा रहा है कि टीसी को पनीर भुर्जी की जगह मटर-पनीर परोसी गई थी। जिसे देखकर टिकट कलेक्टर भड़क गया और उसने सुपरवाइजर को जमकर पीटा है। इस मामले में पीड़ित ने तारबाहर थाने में केस दर्ज कराया है। जांजगीर-चांपा जिले के परसाभाठा में रहने वाले राहुल कुमार घिडोरे (23) टीसी रेस्ट हाउस में सुपरवाइजर का काम करते हैं। शनिवार की सुबह टीसी श्रीधर गुरुपल्ली ने सुपरवाइजर को मशरूम की सब्जी बनाने के लिए कहा। सुपरवाइजर बाजार में मशरूम खरीदने के लिए गया भी था। मगर मशरूम नहीं मिलने पर उसने इसकी जानकारी टीसी को दी। इस पर टीसी ने पनीर भुर्जी खाने का का डिमांड किया था। इसके बाद सुपरवाइजर ने कुक को पनीर भुर्जी बनाने के लिए सामान भी लाकर दे दिया। मगर कुक ने बना दिया मटर पनीर और खाते वक्त टीसी को मटर पनीर परोस दिया गया। ये देखते ही टिकट कलेक्टर भड़क गया और उसने सुपरवाइजर राहुल को बुलाया। फिर गाली-गलौज शुरू कर दी और उसे जमकर पीटा। इसी दौरान पास में खड़े दूसरे कर्मचारियों ने जब बीच बचाव किया तब मामला शांत हुआ है। इस मामले को लेकर सुपरवाइजर ने टिकट कलेक्टर पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

राहुल का कहना है कि टिकट कलेक्टर ने शराब पी रखी थी और उन्होंने शराब के नशे में मुझसे मारपीट की है। इसके बाद राहुल कुमार ने रविवार को पूरे मामले की शिकायत की है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी टीसी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और जांच शुरू की है।



# राजस्थान में 500 रुपए में मिलेगा गैस सिलेंडर

## गहलोत ने कहा-एक कैटेगरी बनाई जाएगी, जनवरी में पेश करेंगे बजट



अलवर, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा सोमवार को दौसा से अलवर जिले में प्रवेश कर गई है। पांच दिन दौसा जिले में रहने के बाद आज राजगढ़ से अलवर में एंटर हुई। अलवर सीमा पर स्वागत में रेड कार्पेट बिछाया गया। अब मालाखेड़ा में राहुल गांधी की जनसभा हो रही है। बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने घोषणा की कि हम एक कैटेगरी बना रहे हैं। इस कैटेगरी के लोगों को एक हजार 50 रुपए का घरेलू रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपए में देंगे। सिलेंडर अप्रैल से राज्य में मिलेगा। अगले महीने हम बजट पेश करेंगे, उसमें रसोई से महंगाई का बोझ कम करने के लिए किट बांटने की योजना लाएंगे। उन्होंने कहा- पहले इनकम टैक्स, ईडी से लोग डरते थे, अब ये खुद डरे हुए हैं। देश में लोकतंत्र की जड़ें कमजोर हो गई है। राहुल गांधी एक मकसद लेकर चले हैं। आजादी के बाद यह पहली भारत जोड़ो यात्रा है। पूरा देश महंगाई, बेरोजगारी से त्रस्त है। ईआरसीपी को हम किसी भी हालत में बंद नहीं करेंगे। इसे राष्ट्रीय योजना का दर्ज दिलाने के लिए हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

**पायलट बोले, यात्रा ने रिकॉर्ड तोड़े**

सचिन पायलट ने कहा, राहुल गांधी की यात्रा जिस संकल्प के साथ चली है, उसे मैं सलाम करता हूं। यात्रा ने जोड़ने का काम किया है। कुछ लोगों को यह यात्रा रास नहीं आ रही है। चार दिसंबर को कमलनाथ ने चुनौती दी थी, हमने स्वागत किया। राजस्थान में स्वागत के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

आज सुबह छह बजे से बांदीकुई के कोलाना कोर्ट कैंपस से सुबह छह बजे से यात्रा शुरू हुई। सुबह 10 बजे यात्रा अलवर जिले के राजगढ़ में सुरेर की ढाणी पहुंची। यहीं लंच ब्रेक रखा गया है।

इस बीच, राहुल गांधी से मिलकर एक युवक ने रोजगार से जुड़ी परेशानी बताई तो राहुल ने साथ चल रहे प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से कहा, इसके समाधान की जिम्मेदारी आपकी है। राहुल गांव की महिलाओं से भी मिले। बड़ी संख्या में महिलाएं यात्रा के स्वागत में खड़ी थीं। राहुल गांधी ने उनसे बातचीत की, फोटो खिंचवाए। उनका हालचाल पूछा। ग्रामीण महिलाओं से घर परिवार, रोजगार और बच्चों की पढ़ाई के बारे में जानकारी ली।

## गहलोत के बयान से बीजेपी व कांग्रेस में छिड़ी बहस



जयपुर, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के 'सेवानिवृत्ति के बाद राजनीतिक कक्षाएं शुरू करने' के बयान से राज्य के राजनीतिक हलकों में एक बड़ी बहस छिड़ गई है। गहलोत से जब राजस्थान में कांग्रेस सरकार के चार साल पूरे होने पर शनिवार (17 दिसंबर) को आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राजस्थान के राजनीतिक मॉडल पर बोलने के लिए कहा गया तो उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, 'मैं अपनी सेवानिवृत्ति के बाद राजनीतिक कक्षाएं लेना शुरू करूंगा।'

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा, "भगवान न करे! अगर कोई ऐसा दिन देखे कि किसी को अशोक गहलोत स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स में जाना पड़े तो वह झूठ बोलना, झूठी घोषणाएं करना और वादे तोड़ना सीख जाएगा.. आप इन मुद्दों पर प्रशिक्षण जरूर प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन पारंपरिक नैतिक राजनीति में प्रशिक्षण की कोई गुंजाइश नहीं है, जिसके लिए कभी राजस्थान किसी जमाने में जाना जाता था।" बीजेपी ही नहीं कांग्रेस के नेता भी इस मुद्दे पर बोलने से खुद को रोक नहीं पा रहे हैं। कांग्रेस की राजस्थान यूनिट के पूर्व सचिव सुशील असोपा ने ट्वीट किया, "मैं राजनीति सीखने के लिए किसी कक्षा में नहीं जाना चाहता। मैं जब भी संकट में होता हूं, पंडित नेहरू की अधूरी आत्मकथा पढ़ने बैठ जाता हूं, इससे नैतिक राजनीति का ज्ञान अपने आप मजबूत हो जाता है। इस बीच गहलोत के बयान को लेकर प्रदेश में कयासों का दौर भी जारी है। नाम न छापने की शर्त पर एक वरिष्ठ नेता ने कहा, गहलोत पिछले चार दशकों में एक राजनेता रहे हैं और एक राजनेता अपनी सेवानिवृत्ति योजना के बारे में कभी नहीं सोचते या घोषणा नहीं करते हैं। उनके बयान ने नेतृत्व के मुद्दों पर राजस्थान में चल रही राजनीतिक खींचतान के बीच आग में घी डालने का काम किया है।

### रोहित गोदारा के नाम से कॉल किया

# 50 लाख की फिरौती मांगने में आरोपी गिरफ्तार



चूरू, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। थाना रतनगढ़ क्षेत्र निवासी व्यवसाई को रोहित गोदारा के नाम से कॉल कर 50 लाख रुपये की फिरौती मांगने के मामले में रतनगढ़ पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र निवासी आरोपी विजय कुमार कुमार पुत्र रघुवीर (25) को गिरफ्तार किया गया है।

एसपी दिगंत आनंद ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से इसके सहयोगियों के बारे में अनुसंधान कर संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। फिरौती के संबंध में 16 दिसंबर को परिवादी महिपाल सिंह ने थाना रतनगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि उसके मोबाइल पर रोहित गोदारा ने कॉल कर फिरौती के रूप में 50 लाख रुपये मांगे हैं, नहीं देने पर सीकर वाला अंजाम भुगतने को तैयार रहने की धमकी दी गई है। इससे पहले भी अप्रैल 2022 में रोहित गोदारा व उसके दो साथियों ने 50 लाख रुपए मांग जान से मारने की धमकी दी गई थी। तब से लगातार कई नंबर से व्हाट्सएप व कॉल कर जान से मारने की धमकियां दी जा रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी विगत आनंद द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगदीश प्रसाद बोहरा व सीओ हिमांशु शर्मा के सुपरविजन एवं थानाधिकारी सुभाष बिजारणिया के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा गोपनीय रूप में सूचनाएं एकत्र कर साइबर तकनीक के सहयोग से आरोपी विजय कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

## जयपुर में ठेके से 17 लाख रुपये की शराब चोरी

जयपुर, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। जयपुर के सांगानेर में शराब दुकान से लाखों रुपये की शराब चोरी हो गई। शराब ठेकेदार ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ शराब चोरी का केस दर्ज करवाया है।

चोरी की गई शराब की कीमत 17 लाख रुपये बताई गई है। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार शराब ठेकेदार बाबुलाल चौधरी ने शराब चोरी करने का मुकदमा सांगानेर थाने में दर्ज कराया है। ठेकेदार ने पुलिस रिपोर्ट में बताया कि 17 दिसंबर को सेल्स मैन रात आठ बजे दुकान बंद कर घर चला गया था। जब सुबह सेल्समैन दुकान पर आया तो उसको पीछे के दोनों गेट टूटे हुए मिले। स्टॉक चेक करने पर पता चला कि लाखों रुपये का माल गायब मिला। बदमाशों ने गल्ले में रखे साढे 15 हजार रुपए भी पार कर दिए। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शराब दुकान के आसपास सीसीटीवी चेक किया लेकिन बदमाशों की कोई जानकारी नहीं मिली। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी है।

# राहुल गांधी 'ऊंची दुकान फीके पकवान' : अरूण सिंह



जयपुर, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने कहा है कि जन आक्रोश यात्राएं जनता के द्वारा निकाली जा रही हैं,अब सभाओं के माध्यम से जनता भाजपा से कनेक्ट हो रही है और कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनता में भयंकर आक्रोश है ।

जनाक्रोश यात्राओं को संपूर्ण राजस्थान में 200 विधानसभाओं में जनता का समर्थन मिला । 200 रथों के माध्यम से लगभग 1 लाख 11 हजार किलोमीटर की यात्रा संपन्न हो चुकी है , हजारों नुक्कड़, सभाएं एवं चौपाले और करोड़ों लोगों से जनसंपर्क किया जा चुका है। भाजपा की वेबसाईट व शिकायत पेटिका में लाखो से अधिक शिकायते प्राप्त हुई और लाखो की संख्या मे आमजन से मिस्ड कॉल प्राप्त हुई। राजस्थान की जनता कांग्रेस सरकार से आक्रोशित है इस सरकार में जंगलराज है । न्याय की कोई व्यवस्था नहीं है चारों तरफ अपराध फैले हुए हैं और प्रदेश अपराधियों की शरणस्थली बन चुका है ।कांग्रेस सरकार के 04 वर्ष के शासन मे जंगलराज, अराजकता, तुष्टिकरण की राजनीति, बहुसंख्यकों पर अत्याचार, पुजारियों की जलाकर हत्यायें की गई, जिसमें करौली, भीलवाड़ा, जोधपुर, उदयपुर की घटनायें सबके सामने हैं। राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह ने कहा कि प्रदेश मे ऐसा शासन पहली बार देखा है कि 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' जिसे लोकतंत्र मे सहन नही किया जा सकता है ।सम्पूर्ण किसान कर्जमाफी का राहुल गांधी ने 2018 में वादा किया था,आज सरकार को चार साल हो चुके है प्रदेश में 60लाख किसानो पर 1लाख 20हजार करोड़ का कर्जा बाकी है । कांग्रेस शासन में प्रदेश में 18817 किसानों की जमीनें कुर्क हो गई,किसानों की सबसे अधिक 04 हजार से अधिक जमीनें नीलाम अलवर में हुई हैं । 200 से अधिक किसानों ने आत्महत्या कर ली, राहुल गांधी बेसिर पैर की बातें करने में एक्सपर्ट हो रहे हैं अधूरे दर्शनशास्त्र को जनता समझ चुकी है जब कांग्रेस को जड़ों की ओर जाना है तो बसवाँ से अलवर वाले रास्ते पर हाईवे के अग़ल बग़ल के सैकड़ों हरे भरे पेड़ जडों से ही काट दिए गए हैं । क्या ये है जडों की ओर जाना ?प्रदेश सरकार को राहुल की राह पर तिनका भी मंजूर नहीं ,जबकि प्रदेश की जनता को कांग्रेस सरकार ने चार साल मे कांटे ही दिये ।

## जोधपुर गैस सिलेंडर ब्लास्ट मामला : जोधपुर हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

जोधपुर, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। जोधपुर के भूंगरा में सिलेंडर ब्लास्ट की घटना के मामले में जोधपुर हाईकोर्ट ने मीडिया की खबरों को आधार मानते हुए प्रसंज्ञान लिया है।

हाईकोर्ट ने मुआवजा राशि बांटने को लेकर यह प्रसंज्ञान लिया है। आपको बता दें कि गांव के लोगों के आंदोलन के बाद सरकार ने प्रत्येक परिवार 17-17 लाख रुपए देने की घोषणा की है। दरअसल हाईकोर्ट ने दबाव बनाकर सरकार से मुआवजा लेने के मामले में प्रसंज्ञान लिया है और इस तरह के कदम को अनुचित ठहराया है। हाईकोर्ट ने नोटिस जारी वित्त सचिव को शपथ पत्र पेश कर मुआवजे से संबंधित जानकारी मांगी गई है। भूंगरा में हुई घटना के बाद कितने लोगों को कितना मुआवजा दिया गया है।

### महिला आईएएस अफसर की मनमानी

# पांच साल बीतने पर भी बिहार से नहीं लौटीं, राजस्थान सरकार परेशान



जयपुर, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। 'तारीख पर तारीख' फिल्म 'दामिनी' का सन्नी देवल का ये फेमस डॉयलॉग तो आपने सुना ही होगा। ठीक ऐसे ही राजस्थान में अजीबोगरीब मामला सामने आया। जिसमें एक महिला अफसर पांच साल से अधिक समय से डेपुटेशन पर डेपुटेशन मांगे जा रही हैं। राजस्थान सरकार ने महिला अफसर को लौटने के लिए कई पत्र लिखा। अब महिला अफसर न तो लौट रही हैं और न ही पत्र का जवाब दे रही हैं।

मीडिया रिपोर्टस के अनुसार 2005 बैच की राजस्थान कैडर की आईएएस अफसर पूनम छह साल पहले 2016 में डेपुटेशन पर गई थीं। उन्हें यह डेपुटेशन बिहार जाने के लिए 3 साल के लिए मिला था। उसके बाद उन्होंने कोरोना का हवाला देकर 1 साल के लिए अपना डेपुटेशन बढ़वा लिया। केंद्र, राजस्थान और बिहार की सरकारों ने उन्हें विशेष परिस्थितियां देखते हुए यह इजाजत दे दी। फिर उनका डेपुटेशन अक्टूबर 2020 में पूरा हो गया।

महिला अफसर ने फिर कोरोना का हवाला देकर डेपुटेशन मांगा लेकिन उन्हें अनुमति नहीं मिली इसके बाद पूनम कैट के शरण में गई। जिसके बाद उन्हें फिर एक साल का डेपुटेशन मिल गया लेकिन यह डेपुटेशन भी अक्टूबर 2021 में समाप्त हो गया। अब एक साल बीत गया है लेकिन आईएएस अफसर पूनम नहीं लौटी हैं। अब यह मामला प्रदेश की सरकार, बिहार सरकार और केन्द्र सरकार सभी के लिए सिरदर्द बन गया है। बता दें कि पूनम राजस्थान में बीकानेर, सवाई माधोपुर, डूंगरपुर और बूंदी जिले की कलेक्टर भी रह चुकी हैं। फिलहाल, वो बिहार में ही हैं। कार्मिक विभाग के पत्र का उन्होंने संतोषजनकर जवाब नहीं दिया। जिसके बाद कार्मिक विभाग उनपर कार्रवाई का मन बना चुका है।

विभाग के मंत्री होने के नाते इस मामले की जानकारी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भी भेज दी गई है। कार्मिक विभाग के प्रमुख शासन सचिव हेमंत गेरा ने इस संबंध में आगे कार्रवाई करने की तैयारी कर ली है।

**कार्मिक विभाग कार्रवाई करने की तैयारी में**

अब विभाग उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का मन बना चुका है और केन्द्र के कार्मिक व प्रशिक्षण विभाग और बिहार राज्य सरकार को अपनी आपत्ति दर्ज करवाने वाला है। विभाग के मंत्री होने के नाते इस मामले की जानकारी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भी भेज दी गई है। कार्मिक विभाग के प्रमुख शासन सचिव हेमंत गेरा ने इस संबंध में आगे कार्रवाई करने की तैयारी कर ली है।

# भाई से नजरें भी नहीं मिला पाया ताई का हत्यारा

## पुलिस ने भगवान कृष्ण का वास्ता दिया, तब उगला मर्डर का राज




जयपुर, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। जयपुर में ताई की हत्या करके 8 टुकड़े करने वाले अनुज शर्मा को पुलिस रविवार को उसके घर लेकर गई। पुलिस ने अनुज को पूरे घर में घुमाकर हत्या से जुड़ी जानकारी ली। इस दौरान परिवार का हर सदस्य घर में मौजूद था, लेकिन किसी ने उससे बात तक नहीं की।

एक मौका तो ऐसा आया, जब किचन में अनुज ताई के बेटे अमित के बिल्कुल सामने खड़ा था, लेकिन अपने भाई से नजरें भी नहीं मिला पाया। नजर मिलाता भी कैसे- जिस ताई ने बेटे की तरह रखा, उसी के खून से अनुज के हाथ रंगे थे। ताई की हत्या कर 8 टुकड़े करने वाला आरोपी अनुज शर्मा 20 दिसंबर तक पुलिस रिमांड पर है। पुलिस आरोपी को क्राइम सीन पर भी लेकर पहुंची। जहां उसने लाश के टुकड़े फेंके थे, वहां भी अनुज को लेकर गई। पुलिस ने इस दौरान वारदात में इस्तेमाल हुआ एक चाकू भी घर से बरामद किया। पुलिस ने अनुज को साथ ले जाकर बॉडी के अन्य दो अंगों को भी खोजने का प्रयास किया। दरअसल,अनुज शर्मा (32) ने अपनी ताई सरोज (65) की हथौड़े से वार कर हत्या की थी। इसके बाद आरोपी ने मार्बल कटर मशीन से 8 टुकड़े कर उसे कई जगह पर फेंक दिया था। आरोपी के घर से करीब 15 किलोमीटर दूर दिल्ली हाईवे के जंगलों में इन शव के टुकड़ों को फेंका गया था। पुलिस ने मौके से डेड बॉडी के आठ अंग तो बरामद कर लिए, जबकि दो अंग पुलिस को नहीं मिल पाए।

**मनोवैज्ञानिक तरीके का पुलिस ने किया इस्तेमाल**

हत्या के बाद आरोपी जयपुर से हरिद्वार चला गया था। लौटते समय पुलिस ने शक के आधार पर अनुज को हिरासत में ले लिया था। पुलिस ने करीब 2 घंटे तक अनुज से कड़ी पूछताछ की, लेकिन अनुज टालमटोल करते हुए गुमराह करता रहा।

अनुज एक धार्मिक संस्थान से जुड़ा हुआ था। ऐसे में एडिशनल डीसीपी धर्मेंद्र सागर और थाना प्रभारी वीरेंद्र कुरील ने पूछताछ के दौरान मनोवैज्ञानिक तरीका अपनाया।

# जयपुर एयरपोर्ट पर पकड़ाया 48 लाख का सोना

**ट्रॉली बैग के किनारों में छिपाकर शारजाह से लाया गया था**

जयपुर, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लगातार सोना तस्करी पर कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को एक बार फिर कस्टम विभाग ने 872 ग्राम तस्करी का सोना पकड़ा है। यात्री शारजाह से ये सोना लेकर जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंचा था।

कस्टम विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को संदिग्ध लगने पर एक यात्री को रोका। अधिकारियों ने यात्री के सामान की तलाशी ली। अधिकारियों ने यात्री से पूछताछ की तो वह संतोषपूर्वक जवाब नहीं दे पाया। सघन तलाशी पर यात्री के पास से 872 ग्राम सोना मिला। वह रोडियम प्लेटेड तारों में छिपाकर लाया सोना था, जिसे ट्रॉली बैग के किनारों में छुपाया गया था। जब्त सोने की कीमत करीब 48.43 लाख रुपये आंकी गई है। हाल ही में कस्टम विभाग ने जयपुर एयरपोर्ट पर दो अलग-अलग कार्रवाई में करीब 4079.2 ग्राम तस्करी का सोना पकड़ा था। तस्करी के सोने की कीमत करीब 2.9 करोड़ रुपए थी। पकड़े गए दोनों तस्कर दुबई से सोना लेकर जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे थे। 29 नवंबर को भी एक यात्री से इमरजेंसी लाइट में सोना पकड़ा था।

# भारत-पाकिस्तान के युद्ध में हिस्सा लेने वाले भैरों सिंह राठौड़ का निधन



जोधपुर, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। साल 1971 की लड़ाई के नायक भैरों सिंह राठौड़ जिंदगी की जंग हार गए हैं। उनका जोधपुर एम्स अस्पताल में निधन हो गया। सीने में दर्द और बुखार के चलते उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया था। भैरो सिंह साल 1987 में बीएसएफ से रिटायर्ड हुए थे। भैरों सिंह ने भारत और पाकिस्तान के युद्ध में हिस्सा लिया था। साल 1971 में युद्ध के दौरान भैरों सिंह लोंगेवाला में पोस्टेड थे। भैरो सिंह को सेना मेडल से सम्मानित किया गया था।

आपको बता दें, राजस्थान की लोंगेवाला चौकी पर उनके द्वारा प्रदर्शित किए गए पराक्रम को फिल्म बॉर्डर में प्रदर्शित किया गया था। राठौड़ के बेटे सवाई सिंह ने पीटीआई को बताया था कि उनके पिता को युद्ध की 51वीं वर्षगांठ से दो दिन पहले 14 दिसंबर को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जोधपुर में भर्ती कराया गया, जब उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया और उनके शरीर के अंग पैरालिसिस से प्रभावित जैसे प्रतीत हुए। सिंह ने कहा, डॉक्टरों ने हमें बताया कि मेरे पिता को संभवतः मस्तिष्काघात हुआ है। पिछले कुछ दिनों में उनका आईसीयू में भी उपचार हुआ है। सिंह परिवार जोधपुर से करीब 120 किलोमीटर दूर सोलंकियातला गांव में रहता है।

# राजस्थान सियासत में भी क्या अब पेनाल्टी शूटआउट से होंगे फैसले



जयपुर, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। फीफा वर्ल्डकप फाइनल मैच में मैदान पर दोनों टीमों ने एक दूसरे को खूब चकाया, लेकिन फैसला आखिर में पेनाल्टी शूटआउट से ही हुआ। राजस्थान की सियासत में भी भाजपा और कांग्रेस ने सियासी मैदान में खूब रंग देखने को मिल रहे हैं। कभी बॉल किसके पाले में तो कभी किसी के पाले में दिखाई दे रही है।

चुनाव में एक साल बाकी है इसलिए अब दोनों ही प्रमुख पार्टियों में पेनाल्टी शूटआउट से ही फैसले की तैयारी की जा रही है। जल्दी ही भाजपा और कांग्रेस में संगठन के स्तर पर बड़े बदलाव की तैयारी की जा रही है। कांग्रेस में भारत जोड़ो यात्रा खत्म होने का इंतजार है तो भाजपा कांग्रेस में सत्ता और संगठन में बदलाव का इंतजार कर रही है। पहले बात सत्ताधारी कांग्रेस की करते हैं। यहां पिछले चार साल से पार्टी स्पष्ट रूप से दो धड़ों में बंटी हुई है। यह बात किसी से छिपी भी नहीं है। सोनिया गांधी से लेकर राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे भी वाकिफ हैं कि राजस्थान में गहलोत बनाम पायलट चल रहा है। सियासी मैदान में कई बार बॉल एक दूसरे के गोल के करीब पहुंची, लेकिन गोल कोई भी नहीं दाग सका। इस पूरे मामले में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मशहूर फुटबॉलर मेसी साबित हुए हैं जो अपनी टीम को आगे ले जाने में भी कामयाब रहे हैं। उधर, सियासी मैदान में पायलट भी अच्छे खिलाड़ी के तौर पर उभरे हैं। वे टीम गहलोत पर दबाव नहीं बना सके, लेकिन उन्होंने विरोधी किसी भी खिलाड़ी को आराम नहीं करने दिया। लिहाजा कांग्रेस में अब तक खेले जा रहे मैच में नतीजा नहीं निकला है। यही वजह है कि अब आलाकमान पेनाल्टी शूटआउट के जरिये कोई नतीजा निकाल दे। बहरहाल मेसी 35 साल के हो चुके हैं और यह उनका आखिरी विश्वकप था। सियासत में उम्र कोई मायना नहीं रखती है, लेकिन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 70 पार कर चुके हैं।

**सियासी मैदान में नियंत्रण तो वसुंधरा का है**

फीफा वर्ल्डकप की तरह ही भाजपा में भी सत्ता पाने के लिए अंदरूनी मैच चल रहे हैं। वसुंधरा राजे के खिलाफ खड़े नेताओं के कोच के रूप में दिल्ली को देख जा रहा है। राजस्थान की सियासी जड़ों पर अब भी वसुंधरा राजे का ही कब्जा है। पिछले चार सालों में विरोधी खेमों ने सियासी बॉल के साथ खूब ड्रिब्लिंग की है, लेकिन उपचुनावों ने सियासी बॉल पर इनकी पकड़ को कमजोर बनाया। यही वजह है कि राजस्थान की सियासत पर वसुंधरा राजे का ही नियंत्रण है। इसके बावजूद हालात यहां भी मैच ट्राई की स्थिति में ही दिखाई दे रहा है इसलिए भाजपा में आने वाले समय में निर्णय पेनाल्टी शूटआउट से ही होने वाले हैं।

# गोवंश हत्या के रोकथाम हेतु कार्य करने का आह्वान

## विहिप के गोरक्षा विभाग की अखिल भारतीय बैठक का आयोजन




हैदराबाद, 19 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय गोवंश रक्षण सर्वधन परिषद एवं गोवंश हत्या एवं मांस निर्यात निरोध परिषद के संयुक्त तत्वावधान में कारवान स्थित दादावाड़ी जैन मंदिर में विहिप के गोरक्षा विभाग की तीन दिवसीय अखिल भारतीय बैठक का आयोजन हुआ। इस अवसर पर देश के विभिन्न प्रांतों जैसे मेघालय, जम्मु कश्मिर, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, केरला व तमिलनाडू आदि से 200 से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर मंच पर उपस्थित भारतीय गोवंश रक्षण संवर्धन परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरूप्रसाद सिंह ने बैल चालित उर्जा, गोशाला सम्पर्क, गोसम्पदा एवं गो विज्ञान परीक्षा विषय पर जानकारी दी और इनके महत्व को समझाया। उपस्थित (केन्द्रीय मंत्री विहिप) खेमचंद शर्मा ने गौमूत्र एवं गोबर से निर्मित होने वाले विभिन्न उत्पादों की उपयोगिता बताते हुए घर-घर जाकर गोरक्षण एवं गोसंवर्धन का प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया। गोवंश हत्या एवं मांस निर्यात निरोध परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जसराज श्रीश्रीमाल ने गोवंश हत्या एवं मांस निर्यात के रोकथाम संबंधी कानूनों की जानकारी देते हुए इसके रोकथाम हेतु कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही विहिप के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुकुमचंद सावला ने हिन्दू संगठनों को मजबूत बनाने, राष्ट्रीय हित एवं गोवंश रक्षण हेतु कार्य करने पर जोर दिया। दिनेश चन्द्र उपाध्याय (सह केन्द्रीय मंत्री विहिप), डॉ. ओमप्रकाश सिंह, डॉ. जितेन्द्र महेश्वरी, विजेन्द्र तंवर, दयाशंकर पाण्डेय, देवेन्द्र नायक, राजकुमार गुप्ता, हरिन्दर अग्रवाल, शैलेन्द्र सिंह, सुनील मानसिंह ने गोवंश से संबंधित निभिन्न विषयों पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। मुरली मनोहर पलोड, विरेन्द्र धाकड़, सुरेश कटारिया, जी. रमेश व दीपक यादव ने पधारे हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। तीन दिवसीय बैठक का संचालन भारतीय गोवंश रक्षण संवर्धन परिषद के महामंत्री राजेन्द्र प्रसाद सिंहल ने किया।

# गरीब लोगों का सपना पूरा होगा : तलसानी




हैदराबाद, 19 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पशुपालन, मछली पालन और छायांकन विकास मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव ने कहा कि सरकार से लीज पर उनका मालिकाना हक मिलने से कई गरीब लोगों का सपना पूरा होगा। मंत्री सोमवार को मारेड़पल्ली स्थित न्यू क्लब में आयोजित सरकारी लीज भूमि के हितग्राहियों की बैठक को संबोधित किया। इस बैठक में कलेक्टर अमय कुमार, सीसीएलए अधिकारी किशन राव, अपर कलेक्टर वेंकटेश्वरलू, संपदा अधिकारी आदिलक्ष्मी सहित अन्य ने भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए मंत्री ने कहा कि पिछले 70, 80 वर्षों से कई लोग सरकारी पट्टे पर मकान बनाकर रह रहे हैं। उन्होंने कई सरकारों से कहा है कि वे जिन जगहों पर रह रहे हैं, उन्हें आवंटित करके उन्हें स्वामित्व का अधिकार दें। लेकिन सुनवाई नहीं हुई। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने कहा कि उन्होंने व्यवहार में दिखाया है कि वे गरीब लोगों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 2600 परिवार सरकारी स्थानों पर रह रहे हैं, जिनमें से 700 को जीओ 816 के तहत नियमित किया गया है और बाकी विभिन्न कारणों से आवेदन नहीं कर पाए हैं। उन्होंने कहा कि कैबिनेट की बैठक में यह मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया गया था और मुख्य सचिव को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था कि आवेदन को एक और मौका दिया जाए। बताया गया कि आज मुख्य सचिव के आदेश पर यहां आयोजित बैठक में अधिकारी आए थे। मंत्री श्रीनिवास यादव ने कहा कि आपका सपना जल्द पूरा होगा और यह तेलंगाना सरकार की नए साल की सौगात है।

# धार्मिक सद्भाव के साथ जिले के विकास के लिए कार्य करें :-राहुल राज



आसिफाबाद, 19 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कुमरम भीम आसिफाबाद जिला कलेक्टर राहुल राज ने कहा कि सभी लोग मिलकर धार्मिक सद्भाव और भाईचारे के साथ जिले के विकास के लिए कार्य करें। जिला केंद्र के जनकापुर स्थित चर्च में सोमवार को जिला परिषद अध्यक्ष कोवा लक्ष्मी व आसिफाबाद विधानसभा क्षेत्र विधायक अतराम सक्कू ने ईसाई समुदाय के अनुयायियों के साथ क्रिसमस पर्व मनाया और ईसाइयों को वस्त्र वितरण किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी लोग मिलजुल कर रहें और जिले के विकास के लिए मिलजुल कर कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक हजार परिवारों को वस्त्र वितरण कार्यक्रम के तहत जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों में दो हजार परिवारों को वितरित किया गया तथा सरकार ने ईसाइयों के भोजन के लिए दो विधानसभा क्षेत्रों को दो लाख रुपये की राशि स्वीकृत की। उन्होंने कहा कि आसिफाबाद शहर में ईसाइयों के लिए कब्रिस्तान के लिए जगह आवंटित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे। कार्यक्रम में जेड. पी टी सी नागेश्वर राव, फैक्स अध्यक्ष अलीबिन अहमद, तहसीलदार राममोहन, चर्च फादर राजारत्नम, संबंधित विभागों के अधिकारियों और अन्य लोगों ने भाग लिया।




विश्व विश्वनी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विद्यार्थियों ने मेट्रो रेल के यात्रियों के लिए एक शिक्षाप्रद कार्यक्रम 'सुरक्षा जागरूकता अभियान' आयोजित किया। इसमें 25 टीम लीडर और 250 छात्र स्वयंसेवकों ने मेट्रो रेल और स्टेशनों पर यात्रियों को क्या करें और क्या न करें की जानकारी दी।

# अग्रवाल मानव सेवा मंच द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर संपन्न



हैदराबाद, 19 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल मानव सेवा मंच का 155वां स्वास्थ्य जांच शिविर चैलापुरा, गोला गली में सम्पन्न हुआ। अग्रवाल मानव सेवा मंच के संयोजक मुकंद लाल अग्रवाल ने प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए बताया कि नारायण हरि प्रसाद बंसल द्वारा स्वर्गीय नारायण बंसल की स्मृति में प्रायोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में सर्वप्रथम बसंल परिवार के श्रीमती शारदा बंसल हरि प्रसाद अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, श्रीमती सुशीला अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, श्रीमती दीपा अग्रवाल, नवल किशोर अग्रवाल, श्रीमती मीरा अग्रवाल, राम किशन अग्रवाल और उपस्थित अग्रवाल मानव सेवा मंच के सदस्यों ने महाराज श्री अग्रसेन जी की पूजा अर्चना की गई। इस शिविर में प्रतिमा अस्पताल काचीगुड़ा द्वारा रक्तचाप और बल्ड शुगर जांच, ह्रदय रोगियों का ईसीजी टुडीईको, सामान्य रोग चिकित्सक, ह्रदय रोग विशेषज्ञ चिकित्सक, हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक, स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक ने सेवा प्रदान की। नेत्र जांच स्वरूप आईं हस्पताल, पंजागुट्टा ओर और चैपल रोड, हैदराबाद के नेत्र विशेषज्ञो के द्वारा जांच की गई। इस स्वास्थ्य जांच शिविर का करीब 400 क्षेत्रवासियों ने लाभ उठाया। अग्रवाल मानव सेवा मंच के प्रधान संयोजक विनोद अग्रवाल, संयोजक उमेश अग्रवाल और श्याम सुंदर अग्रवाल सदस्य किरीट बलदेवा, डॉ. आशीष टोडी, रतन गुप्ता, जयप्रकाश अग्रवाल, उमाशंकर गोयनका, दिपक अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, विक्रम गुप्ता, सुरेश गोयल, पुष्पक अग्रवाल, मनोज सिंह ने अपनी सेवा देकर इस आयोजन को सफल बनाया।

# सर्व ब्राह्मण परिषद ने की सभा, परशुराम जयंती पर हुई चर्चा



हैदराबाद, 19 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सर्व ब्राह्मण परिषद की सभा का आयोजन घांसी बाजार स्थित कार्यालय में किया गया। सभा में समाज की महिलाओं ने परिषद की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान आगामी श्री परशुराम जयंती की तैयारी एवं समाज कल्याण पर चर्चा हुई। इसमें महामंत्री विशाल शर्मा ने समाज में महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर दिया और महिलाओं को आगे आकर समाज कल्याण के कार्य करने और समाज के गरीब एवं अन्य तबके तक मदत पहुचाने की बात कही। अतः सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि महिलाओं को भी मुख्य कार्यकारणी में स्थान देकर उन्हें हर निर्णय का अधिकार देने पर जोर दिया। कार्यकम में परिषद के महामंत्री विशाल शर्मा, गोविंद तिवारी, दीपा अवस्थी, शेफाली शर्मा, कल्पना शर्मा, दुर्गा शर्मा, निशा शर्मा, पूर्णिमा शर्मा, शिवानी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# टीटीडी ट्रस्ट बोर्ड के सदस्य ने शपथ ली

तिरुमाला, 19 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। डी. किरण कुमार ने सोमवार को तिरुमाला मंदिर में टीटीडी ट्रस्ट बोर्ड के सदस्य के रूप में शपथ ली। बंगारू वकीली में डिप्टी ईओ मंदिर रमेश बाबू ने उन्हें शपथ दिलाई। बाद में बोर्ड के नए सदस्य ने रंगनायकुला मंडपम में वेदसीरवचनम प्रस्तुत किया और उसके बाद श्रीवारू की तस्वीर तीर्थ प्रसादम की प्रस्तुति दी। बोर्ड प्रकोष्ठ के डाईईओ कस्तूरी, पेशकर श्रीहरि, परुपत्तेडर तुलसी प्रसाद सहित अन्य भी मौजूद रहे।




बागलिंगमपल्ली सुंदरय्या विज्ञान केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की ओर से जगदीश सोबले का सम्मान करते हुए पार्षद सरला, गोविंद अक्षय, राविकुमार व अन्य।

# विधायक नादिपल्ली दिवाकर राव ने नासपुर नगर पालिका के वार्ड 2 का दौरा किया

मंचेरियाल, 19 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मंचेरियाल विधायक नादिपल्ली दिवाकर राम ने नागपुर नगरपालिका के वार्ड 2 का दौरा किया। घर-घर जाकर सीएम केसीआर के नेतृत्व में टीआरएस सरकार द्वारा लागू की गई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने स्थानीय समस्याओं के बारे में पूछताछ करने और उन्हें हल करने का भी वादा किया। विधायक ने कहा कि कल्याणकारी विकास के मामले में पीछे हटने का कोई सवाल ही नहीं है, जो भी सुझाव देगा, वे सकारात्मक प्रतिक्रिया देंगे और उन्हें लागू करने के लिए कदम उठाएंगे।उसके बाद सीसी रोड (सीएसआर से 5 लाख) और नाली (सीएसआर से 2 लाख 50 हजार) शुरू की गई और सीसी रोड (2 लाख 50 हजार) के लिए भूमि पूजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष इसमपल्ली प्रभाकर, उपाध्यक्ष थोटा श्रीनिवास, नगर पार्षदों, सहकारिता, टीआरएस प्रमुख नेताओं, टीबीजीकेएस नेताओं, कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों ने भाग लिया।

# लाडनूं जैन परिषद का रजत जयंती समारोह आयोजित



हैदराबाद, 19 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। लाडनूं जैन परिषद का रजत जयंती समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सर्वप्रथम लाडनूं जैन परिषद के अध्यक्ष राजकुमार सुराणा ने सभी सदस्य परिवारों का स्वागत किया। तत्पश्चात गेम्स का आयोजन हुवा, बेहद मनोरंजक तथा रोमांचक गेम में वाइट रिबन टीम विजेता रही तथा पिंक रिबन टीम उप विजेता रही। बच्चों के खेल में विभा डूंगरवाल प्रथम, ह्रदांश सेठिया द्वितीय तथा कृति डूंगरवाल तृतीय रहे। भाग लेने वाले सभी बच्चों को पुरस्कार दिया गया। अध्यक्ष राजकुमार सुराणा तथा मंत्री सतीश दुगड़ ने समारोह के संयोजक राजकुमार भूतोड़िया, मुकेश सुराणा,जुगल दुगड़ तथा लक्ष्मीपत डूंगरवाल तथा गेम्स की संयोजिकाएं स्नेहा कठोतिया, शुशीला मोदी तथा सुनीता कठोतिया एवम बस व्यवस्था के संयोजक प्रकाश चोपड़ा, राजेश बोहरा, निर्मल बेंगानी, जयसिंह कोठारी, राजकुमार भूतोड़िया,राजीव जैन को बेहतरीन आयोजन तथा शानदार व्यवस्था की प्रशंसा की तथा बधाई दी। इस समारोह के आयोजन में मनोज डागा, तुलसीराम चोरड़िया, अंजू चोरड़िया, रक्षिता बोहरा का भी सहयोग रहा।



नागारम स्थित सिंह क्रिकेट ग्राउंड में 1 जनवरी को तेलंगाना वैष्णव नवयुवक मंडल समाज बन्धुओं द्वारा आयोजित होने वाली तेलंगाना वैष्णव प्रीमियर लीग सीजन-8 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए विचार-विमर्शकर ग्राउंड का निरीक्षण करते हुए अध्यक्ष विष्णु रामावत, भंवरलाल अग्रवाल, बाबुलाल टीलावत, रेखा रामावत, पदाधिकारी व समाज बन्धु।



पूर्व राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी व डीवीएम टीएसआरटीसी जी.किरण रेड्डी ने ईएमई सेंटर, सिकंदराबाद को विजेताओं की ट्रॉफी प्रदान किया। ईएमई सेंटर और दक्षिण मध्य रेलवे के बीच रोमांचक फाइनल में ईएमई सेंटर ने जीत हासिल की। इस अवसर पर वामशीधर, जमीलुद्दीन और रमेश उपस्थित रहे।

# देसिल बयना की मासिक बैठक सम्पन्न



हैदराबाद, 19 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मैथिली साहित्य मंच 'देसिल बयना' की मासिक बैठक अध्यक्ष चन्द्र मोहन कर्ण की अध्यक्षता में कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती कल्पना झा के आवास पर सम्पन्न हुई। बैठक में वार्षिकोत्सव के रूप में प्रत्येक वर्ष नवम्बर माह में मनाये जाने वाले 'विद्यापति स्मृति गोष्ठी समारोह' जो कतिपय कारणों से अबतक न हो पाया है, उसके लिए नयी तिथि 08 जनवरी, 2023 तय की गई। संस्था के उपाध्यक्ष शम्भुनाथ झा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक में अर्चना झा, कल्पना झा, रानी झा, शारदा झा, रिम्मी चौधरी, चन्द्र मोहन कर्ण, जटाधर झा, अशोक झा, चन्द्र शेखर झा, तरुण प्रभात, शम्भू नाथ झा, मनोज कमार झा, संतोष कुमार चौधरी आदि ने भाग लिया।

# पार्षद ने गरीब परिवारों में बांटे क्रिसमस गिफ्ट



हैदराबाद, 19 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। क्रिसमस त्योहार के मद्देनजर जामबाग मंडल के पार्षद राकेश जायसवाल ने मलकुंटा ईसाई समुदाय के भाइयों द्वारा आयोजित क्रिसमस समारोह में भाग लिया और गरीब परिवारों में क्रिसमस गिफ्ट पैकेट वितरित किये। अपने संबोधन में पार्षद राकेश जायसवाल ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास मंत्र से विकास संभव है। हमें इस क्रिसमस को प्यार और क्षमा की सच्ची भावना के साथ मनाना चाहिए। यह खुशी का मौसम हमारे बीच शांति और सद्भाव लाए। इस अवसर पर पीओ विद्यासागर राव, रामबाबू, कृष्णा, मयूर कालेकर, सैलेंदर यादव, के. रामकृष्ण, संतोष, शिवा, रघु, रेणुका, प्राची, भरत, संदीप आदि उपस्थित रहे।



अखिल भारतीय रायका रेबारी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन रायका की अध्यक्षता में अभा रायका रेबारी महासभा तेलंगाना प्रदेशाध्यक्ष पद पर केवलराम देवासी लुणी की नियुक्ति पर सम्मान करते हुए रायका रेबारी समाज के पदाधिकारी व समाज बन्धु।



हैदराबाद जैन समाज के तत्वावधान में आयोजित सकल जैन समाज सम्मेद शिखर बचाओ रैली में उमड़ा जनसैलाब।



नई दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने हेतु चयनित होने पर एनएसएस छात्र पांडे हरिओम को सम्मानित करते हुए हिंदी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल, उपप्राचार्य श्रीमती अश्वनी सनपूरकर एवं एनएसएस अधिकारी कन्हैया कुमार। प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल ने बताया कि उस्मानिया विश्वविद्यालय क्षेत्र से मात्र दो छात्राओं एवं तीन छात्रों को चयनित किया गया है।

# प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

## अरुणाचल में फ्रंटियर ...

रूस और कनाडा के बाद चीन सबसे बड़ा देश है। इसका कुल एरिया 97 लाख 6 हजार 961 वर्ग किलोमीटर है। इसमें से 437 जमीन दूसरों से हड़पी हुई है। चीन अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताकर अपना दावा करता रहा है। पिछले साल ही अरुणाचल के 15 इलाकों के नाम बदले थे। यानी चीन के जमीन हथियाने की नीति का अगला फोकस भारत है।

भारत ने अपनी सबसे ताकतवर मिसाइल अग्नि-5 का सफल परीक्षण किया है। भारत ने गुरुवार को अग्नि-5 बैलिस्टिक मिसाइल की नाइट ट्रायल किया। एटमी ताकत वाली इस मिसाइल ने 5 हजार किलोमीटर दूर जाकर अपने टारगेट को सफलतापूर्वक ध्वस्त किया। अब पूरा एशिया, आधा यूरोप, रूस और यूक्रेन के साथ-साथ राजधानी बीजिंग सहित पूरा चीन अग्नि-5 की रेंज में आ गया है।

## दिल्ली में किसका ...

दिल्ली नगर निगम एक्ट के अनुसार, निगम के पार्षदों का कार्यकाल पांच साल के लिए होता है। चुने गए पार्षदों में से ही हर साल नए मेयर का चुनाव होता है। एक्ट के अनुसार, सबसे पहले किसी महिला को ही मेयर चुनना होगा। इसके बाद दूसरे साल कोई भी पार्षद मेयर के लिए खड़ा हो सकता है। तीसरे साल मेयर का पद एससी-एसटी के लिए आरक्षित होता है। इसके बाद चौथे और पांचवे साल फिर से सामान्य हो जाता है। नगर निगम का साल पहली अप्रैल से शुरू होता है। ऐसे में अभी छह जनवरी को जो भी मेयर चुना जाएगा, उसका कार्यकाल 31 मार्च तक ही होगा। इसके बाद नए मेयर का चुनाव होगा।

# फीफा वर्ल्ड कप : मेसी की हुई गोल्डन बॉल, एम्बाप्पे को मिला गोल्डन बूट



खेल डेस्क, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। अर्जेंटीना ने फीफा वर्ल्ड कप 2022 का खिताब जीत लिया है। फाइनल में अर्जेंटीना ने फ्रांस को हराया। फाइनल में फ्रांस पेनल्टी शूट आउट में 4-2 से हरा गया। मैच में एम्बाप्पे हैट्रिक किया, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। उन्होंने इस वर्ल्ड कप में 8 गोल किए। दुनिया के दिग्गज फुटबॉलर मेसी को गोल्डन बॉल का खिताब मिला। मेसी ने इस वर्ल्ड कप में 7 गोल किए। फीफा वर्ल्ड कप में सहसे ज्यादा गोल दागने वाले प्लेयर को गोल्डन बूट दिया जाता है। वहीं पूरे टूर्नामेंट के इम्पैक्ट प्लेयर को गोल्डन बॉल का खिताब दिया जाता है। इस वर्ल्ड में एम्बाप्पे ने 8 गोल दागे, वहीं मेसी ने 7 साल गोल दागे। अर्जेंटीना के खिलाफ खेले गए इस मुकाबले के 118वें मिनट में एम्बाप्पे ने हैट्रिक जमाकर इतिहास रचा। वह फीफा वर्ल्ड कप फाइनल में हैट्रिक जमाने वाले दुनिया के केवल दूसरे खिलाड़ी बन गए। उन्होंने तीनों गोल 80वें (पेनल्टी), 81वें और 118वें (पेनल्टी) मिनट में दागे। इसके बावजूद एम्बाप्पे अपनी टीम को चैम्पियन नहीं बना सके। जबकि लियोनेल मेसी ने मुकाबले में दो गोल दागे। मैच में कुल 6 गोल हुए।

मेसी की कैबीनेट में विश्व कप की ट्रॉफी ही नहीं थी जिसकी कमी उन्होंने पूरी कर दी है। लियोनल मेसी का वर्ल्ड चैंपियन बनने का सपना पूरा हो गया। अर्जेंटीना ने रविवार को खेले गए फीफा वर्ल्ड कप फाइनल में फ्रांस को पेनल्टी शूट आउट में 4-2 से हरा दिया। तय 90 मिनट तक दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर रही थीं। एक्स्ट्रा टाइम के बाद मुकाबला 3-3 की बराबरी पर रहा था। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट से फैसला हुआ।

## भावुक एम्बाप्पे को समझाने ग्राउंड पर पहुंचे राष्ट्रपति मैक्रों

### जीत के बाद मेसी ने टेबल पर चढ़कर डांस किया



फ्रांस के राष्ट्रपति किलियन एम्बाप्पे को समझाते हुए

लुसैल, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल के बाद कतर के लुसैन स्टेडियम में हार-जीत के रंग दिखे। विजेता अर्जेंटीना के खिलाड़ी जश्न में डूबे थे तो फ्रांस की टीम उदास थी। उनके खिलाड़ी ग्राउंड पर ही रो पड़े। किलियन एम्बाप्पे वहीं बैठ गए। उन्हें उदास देख फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों स्टेडियम से उतरे और उनके पास पहुंचे गए और एम्बाप्पे को गले लगा लिया।

मैक्रों फाइनल मैच देखने के लिए कतर पहुंचे थे। बाद में उन्होंने ड्रेसिंग रूम में टीम से 20 मिनट तक बातचीत की। उन्होंने कहा कि आपने अच्छा खेला। उधर, अर्जेंटीना के खिलाड़ियों ने ड्रेसिंग रूम में जमकर जश्न मनाया। मेसी टेबल पर चढ़ गए और जमकर नाचे। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

अर्जेंटीना फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल में फ्रांस को हराकर फुटबॉल का नया बादशाह बन गया है। उसने रविवार की देर रात पिछले वर्ल्ड कप विजेता फ्रांस को 3-3 की बराबरी के बाद पेनल्टी शूटआउट में शिकस्त दी। अर्जेंटीना ने 36 साल बाद फीफा वर्ल्ड कप ट्रॉफी जीती है।

## अर्जेंटीना से हार के बाद फ्रांस में दंगे

### कई शहरों में हजारों फैंस हिंसक हुए, गाड़ियां तोड़ीं, आगजनी की; पुलिस से भी भिड़े



पेरिस, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। फुटबॉल वर्ल्ड कप फाइनल में अर्जेंटीना से हार के बाद फ्रांस के फैंस बेकाबू हो गए। हजारों फैंस ने फ्रांस की राजधानी पेरिस में दंगे शुरू कर दिए। गाड़ियां तोड़ीं और आगजनी की। पेरिस के अलावा कई अन्य शहरों तक ये हिंसा फैल गई। हालात काबू में करने के लिए पुलिस को आंसू गैस छोड़नी पड़ी। पेरिस में हजारों पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए हैं। पुलिस ने बताया कि लेओन, नीस में भी हिंसक घटनाएं हुई हैं। पेरिस के मशहूर चैम्प्स एलीसीस में भी फैंस आपस में भिड़ गए।

**14 हजार पुलिसवाले तैनात थे**

अधिकारी ने बताया, फ्रांस की जीत देखने के लिए लाखों फैंस फ्रांस के शहरों में सार्वजनिक जगहों पर इकट्ठा हुए थे। लेकिन, अर्जेंटीना से 4-2 से मिली हार के बाद उन्हें संभालना मुश्किल हो गया। गुस्साए फैंस पुलिस से भी भिड़ गए। कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। कई जगहों पर फैंस को संभालने के लिए वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया गया।

## फीफा वर्ल्ड कप के 11 टूर्नामेंट देखकर बनाया रिकॉर्ड

### ब्राजील के शख्स का कमाल, महिलाओं के लिबास में देखते हैं मैच

75 साल के डेनियल स्ब्रूजी



ब्रासीलिया, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। ब्राजील के डेनियल स्ब्रूजी विश्व के इकलौते शख्स हैं, जिन्होंने फीफा वर्ल्ड कप के 11 टूर्नामेंट देखे हैं। खास बात यह है कि इस उपलब्धि के लिए उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कर लिया गया है। डेनियल का कहना है कि फीफा टूर्नामेंट अलग-अलग संस्कृतियों को अनुभव करने का मौका होता है।

**पहला वर्ल्ड कप 1978 में देखा था**

डेनियल की उम्र 75 साल है। उन्होंने 1978 में पहली बार अर्जेंटीना में फीफा वर्ल्ड कप का मैच देखा था। इसके बाद उन्होंने ब्राजील की फुटबॉल टीम का साथ देने के लिए पूरी दुनिया घूमी। अब उन्होंने कतर में विश्व कप देखा है। डेनियल ने अब तक केवल एक टूर्नामेंट मिस किया है, जो 1982 में स्पेन में हुआ था। उन्होंने बताया कि 12वें वर्ल्ड कप के लिए बेहद एक्साइटेड हैं और उसकी तैयारी कर रहे हैं।

**महिलाओं के कॉस्ट्यूम पहनकर देखे मैच**

डेनियल फीफा टूर्नामेंट के खास फैन है। अपने पहले वर्ल्ड कप में वे दुल्हन के रूप में सजकर मैच देखने पहुंचे थे। उनका मानना था कि यह लिबास ब्राजील को सबसे अच्छे से रिप्रेजेंट करता है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से बातचीत में डेनियल ने बताया कि इसके बाद से ही वे हर बार अलग-अलग लिबास में मैच देखने जाने लगे। महिलाओं की ये ड्रेसेस टूर्नामेंट को होस्ट करने वाले देश और ब्राजील को रिप्रेजेंट करते हैं।

**कतर में ड्रेस नहीं पहन पाए डेनियल**

डेनियल ने इंटरव्यू में बताया कि कतर में मैच देखने के लिए उन्हें अपनी चार दशक लंबी प्रथा तोड़नी पड़ी। ऐसा इसलिए क्योंकि यहां पर महिलाओं के कपड़े पहनने से वे मुश्किल में पड़ सकते थे। इस टूर्नामेंट के लिए उन्होंने खास अरब देशों में पहना जाने वाला लबादा लिया। इस पर उन सभी देशों के झंडों की एंब्रॉयडरी थी, जहां डेनियल ने फीफा वर्ल्ड कप के टूर्नामेंट देखे हैं।

डेनियल ने बताया कि इसके पहले महिला की पोशाक पहनने के कारण वे रूस में मुश्किल में पड़ गए थे। 2018 के टूर्नामेंट में उन्हें रूस के सिक्योरिटी गार्ड्स ने स्टेडियम में एंट्री करने से रोक दिया था। उन्हें डेनियल के लिबास पर हंसी आ रही थी।

# दूसरा टेस्ट भी नहीं खेलेंगे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा

### बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे वनडे में एक कैच लेते समय चोटिल हुए थे



मुंबई, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बांग्लादेश के खिलाफ 22 दिसंबर से मीरपुर में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में नहीं खेलेंगे। उनका अंगूठा पूरी तरह से ठीक नहीं हुआ है।

क्रिकबज ने सोमवार को अपनी एक रिपोर्ट में दावा किया है कि रोहित ढाका टेस्ट में टीम इंडिया का हिस्सा नहीं होंगे।

उनकी जगह उपकप्तान केएल राहुल ही टीम की कप्तानी करते दिखाई देंगे। राहुल की कप्तानी ने टीम इंडिया ने पहला टेस्ट 188 रनों से जीता है।

भारतीय टीम सीरीज में 1-0 की बढ़त पर है। उसकी ओर से शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा ने शतकीय पारियां खेलीं, जबकि कुलदीप यादव ने शानदार गेंदबाजी की। कुलदीप ने आठ विकेट लिए।

2 दिन पहले फिट होने का दावा

आपको याद दिला दें कि 2 दिन पहले भारतीय कप्तान के पूरी तरह से फिट होने की खबर आई थीं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि रोहित ने बोर्ड को अपने फिट होने की सूचना दी है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि वे पहले टेस्ट के दौरान ही टीम से जुड़ जाएंगे।

# नेशंस कप जीतकर लौटी भारतीय महिला हॉकी टीम

### एयरपोर्ट से चैंपियन सॉन्ग पर डांस करते निकलीं खिलाड़ी



नई दिल्ली, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। नेशंस कप हॉकी जीतकर लौटी भारतीय महिला टीम की खिलाड़ी एयरपोर्ट से चैंपियन सॉन्ग पर डांस करते निकलीं। सोमवार को महिला टीम की खिलाड़ियों के डांस का वीडियो सोशल मीडिया में पोस्ट हुआ है और खूब पसंद भी किया जा रहा है। जैसा कि वीडियो में देखा जा सकता है कि टीम की खिलाड़ी एयरपोर्ट से DJ ब्रॉवो के चैंपियन सॉन्ग पर डांस करते निकल रही हैं। इनमें से कुछ अपने मेडल भी दिखा रही हैं।

टीम ने 2 दिन पहले शनिवार को FIH विमेंस नेशंस कप 2022 के फाइनल में स्पेन को उसके ही घर में 1-0 से हराया। इस जीत के साथ टीम ने अगले साल होने वाली एफआईएच प्रो-लीग के लिए क्वालीफाई भी कर लिया है।

यह महिला हॉकी टीम का टोक्यो ओलिंपिक के बाद दूसरा बड़ा अचीवमेंट है। टीम ने अगस्त महीने में खेले गए बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। उससे पहले भारतीय महिला टीम उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करते हुए पिछले साल टोक्यो में खेले गए ओलिंपिक गेम्स के सेमीफाइनल में पहुंची थी। हालांकि, उसे खाली हाथ लौटना पड़ा।

इस बड़ी जीत का श्रेय डिफेंडर दीप इक्का ग्रेस को जाता है। दीप ने अपने सूझ-बूझ भरे डिफेंस से 5वें मिनट में मिली भारत की बढ़त को आखिरी तक बरकरार रखा। इसमें गोलकीपर सविता पुनिया का भी अहम योगदान रहा। पहले तीन क्वार्टर में पिछड़ने के बाद मेजबान टीम ने अंतिम 15 मिनट में बराबरी का गोल दागने के लिए हमलों को झड़ी लगा दी। कई हमले खतरनाक भी रहे, लेकिन भारतीय गोलकीपर सविता पूनिया की अगुआई वाले डिफेंस ने उन्हें असफल कर दिया।

# 24 साल के विस्फोटक ऑलराउंडर पर हो सकती है पैसों की बारिश

### गेंद–बल्ले से बरपाता है कहर




23 दिसंबर को आईपीएल 2023 के लिए मिनी ऑक्शन होना है। इस ऑक्शन में कुल 405 खिलाड़ियों पर बोली लगेगी। इस बार कौन सबसे महंगा बिकेगा? ये बड़ा सवाल है। जिसका जवाब ऑक्शन के दिन ही मिल पाएगा, लेकिन चर्चा है कि 24 साल का तूफानी ऑलराउंडर के ऊपर इस बार ऑक्शन में पैसों की बारिश हो सकता है।

**सैम कुरेन पर हो सकती है पैसों की बारिश**

हम जिस खिलाड़ी की बात कर रहे हैं, उसका नाम सैम कुरेन है। सैम कुरेन इंग्लैंड के शानदार ऑलराउंड हैं। आईपीएल 2023 के ऑक्शन में उनका बेस प्राइज 2 करोड़ रुपए है। बताया जा रहा है कि इस खिलाड़ी को खरीदने के लिए टीमें पूरा दम लगाएंगी। चेन्नई सुपर किंग्स इस खिलाड़ी पर पैसों की बारिश कर सकती है।

सैम कुरेन धोनी के फेवरेट हैं

दरअसल, सीएसक के अनुभवी ऑलराउंडर ड्वेन ब्राबो ने आईपीएल से संन्यास ले लिया है। ऐसे में सीएसके उनकी भरपाई करना चाहेगी। ब्राबो की भरपाई के लिए कुरेन एक बेहतर विकल्प हैं, जिन्हें कप्तान एमएस धोनी भी पसंद करते हैं। वह कई मौकों पर सैम कुरेन की तारीफ कर चुके हैं। कुरेन साल 2020 में सीएसके के लिए खेल चुके हैं।

**सीएसके के पास 20.45 करोड़ रुपये बाकी हैं**

आपको बता दें कि आईपीएल 2023 के लिए होने वाले मिनी ऑक्शन में खर्च करने के लिए सुपर किंग्स के पर्स में 20.45 करोड़ रुपये हैं। साथ ही अभी भी उनके पास सात स्लॉट मौजूद हैं, जिनमें विदेशी खिलाड़ियों के लिए दो शामिल हैं। माना जा रहा है कि चेन्नई की टीम हर हाल में इस युवा खिलाड़ी को अपने साथ जोड़ने की कोशिश करेगी।

सैम कुरेन की ताकत क्या है, जानिए

सैम कुरेन नई और पुरानी गेंद से घातक साबित होते हैं। उन्हें डेथ ओवर्स में गेंदबाजी करने का अनुभव है और वह सफल भी हेते हैं। नई गेंद से भी इस युवा गेंदबाज ने अपना असर छोड़ते हुए बल्लेबाजों को परेशान किया है। इसके अलावा वह अच्छी खासी बल्लेबाजी कर लेते हैं। उनके पास लंबे-लंबे चौके-छक्के मारने की जबरदस्त कला है। गेंद और बल्ले से ताकतवर ये खिलाड़ी आईपीएल में सबसे महंगा बिक सकता है।

**टी20 विश्वकप में मचाया है धमाल**

इंग्लैंड ने साल 2022 में टी20 विश्वकप अपने नाम किया था। इंग्लैंड को वर्ल्ड चैंपियन बनाने में तेज गेंदबाज सैम कुरेन का अहम योगदान था। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल मुकाबले में शानदार गेंदबाजी की थी। वह वर्ल्ड कप में मैन ऑफ द टूर्नामेंट भी बने थे। उन्होंने 6 मैचों में 13 विकेट चटकाए थे।

**सैम कुरेन का टी20 और आईपीएल रिकॉर्ड**

सैम कुरेन 35टी 20 मुकाबला खेल चुके हैं। इस दौरान उन्होंने 41 विकेट झटके, जबकि 158 रन भी बनाए। वहीं आईपीएल में उन्होंने 32 मैच खेले हैं, इस दौरान 32 विकेट लिए और 337 रन बनाए। वह आईपीएल में 18 छक्के और 30 चौके ठोक चुके हैं।

**आईपीएल 2023 के लिए सीएसके का स्क्वाड**

एमएस धोनी, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़, अंबाती रायडू, सुभ्रांशु सेनापति, मोइन अली, शिवम दुबे, राजवर्धन हैंगरगेकर, ड्वेन प्रीटोरियस, मिशेल सेंटनर, रवींद्र जडेजा, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मथीशा पथिराना, सिमरजीत सिंह, दीपक चाहर, प्रशांत सोलंकी, महेश तीक्षणा।

# कराची टेस्ट के दूसरे दिन इंग्लैंड 354 पर ऑलआउट

### दोनों टीमों के कप्तान हुए रनआउट; अबरार-नौमान को 4-4 विकेट




कराची, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। कराची के नेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच 3 टेस्ट की सीरीज का आखिरी मैच खेला जा रहा है। दूसरे दिन इंग्लैंड की टीम 354 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। दिन का खेल खत्म होने से पहले पाकिस्तान ने अपनी दूसरी पारी की शुरुआत कर दी। स्टंप्स तक पाकिस्तान का स्कोर 21/0 है। अब्दुल्लाह शफीक (14) और शान मसूद (3) रन बनाकर नाबाद हैं। दूसरे दिन इंग्लैंड ने पाकिस्तान पर 50 रनों की बढ़त बनाई। इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने शतक लगाया। यह उनके टेस्ट करियर का लगातार तीसरा शतक है।

मैच में इंग्लैंड और पाकिस्तान दोनों ही टीमों के कप्तान रन आउट हुए। पहले दिन पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम 78 पर और दूसरे दिन इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स 26 रन बनाकर रनआउट हुए। इंग्लैंड ने दूसरे दिन पहली पारी में 7/1 से आगे खेलना शुरू किया। इंग्लिश बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने पहली पारी में शतक जमाया। उन्होंने 150 बॉल पर 111 रन बनाए। हैरी ब्रूक ने पाकिस्तान दौरे पर लगातार तीसरे मैच में शतक जमाया। ब्रूक के अलावा जैक क्रॉले 0, बेन डकेट 26, ऑली पोप 51 और कप्तान बेन स्टोक्स 26 रन बनाकर आउट हुए।

# बीबीएल 2022: चमत्कार! एक बॉल में दो बार आउट होने से बच गया बल्लेबाज, गेंदबाज भी हैरान



खेल डेस्क, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया में खेली जा रही बिग बैश लीग में हर रोज दमदार मैच खेले जा रहे हैं। इसी कड़ी में मेलबर्न रेनेगेड्स और सिडनी थंडर के बीच मैच खेला गया। ऑस्ट्रेलिया में खेली जा रही बिग बैश लीग में हर रोज दमदार मैच खेले जा रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को मेलबर्न रेनेगेड्स और सिडनी थंडर के बीच मैच खेला गया। इस मैच में मेलबर्न रेनेगेड्स ने सिडनी थंडर को 4 विकेट से हरा दिया। पहले खेलते हुए सिडनी थंडर ने 20 ओवर में 174/6 का स्कोर खड़ा किया, जवाब में मेलबर्न रेनेगेड्स ने एक गेंद शेष रहते 175/6 का स्कोर बनाकर मुकाबले अपने नाम किया। सिडनी थंडर्स भले ही हार गई लेकिन रिली रूसो की पारी खूब चर्चाओं में रही। उन्होंने 38 गेंदों पर 53 रन बनाए और वे एक बार तो आउट होते हुए भी बचे। क्रिकेट वैसे तो स्कील और दिमाग का गेम है लेकिन इसमें कई बार किस्मत का साथ होना भी जरूरी हो जाता है। इसी लक के चलते कुछ ऐसी चीजें हो जाती है कि हर कोई हैरान हो जाता है। मेलबर्न रेनेगेड्स और सिडनी थंडर के बीच खेले गए मैच में भी कुछ ऐसा ही हुआ। दरअसल मैच के दौरान जब रूसो बल्लेबाजी कर रहे थे तभी गेंदबाज ने सीधे उनके पैड पर गेंद डाली और अपील की और अंपायर ने आउट दे दिया। रूसो ने अंपायर को पहले नहीं देखा और दौड़ पड़े लेकिन बाद में पलट गए। जैसी ही वे पलटे तो विकेटकीपर ने स्टंपिंग कर दी।

हालांकि रूसो ने तुरंत अपील की और रिव्यू में पता चला कि बॉल स्टंप को मिस कर रही है इसीलिए उन्हें नॉट आउट करार दे दिया गया। वहीं बाद में रिप्ले में ये भी पता चला कि वे रनआउट भी हो गए थे हालांकि अंपायर ने उन्हें थ्रो मारने से पहले ही आउट दे दिया था इसीलिए गेम वहीं रुक गया था और रनआउट काउंट नहीं किया गया। ऐसे में रूसो एक ही गेंद पर पहले एल्बीडब्ल्यू और फिर रनआउट होने से बच गए। वहीं इस मैच की बात करें तो पहले खेलते हुए सिडनी थंडर ने 20 ओवर में 174/6 का स्कोर खड़ा किया, जवाब में मेलबर्न रेनेगेड्स ने एक गेंद शेष रहते 175/6 का स्कोर बनाकर मुकाबले अपने नाम किया। रेनेगेड्स के एरोन फिंच ने मात्र 43 गेंदो पर 70 रन बनाए और इस शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ़ द मैच चुना गया।

# भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में नहीं खेलेंगे केन विलियमसन



खेल डेस्क, 19 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप 2022 के समाप्त होने के बाद सभी टीमें वर्ल्ड कप 2023 की तैयारियों में जुट गई है।

ऑस्ट्रेलिया में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप 2022 के समाप्त होने के बाद सभी टीमें वर्ल्ड कप 2023 की तैयारियों में जुट गई है। इसी कड़ी में न्यूजीलैंड की टीम एशिया की कंडीशन में बेहतर प्रेक्टिस करने के लिए पाकिस्तान और भारत के खिलाफ सीरीज खेलने वाली है। इसके लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड द्वारा टीम का ऐलान किया जा चुका है। भारत के खिलाफ घोषित की गई टीम में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। दरअसल कप्तान विलियमसन भारत नहीं आएंगे और उनकी जगह दिग्गज क्रिकेटर टॉम लेथम को कप्तानी सौंपी गई है।

**पाकिस्तान के खिलाफ 10 जनवरी से शुरू होगी सीरीज**

न्यूजीलैंड की टीम पहले पाकिस्तान का दौरा करेगी। पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज की शुरुआत 10 जनवरी से होगी। उसके बाद भारत के खिलाफ सीरीज का पहला मुकाबला 18 जनवरी को खेला जाएगा। कीवी टीम के कप्तान केन विलियम्सन भारत दौरे पर नहीं होंगे। हालांकि, पाकिस्तान में वह टीम की कमान संभालेंगे।

**पाकिस्तान के खिलाफ न्यूजीलैंड का स्क्वाड**

केन विलियम्सन (कप्तान), टॉम लैथम, फिन एलेन, माइकल ब्रेसवेल, डेवोन कानवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, एडम मिल्ने, डेरिल मिचेल, हेनरी निकोल्स, ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सैंटनर, हेनरी शिपली, ईश सोढ़ी, टिम साउदी।

भारत के खिलाफ दौरे पर विलियमसन के अलावा ये खिलाड़ी भी नहीं रहेंगे मौजूद

न्यूजीलैंड और भारत के बीच खेली जाने वाली वनडे सीरीज की शुरूआत 18 जनवरी 2022 से हो रही है। इसमें कप्तान केन विलियमसन के अलावा टीम के दिग्गज खिलाड़ी टीम साउदी भी भाग नहीं लेंगे। ये दोनों कोच गैरी स्टीड के साथ पाकिस्तान दौरे के बाद वापस न्यूजीलैंड चले जाएंगे। उनके स्थान पर ल्यूक रोंकी भारत दौरे पर हेड कोच के रूप में काम करेंगे।

**भारत के खिलाफ न्यूजीलैंड का स्क्वाड**

टॉम लैथम (कप्तान), फिन एलेन, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, एडम मिल्ने, डेरिल मिचेल, हेनरी निकोल्स, ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सैंटनर, हेनरी शिपली, ईश सोढ़ी, टिम साउदी.

